मनुष्य के द्वारा किये जाने वाले व्यवहार का आधार मोह तथा द्वेष है। इन्हीं दो परिबलों के आधार पर मनुष्य का समग्र व्यवहार चलता है। प्रत्येक व्यक्ति जब किसी पदार्थ या प्राणी के साथ व्यवहार में उतरता है, तब या तो मोह के कारण उतरता है, या फिर द्वेष के कारण। इस बात को इस प्रकार से भी कहा जा सकता है कि यदि व्यक्ति को किसी पदार्थ या प्राणी के साथ व्यवहार में उतरना हो, तो उसे उस पदार्थ या प्राणी से या तो मोह करना होगा या फिर द्वेष करना होगा। बिना मोह या द्वेष के किसी पदार्थ या प्राणी के साथ व्यवहार में उतरना सम्भव नहीं है। यह एक आम बात है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने द्वारा किये जाने वाले व्यवहार में इसका स्वानुभव होता ही रहता है।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि मनुष्य के द्वारा किये जाने वाले प्रत्येक व्यवहार के पीछे किसी न किसी रूप में दो तत्त्व रहते हैं – १. मोह (या राग) तथा २. द्वेष.

मोहवशात् या द्वेशवशात् मनुष्य जब किसी पदार्थ या प्राणी के साथ व्यवहार में उतरता है, तब उसे एक समान अनुभूति नहीं होता है, अपितु भिन्न भिन्न अनुभूति होती हैं। इस कारण से इन अनुभूतियों को कोई एक नाम नहीं दिया जा सकता है। अब यह प्रश्न उठता है कि इन अनुभूतियों के कितने प्रकार सम्भवित हैं, तथा उन सम्भवित प्रकारों के आधार पर उन्हें क्या क्या नाम दिये जा सकते हैं?

हमारे विचार से इन अनुभूतियों के पाँच प्रकार है और इन पाँच प्रकारों के लिये संस्कृत साहित्य में सुख, दुःख, शान्ति, अशान्ति तथा आनन्द के नाम से वाणी में व्यवहृत किया जाता है।

इस पृष्ठभूमि पर रह कर के विचार ने पर निकर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि –

क. जगत् में जड तथा चेतन दो प्रकार से पदार्थ हैं।

ख. इन के साथ मनुष्य अभिगम द्विविध है – १. मोहात्मक अभिगम तथा (मोह से विपरीत) २. द्वेषात्मक अभिगम.

ग. मनुष्य को जिससे मोह होता है, उस के साथ ही वह ज्यादा से ज्यादा व्यवहार करना पसंद करता है। उसे ही वह चाहने लगता है। इस चाहने के बाद जब वह इन के साथ व्यवहार प्रारम्भ करता है, तब मनुष्य को कुल मिला कर चार प्रकार की अनुभूति होनी सम्भव बनती है। तद्यथा -

१. व्यक्ति को जिससे मोह है, उस के साथ व्यवहार करते हुए अपने मन में जिस का अनुभव करता है, उसे सुख कहा जाता है। इतना ही नहीं, जिस पदार्थ से उसे मोह है, उस पदार्थ के प्रति बनने वाली अनुकूल परिस्थिति देखता है, तो भी मनुष्य को सुख का अनुभव करता है।

२. मनुष्यजीवन में इस उपर्युक्त परिस्थिति से विपरीत परिस्थिति भी देखने को मिलती है। इस विपरीत परिस्थिति में मोह का स्थान द्वेष लेता है। व्यक्ति को जिससे द्वेष है, उस के साथ व्यवहार करते हुए अपने मन में जिस का अनुभव करता है, वह अनुभव उपर्युक्त अनुभव से भिन्न होता है। इस भिन्न (दूसरी) स्थिति को दुःख के नाम से कहा जाता है। इतना ही नहीं, जिस पदार्थ से मनुष्य को द्वेष है, उस पदार्थ के प्रति जब वह अनुकूल परिस्थिति देखता है, तो भी उस के मन में दुःख का ही अनुभव करता है।

इन उपर्युक्त दो अनुभवों के साथ साथ दूसरे दो अनुभवों की भी परिस्थिति बनती है। तद्यथा –

३. व्यक्ति को जिससे मोह है, उस के साथ जब व्यवहार करने का अवसर नहीं प्राप्त होता है, तब वह उस पदार्थ के साथ व्यवहार न करते हुए, अपने मन में जिस का अनुभव करता है, उसे दुःख कहा जाता है। इतना ही नहीं, जिस पदार्थ से उसे मोह है, उस पदार्थ के प्रति बनने वाली प्रतिकूल परिस्थिति से मनुष्य जो अनुभूति करता है, उसे भी दुःख ही कहा जाता है।

४. मनुष्य-जीवन में इस उपर्युक्त परिस्थिति से विपरीत एक दूसरी परिस्थिति भी देखने को मिलती है। इस विपरीत परिस्थिति में मोह का स्थान द्वेष लेता है। पर, व्यक्ति को जिससे द्वेष है, उस के साथ व्यवहार करने का अवसर न मिलने पर व्यक्ति के मन में जो अनुभूति होता है, वह भी सुख कहलाती है। इतना ही नहीं, जिस पदार्थ से मनुष्य को द्वेष है, उस पदार्थ के प्रति जब वह प्रतिकूल परिस्थिति देखता है, और वह जो अनुभव करता है, वह भी (दुःख नहीं, परन्तु इससे विपरीत) सुख ही होता है।

इन चारों परिस्थितियों में मनुष्य को होने वाले अपने अनुभवों के प्रकार का एकत्रीकृत चित्राङ्कन निम्नलिखित कोष्ठकानुरूप बनता है –

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| १. | पदार्थ या प्राणी के प्रतिव्यवहार | मोह | अनुकूल परिस्थिति | अनुभव > | सुख |
| २. | पदार्थ या प्राणी के प्रतिव्यवहार | द्वेष (शोक) | अनुकूल परिस्थिति | अनुभव > | दुःख |
| ३. | पदार्थ या प्राणी के प्रतिव्यवहार | मोह | प्रतिकूल परिस्थिति | अनुभव > | दुःख |
| ४. | पदार्थ या प्राणी के प्रतिव्यवहार | द्वेष (शोक) | प्रतिकूल परिस्थिति | अनुभव > | सुख |

सार यह है कि मनुष्य को मोह अर्थात् राग तथा द्वेष को मूल में रखकर किये जाने वाले व्यवहार के फलस्वरूप सुखादि उपर्युक्त चार बातें की अनुभूति होती है।

इस प्रकार से मनुष्य के द्वारा प्राणियों के साथ या पदार्थों के साथ किये जाने वाले व्यवहार के फलस्वरूप सुखादि की जो सार्वत्रिक वास्तविक अनुभूति होती है, उससे आगे की एक ओर अनुभूति को प्राप्त करने के मार्ग को प्रशस्त करते हुए उपर्युक्त वेद मन्त्र में कहा गया है कि यदि मनुष्य सभी प्राणियों के प्रति (साथ ही सभी पदार्थों के प्रति भी) एकत्व का अनुभव करने लगता है, तो वह मोह (के कारण उत्पन्न होने वाला राग) तथा (द्वेष के कारण से उत्पन्न हुए) शोक की अनुभूतिरूप सुख-दुःखात्मक परिस्थिति से पार उतर जाता है। और इस स्थिति में वह जब किसी प्राणी अथवा पदार्थ के साथ

व्यवहार करता है, तब उसे जो अनुभूति होती है, वह सुख तथा दुःख से पर होती है। यही अनुभूति आनन्द के नाम से जानी जाती है॥

आनन्द की सिद्धि की प्रक्रिया – वेद के उपर्युक्त मन्त्र में कहा गया है कि मनुष्य को सभी भूतों के प्रति एकत्व की भावना रखनी है। यदि मनुष्य इस एकत्व की भावना को सर्वकाल में तथा सर्व प्रदेश में सिद्ध कर लेता है, तो उसके फलस्वरूप मनुष्य को कोई मोह तथा शोक रहता नहीं है। जब कोई मोह तथा शोक ही नहीं होता है, तो मोह तथा शोक के कारण से प्राप्त होने वाली सुखादि अनुभूति भी नहीं होती है। पर, अनुभूति तो अवश्य रहती है। यह अनुभूति ही आनन्द है। (यह सुख-दुःख से परे है तथा मात्र मनुष्य जन्म में ही सम्भावित बनती है।)

आनन्द का स्वरूप-विमर्श - उपर्युक्त वेदमन्त्र के ऊपर अनेक आचार्यों ने भाष्य तथा टीकायें रची हैं। उनमें इस बात को किस प्रकार से प्रस्तुत किया गया है ? उसका भी हम प्रस्तुत प्रसङ्ग में एकैकशः समीक्षण करेंगे।

यजुर्वेद के प्राचीन भाष्यकार उव्वट ने इस मन्त्र के भाष्य में कहा है कि - **एवं पश्यतो योगिनो हि सर्वाणि भूतानि परब्रह्मरूपाण्यात्म-संस्थितानि भवन्ति, विज्ञानघनानन्दैकत्वादिति अतो विचारो निवर्तते॥**[१] अर्थात् इस प्रकार से (अपने आत्मा में ही सभी भूतों को) देखने वाले योगी की दृष्टि में सभी प्राणी परब्रह्म के रूप में संस्थित होते है। क्योंकि परब्रह्मरूप विज्ञानघनानन्द से उनका एकत्व हो जाता है। अतः (अन्य मोहादि जन्य सुख-दुःखात्मक) विचार निवृत्त हो जाते हैं।

आशय यह है कि जब व्यक्ति भूतों को अपने से भिन्न रूप में देखता है, तब उसकी मोह तथा द्वेष से उत्पन्न होने वाले व्यवहारों में प्रवृत्ति होती है। इस प्रवृत्ति के कारण व्यक्ति को सुखादि की अनुभूति होती है। परन्तु जब वह अपने आत्मा में सभी भूतों के अस्तित्व को देखने लगता है, तो उसके लिये परिस्थिति बदल जाती है। इस बदली हुई परिस्थिति में अब जब वह प्राणी या पदार्थ के साथ व्यवहार करता है, और तब उसे जो अनुभूति होती है, वह सुखादि से भिन्न होती है, और वही आनन्द की अनुभूति है। इस आनन्दानुभूति का कारण यह है कि अब व्यक्ति स्वयं तथा वह जिससे व्यवहार कर रहा है, वे प्राणी या पदार्थ जिनके साथ वह व्यवहार कर रहा है, (स्व स्व रूप को मिटा कर) आनन्दघन ब्रह्म के स्वरूप में बदल जाते हैं। अतः अब सर्वत्र आनन्द ही आनन्द अनुभव होता रहता है।

इसी परम्परा में ईशोपनिषद् के अपने भाष्य में श्रीमदानन्दगिरि कहते हैं कि – **निरतिशयानन्द-स्वरूपमत एव दुःखास्पृष्टम् आत्मानमजानतः शोको भवति, हा हतोऽहं न मे पुत्रोऽस्ति न मे क्षेत्रमिति।**

---

१ ईशावास्योपनिषद् भाष्यम् , उव्वटाचार्यकृतम् , (माध्यन्दिनशाखा) , संपा. प्रो. यज्ञेश्वर शास्त्री, प्रका. श्रीयोगी पब्लीकेशन, अहमदाबाद, संस्करण - १, जून २०१३ (भाग - १, पृ. ३०)

**ततः पुत्रादीन् कामयते, तदर्थं देवताराधनादि चिकीर्षति, न तु आत्मैकत्वं पश्यतः। ततः अन्वय-व्यतिरेकाभ्यां शोकादेः अविद्याकार्यत्वावधारणात् मूलाविद्यानिवृत्त्यैव शोकादेः आत्यन्तिकी निवृत्तिः विद्याफलत्वेन विवक्षिता लयमात्रस्य सुषुप्तेऽपि भावादित्याह – शोकश्च मोहश्च इत्यादिना।**[१]

अर्थात् व्यक्ति में रहा हुआ आत्मतत्त्व निरतिशय आनन्दस्वरूप है, अपने इस स्वरूप को जानने वाला व्यक्ति (जो भी व्यवहार करता है, उस व्यवहार से उसे आनन्द की अनुभूति होती रहती है और इस प्रकार से वह) दुःखादि के स्पर्श से दूर ही होता है। परन्तु जब वह आत्मतत्त्व की जानकारी को भुला देता है, तब उसे शोक की अनुभूति होती है। जैसे कि वह विचारता है कि हाय मैं मर गया, मेरा कोई पुत्र नहीं है, मेरा कोई खेत नहीं हैं – इत्यादि। इसके बाद वह पुत्रादि की कामना से देवता के आराधन आदि कर्म करने की इच्छा करता है, पर आत्मैकत्व को देखता नहीं है। पर, जब वह अन्वय-व्यतिरेकादि से यह जान लेता है कि शोकादि का मूल अविद्या है, और विद्या के विना शोकादि की निवृत्ति नहीं हो सकती है, तब वह विद्यारूप आत्मैकत्व को देखने का उपक्रम करता है। इस उपक्रम से उसके शोक-मोह तथा उनसे होने वाली सुख-दुःख की अनुभूति टल जाती है, तथा आनन्द की अनुभूति का मार्ग प्रशस्त हो जाता है।

श्रीशङ्करानन्दकृत दीपिका टीका में कहा गया है कि – जिस ईश्वरस्वरूप आनन्दात्मा में सभी भूत वर्तमान है। जब कोई व्यक्ति अपने कल्पित या अकल्पित रूप का परित्याग करके आत्मरूप बन जाता है, तब वह आनन्दरूप हो जाता है।[२] ऐसी स्थिति में उसे अब शोक-मोह के परिणामस्वरूप अनुभव में आने वाले सुख-दुःखादि से निवृत्ति मिल जाती है।

अनन्ताचार्य ने उपर्युक्त मन्त्र का भाव बताते हुए कहा है कि – **तत्रावस्थाविशेष एकत्वामात्मैकत्वमनुपश्यतः तस्य को मोहः कः शोकश्चाविद्याकार्ययोः शोकमोहयोः सर्वथा असम्भवात्सकारणकस्य संसारस्य अत्यन्तमुच्छेद इति भावः॥**[३] अर्थात् उस अवस्था विशेष में एकत्व को अर्थात् आत्मैकत्व को देखते हुए व्यक्ति को कोई मोह तथा शोक नहीं रहता है, और इस प्रकार से अविद्या के कार्य रूप शोक तथा मोह सर्वथा असम्भव बन जाते हैं। इस कारण से सकारण संसार का अत्यन्त उच्छेद हो जाता है। वास्तव में संसार द्वन्द्वात्मक है। इस में शोक तथा मोह है, और इस का कारण से उत्पन्न होने वाले सुख-दुःख है। पर जब संसार का ही उच्छेद हो जाता है, तब यह द्वन्द्वात्मक

---

१ ईशावास्योपनिषद् भाष्यटीका, श्रीमदानन्दगिरिविरचिता, (काण्वशाखा), संपा. प्रो. यज्ञेश्वर शास्त्री, प्रका. श्रीयोगी पब्लीकेशन, अहमदाबाद, संस्करण - १, जून २०१३ (भाग - १, पृ. २४)

२ यस्मिन् ईश्वरस्वरूपे आनन्दात्मनि सर्वाणि भूतानि। स्पष्टम्। आत्मैवाभूत्स्वं स्वं रूपं परित्यज्य कल्पितम् अकल्पितम् आनन्दात्मस्वरूपमेव अभूत्॥ - ईशावास्यदीपिका , श्रीशंकरानन्दकृता, (काण्वशाखा), सम्पा. प्रो. यज्ञेश्वर शास्त्री, प्रका. श्रीयोगी पब्लीकेशन, अहमदाबाद, संस्करण – १, जून २०१३ (भाग - १, पृ. ३९)

३ तत्रैव , पृ. ११३

परिस्थिति रहती नहीं है। ऐसी अवस्था में अब जो परिस्थिति बनती है, वह आनन्द की होती है, ऐसा अभिप्राय है।

इस भावार्थ में भी हम देख सकते हैं कि संसार का तब तक उच्छेद नहीं होता है जब तक मोह तथा शोक रहते हैं। यही मोह तथा शोक संसार के कारण है। संसार अर्थात् सुख-दुःखात्मक स्थिति। इस तरह से विचार ने पर यही फलित होता है कि सुख-दुःख से पर होने पर आनन्द की स्थिति बनती है।

कुछ दार्शनिकों ने जीवन्मुक्ति की परिकल्पना की है। उन के मतानुसार अविद्या की अवस्था में ही शोक तथा मोह होते हैं। परन्तु जब अद्वैत ब्रह्मविद्या को प्राप्त कर लिया जाता है, तब वह अविद्या समूल नष्ट हो जाती है। क्योंकि उस अविद्या के कारण ही शोक तथा मोह होते थे, (और उन के ही कारण सुखादि की अनुभूति होती थी,) अब उनके न रहने से सभी सुखदुःखादि क्लेश निवृत्त हो जाते हैं। व्यक्ति कृतकृत्य हो जाता है। उपनिषत् में इसे ही जीवन्मुक्ति कहा गया है। (द्रष्टव्य - **अविद्यावस्थायामेव शोकमोहौ भवतः अद्वैतब्रह्मविद्यायामधिगतायां सा समूलं निवर्तते तन्मूलकावेव शोकमोहौ अपवादं चिन्तयितुः सम्यक् ज्ञानाधिगमे सर्वक्लेशनिवृत्तिः कृतकृत्यता च, औपनिषदमते जीवन्मुक्तिः सैव।**[१])

कुछ व्याख्याता यहाँ मन्त्र में प्रयुक्त शोक तथा मोह शब्द से अज्ञान की दो शक्तियों का उल्लेख है, ऐसा कहते हैं। ये दो शक्ति आवरण तथा विक्षेप के रूप में प्रसिद्ध हैं। वस्तु के (वास्तविक) स्वरूप को छिपा देने वाली शक्ति को आवरण तथा वस्तु के (वास्तविक) स्वरूप से विपरीत स्वरूप को प्रकाशित करने वाली शक्ति को विक्षेप शक्ति कहा जाता है। इन आवरण तथा विक्षेप शक्ति के अभाव से तत्त्वज्ञ व्यक्ति समग्र जगत् को देखता नहीं है। इसका आशय यह है कि समस्त जगत् को देखता हुआ भी उसे मिथ्या जानता है, और इस प्रकार से वह नहीं देखता है। (द्र. - **केचिद् व्याख्यातारोत्र शोकमोहशब्दाभ्याम् अज्ञानस्य शक्तिद्वयमुल्लिखितमिति व्याचक्षते। आवरणं विक्षेपश्चेत्यज्ञानस्य द्वयी शक्तिः। वस्तुस्वरूपमावृण्वती शक्तिरावणशक्तिस्तस्यैव च विपरीतत्वेन भासनं नाम विक्षेपशक्तिः। .... आवरणविक्षेपयोरभावात्तत्वज्ञः कृत्स्नं जगन्न पश्यति, पश्यन्नपि मिथ्येति चिन्तयति, तस्मान्न पश्यति॥**)[२]

यह एकत्व कैसा है ? अब यह विचारणीय है कि मन्त्र में जिस एकत्व के दर्शन को सिद्ध करने की बात कही गई है, वह एकत्व किस प्रकार का है ? क्या यह गुड तथा चीनी में रहने वाले माधुर्य की तरह ऐक्य है ? या फिर सुवर्ण तथा उससे बने हुए किसी अलङ्कार में मूलभूत धातु की तरह का ऐक्य है ? या फिर वाल्मीकिरामायण में वर्णित राम तथा सुग्रीव के जैसा ऐक्य है ?[३] इस प्रकार व्यवहारिक जगत् में

---

[१] ईशावास्योपनिषत्प्रकाशभाष्यम् – पृ. २९२

[२] सीतानाथदेवशर्मा (गोस्वामी) विरचितम् ईशोपनिषद् विवरणम् – (पृ. २४७)

[३] देखें – रामसुग्रीवयोरैक्यम्। वा.रा. सुं. ३५ – ५२

दृष्टिगोचर होने वाले विविध ऐक्यों में से किस प्रकार का ऐक्य यहाँ अभिप्रेत है ? इसकी स्पष्टता भी अपेक्षित रहती है।

उपर्युक्त मन्त्र के भाष्यकारों ने इस बात पर अपने अपने ढँग से प्रकाश डाला है। श्रीवेदान्तदेशिक विरचित श्रीवेदान्ताचार्यभाष्य में कहा गया है कि - **आत्मैव सर्वाणि भूतानि अभूत् – परमात्मैव सर्वविशिष्टः प्रतीत इत्यर्थः।** अर्थात् आत्मा ही सभी भूतों के रूप में हो जाता है। आशय यह है कि परमात्मा ही सर्वविशिष्ट प्रतीत होता है। जैसे कि कोई कहे कि मैं देव हूँ, इसी तरह से[१] लोक तथा वेद की मर्यादा से शरीर में आत्मा भाव के द्वारा जगत् तथा ब्रह्म का समानाधिकरण्य हो जाता है।

ईशावास्योपनिषद् के संस्कारभाष्य में श्रीभगवदाचार्य ने कहा है कि एकत्व को देखने का प्रारम्भ करते ही मोह तथा शोक का उसी समय अन्त हो जाता है। इस परम्परा में सर्प तथा व्याघ्रादि को भी व्यक्ति अपने आत्मत्व के रूप में ही मानने लगता है। इस स्थिति में भय किससे होगा ? आत्मा से आत्मा डरता नहीं है। क्योंकि भय तो दूसरे से होता है। जब व्यक्ति सर्वत्र एकत्व देखने लगता है, तब उसके लिये कोई पराया रह ही नहीं जाता है। सर्वत्र आत्मबुद्धि ही विलसित होती है। इस कारण भय का अभाव हो जाता है।[२] इस भयाभाव की स्थिति में व्यक्ति जब किसी प्राणी या पदार्थ के साथ व्यवहार करता है, तब उस व्यवहार के फलस्वरूप जो अनुभूति होती है, वही आनन्द है।

पर, इस एकत्व का एक व्यवहारिक-स्वरूप भी है। यह स्वरूप निर्विवाद है तथा बुद्धि के व्यायाम से तथा शुष्क तर्काधारित विमर्श से परे है। इसे इस प्रकार से समझा जा सकता है।

मान लीजिये कि कोई मनुष्य बुभुक्षा से ग्रस्त है। जैसे जैसे समय बीत रहा है, बुभुक्षा तीव्र होती जा रही है। इस बुभुक्षा से मुक्ति पाने के लिये मनुष्य का प्रयत्न प्रारम्भ हो जाता है। इस प्रयत्न में कदाचित् पुरुषार्थ के फलस्वरूप या कदाचित् प्रारब्ध के फलस्वरूप भोजनार्थ अमुक पदार्थ की प्राप्ति हो जाती है। जो पदार्थ प्राप्त हुआ है, वह उस अकेले मनुष्य की बुभुक्षा को कुछ अंश में तृप्त करने का सामर्थ्य रखता है। अर्थात् एक व्यक्ति के लिये भी पर्याप्त नहीं है। ऐसी स्थिति में वह मनुष्य उस भोज्य

---

१ देवोऽहम् इत्यादिवत् लोकवेदमर्यादया शरीरात्मभावेन जगद् ब्रह्मसमानाधिकरण्ये सम्भवति बाधोपचार-स्वरूपैक्यादिपक्षाः बहिष्कार्याः। (- बाधोपचारेत्यादि एतत्पक्षत्रयविवरणं वात्स्यायनमुनिभाष्ये ईशावास्यप्रकाशिकायां स्पष्टं भवति। आदिपदेन तु पुरोहितोयं राजा संवृत्तः, इति साम्यपक्षो ग्राह्यः-पादटीपे-पृ. ३५४) प्रयुज्यते हि सम्बन्धविशेषविवक्षया राम..। इत्यादिषु एकशब्दः। - पृ. ३३८, ईशावास्योपनिषद् भाष्यम् , श्रीवेदान्तदेशिकविरचितम् (श्रीवेदान्ताचार्यभाष्यम् ) - पृ. २९२)

२ मोहशोकयोः तस्य तदानीमेवान्तो भवतीति भावः। सर्पव्याघ्रादयोप्यात्मत्वेनैव मतास्तर्हि भयं कस्माद्भवेत्। न हि आत्मनो बिभेत्यात्मा। परस्माद्वै भयं भवति। परत्वं कुत्रापि न विद्यते। सर्वत्रैवात्मबुद्धिरेव विलसति। अतो भयाभावः। अत एव न मोहो न वा शोकस्तत्र प्रसरं लभते॥ पृ. ४६६ (ईशावास्योपनिषद् संस्कारभाष्यम् , श्रीभगवदाचार्यविरचितम् )

पदार्थ के साथ खाने रूप व्यवहार का प्रारम्भ करता है। जैसे-जैसे मनुष्य का इस भोज्य पदार्थ के साथ व्यवहार आगे बढता है, वैसे-वैसे उसका फल भी प्राप्त होने लगता है। यह फल एक प्रकार की अनुभूति है। इस अनुभूति को जब वह मनुष्य वाचिकरूप से अभिव्यक्त करना चाहता है, तब सुख शब्द का प्रयोग करता है। अर्थात् उस भोज्य पदार्थ से किये जाने वाले व्यवहार के फलस्वरूप इस मनुष्य को जो अनुभूति हो रही है, वह सुख है। (यह स्मर्तव्य हो कि इस स्थिति में वहाँ पर उस मनुष्य के एक ही आत्मा की स्थिति है। यद्यपि जड पदार्थ के रूप में वहाँ बहुत से पदार्थ विद्यमान हैं, पर अन्य किसी भूत (प्राणी) की उपस्थिति का अभाव है।)

इस सुखानुभूति की स्थिति में व्यवहर्ता मनुष्य का आत्मा एकाकी है। परन्तु उसी समय कहीं से कोई प्राणी (पशु, पक्षी, मनुष्य कोई भी) उपस्थित हो जाता है। वह भी इस मनुष्य की तरह ही बुभुक्षा से पीडित है। इस प्रकार से अब यहाँ दो आत्माओं की सत्ता हो जाती है। ऐसी स्थिति में वहाँ दो प्रकार की अवस्था सम्भावित है। एक को हम आत्मैकत्व कह सकते हैं, दूसरे को आत्मभिन्नत्व। पदार्थ के साथ व्यवहार करने वाला आत्मा यदि अपने समक्ष उपस्थित आत्मा में अपनी आत्मा को तथा उसके आत्मा में अपनी आत्मा को देखने रूप विशेष ज्ञान नहीं रखता है, तो वहाँ आत्मभिन्नत्व की स्थिति बनी रहती है। ऐसी स्थिति में भोक्ता भोज्य पदार्थ के साथ किये जाने वाले भोजनरूप व्यवहार से जो अनुभूति करता रहता है, वह सुखात्मक अनुभूति कही जा सकती है। परन्तु जब उस भोज्य पदार्थ के साथ व्यवहार करने वाला आत्मा यदि अपने समक्ष उपस्थित आत्मा में अपनी आत्मा को तथा उसके आत्मा में अपनी आत्मा को देखने रूप विशेष ज्ञान प्राप्त कर लेता है, तो वहाँ आत्मैकत्व की स्थिति बनती है। ऐसी स्थिति में भोक्ता भोज्य पदार्थ के साथ एकाकीरूप से भोजनरूप व्यवहार नहीं करता है, परन्तु समक्ष उपस्थित उस आत्मा को भी वह भोजनरूप व्यवहार से संलग्न कर देता है। यही संलग्नता आत्मैकत्व बन जाता है। इस आत्मैकत्व की स्थिति में जिसने उपर्युक्त विशेष ज्ञान प्राप्त किया है, और तदनुरूप कार्य कर रहा है, उसे जो अनुभूति हो रही होती है, वह (सुखात्मक नहीं अपितु) आनन्दात्मक अनुभूति है।

समग्र वैदिकसाहित्य में मनुष्य के लिये जिस विशेष ज्ञान को प्रस्तुत किया गया है, वह यही विज्ञान है। इसी विज्ञान की सिद्धि के लिये वेद में विधि-निषेधरूप अनेकानेक कर्तव्यों का, प्रार्थनाओं का, उक्तियों का सङ्ग्रह है। यह वैदिक विज्ञान है तथा उस विज्ञानानुसार यही आनन्द की मीमांसा है ॥ इति शम् ॥

**प्रो. कमलेशकुमार छ. चोकसी**

संस्कृतविभागः, भाषासाहित्यभवनम्,

गुजरात विश्वविद्यालयः, अहमदावाद – 380009 (गुजरात)

(मो. 09825478876) Email – kamleshc24@yahoo.co.in

अङ्क-२९
जनवरी-जून २०१७

**वेदविद्या**
ISSN-2230-8962

# वेदोत्तरकालीन नीतिव्यवस्था (श्रीमद्भागवत के परिप्रेक्ष्य में)

**डॉ. वागीश शर्मा 'दिनकर'**

संस्कृतवाङ्मय में श्रीमद्भागवतमहापुराण का अपना विशिष्ट महत्त्व है। भक्तिप्रधानग्रन्थ होने पर भी इस महापुराण में पदे-पदे मानव को दिशानिर्देश करने वाले नीतितत्त्व इतनी सङ्ख्या में विद्यमान हैं जिनकी गणना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। प्रगाढ भक्तिप्रवण प्राणियों के विषय में तो कहना ही क्या है ? इसका श्रवण करने की इच्छा करते ही भाग्यशाली पुण्यात्माओं के हृदय में भगवान् स्वयम् आकर विराज जाते हैं।

**सद्यो हृद्यवरुध्यतेऽत्र कृतिभिः शुश्रूषुभिस्तत्क्षणात्॥ १/१/२ ॥**

समस्त ग्रन्थ का मन्थन करने पर हम इन नीतिवचनों को पाँच भागों में वर्गीकृत कर सकते हैं। (क) आस्तिक्यभावप्रधान (ख) भक्तिभावप्रधान (ग) सामान्यधर्मप्रधान (घ) विशेषधर्मप्रधान (ङ) विश्वधर्मप्रधान नीतितत्त्व।

**(क) आस्तिक्यभाव प्रधान -**

नीतिवचन प्रारम्भ से लेकर अन्त तक यहाँ प्रभूत मात्रा में विद्यमान हैं। शौनकादि ऋषियों से सूतजी कह रहे हैं कि -

**भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।**
**क्षीयन्ते चास्य कर्माणि दृष्ट एवात्मनीश्वरे॥ १/२/२१ ॥**

अर्थात् अन्तःकरण में ईश्वर के दर्शन होते ही हृदय की ग्रन्थि खुल जाती है, सब संशय समाप्त हो जाते हैं तथा सभी कर्मों का क्षय हो जाने से मुक्ति का मार्ग खुल जाता है। शुकदेवजी राजा परीक्षित से कहते हैं राजन् !

**स एवेदं जगद्धाता भगवान् धर्मरूपधृक्।**
**पुष्णाति स्थापयन् विश्वं तिर्यङ्नरसुरात्मभिः॥ २/१०/४२ ॥**

अर्थात् भगवान् धर्म का रूप धारण कर कीटपतङ्ग-मनुष्य-देवादि योनियों में अवतीर्ण होकर विश्व की स्थापना करते हुए इसका पोषण करते हैं। श्रीभगवान् कपिल माता देवहूति से कह रहे हैं कि -

**मनसैतानि भूतानि प्रणमेद् बहुमानयन्।**

**ईश्वरो जीवकलया प्रविष्टो भगवानिति ॥ ३/२/३४ ॥**

अर्थात् मनुष्य को यह विचारकर हृदय से सब प्राणियों को नमन करना चाहिए कि भगवान् ही जीवरूप में सब प्राणियों में प्रवेश किये बैठे हैं। वृत्रासुर विजय से भी अधिक मृत्यु को प्रशस्त मानकर देवराज इन्द्र से कह रहा है कि -

**सत्त्वं रजस्तम इति प्रकृतेर्नात्मनो गुणाः।**

**तत्र साक्षिणमात्मानं यो वेद न स बध्यते॥ ६/१२/१५॥**

अर्थात् हे इन्द्र ! सत्त्व, रज और तम ये गुण प्रकृति के हैं, आत्मा के नहीं। आत्मा तो इन गुणों का साक्षी है। इस त्रयी को जानने वाला जीव गुणों से नहीं बँधता। भगवान् विष्णु आकाशवाणी के माध्यम से हिरण्यकशिपु के भय से मुक्त करते हुए कहते हैं कि -

**यदा देवेषु वेदेषु गोषु विप्रेषु साधुषु।**

**धर्मे मयि च विद्वेषः स वा आशु विनश्यति॥ ७/४/२६॥**

अर्थात् जो व्यक्ति देवताओं, वेदों, गउओं, ब्राह्मणों, साधुओं, धर्मकार्यों तथा मुझसे द्वेष करने लगता है उसका शीघ्र ही विनाश हो जाता है, चिन्ता न करो। भगवान् श्रीकृष्ण उद्धवजी को समझा रहे हैं कि -

**शब्दब्रह्मणि निष्णातो न निष्णायात् परे यदि।**

**श्रमः श्रमफलस्तस्य ह्यधेनुमिव रक्षतः॥ ११/११/१८॥**

अर्थात् शास्त्रों में पारङ्गत होकर भी जो मनुष्य परब्रह्म का ज्ञान नहीं रखता उसका श्रम दूध न देने वाली, गऊ की दूध के लिए सेवा करने वाले व्यक्ति के समान श्रमरूप फल वाला ही होता है। सूतजी ऋषियों से कह रहे हैं कि -

**नैष्कर्म्यमप्यच्युतभाववर्जितं न शोभते ज्ञानमलं निरञ्जनम्।**

**कुतः पुनः शश्वदभद्रमीश्वरे न ह्यर्पितं कर्म यदप्यनुत्तमम्॥ १२/१२/५२॥**

अर्थात् भगवान् के आस्तिक्यभाव से रहित निष्कर्मता की भी शोभा नहीं होती; फिर भगवान् को अर्पित न किये गये अपावन कर्म का तो कहना ही क्या ?

**(ख) भक्तिभावप्रधान -**

नीतिवचनों का श्रीमद्भागवत में प्रकर्ष बाहुल्य है। भक्ति के प्रथम आचार्य श्रीनारदजी ने यही **'नैष्कर्ममप्यच्युतभाववर्जितम्'** श्लोक प्रथमस्कन्ध के पञ्चम अध्याय में महामुनि वेदव्यास से कहा है। वहाँ भी भगवद्भक्ति के बिना सम्पूर्ण धर्मार्थकाममोक्षवर्णन को सारहीन बताकर भगवान् की महिमा

के वर्णन का ही उपदेश किया गया है। शुकदेवजी महाराज राजा परीक्षित से अपने प्रवचन की भूमिका रखते हुए कहते हैं कि -

**अकामः सर्वकामो वा मोक्षकाम उदारधीः।**

**तीव्रेण भक्तियोगेन यजेत पुरुषं परम्॥ २/३/१०॥**

अर्थात् हे राजन् ! किसी भी प्रकार की कामना, यहाँ तक की मोक्ष की भी कामना करने वाले व्यक्ति को तीव्र भक्ति योग द्वारा परम पुरुष की उपासना करनी चाहिए। भगवान् की उपासना में भी निःश्रेयस की प्राप्ति होती है। नीतिमान् विदुरजी की जिज्ञासा का शमन करते हुए भगवद्‌भक्त मैत्रेय जी कहते हैं -

**सेयं भगवतो माया यन्न येन विरुध्यते।**

**ईश्वरस्य विमुक्तस्य कार्पण्यमुत बन्धनम्॥ ३/७/८॥**

अर्थात् हे विदुर ! ईश्वर की यह माया है जिसके कारण भगवदवतारों के चरित्र में कभी कृपणता और कभी बन्धन दिखाई देता है। जल में हिलते हुए चन्द्रमा का प्रतिबिम्ब जल के कारण हिलता दिखाई देता है, चन्द्रमा नहीं हिल रहा। इसी प्रकार कार्पण्य-बन्धन माया के गुण हैं, ईश्वर तो निर्विकार ही है।

श्रीशुकदेवजी राजा परीक्षित को समझा रहे हैं कि -

**परावरेषां भूतानामात्मा यः पुरुषः परः।**

**स एवासीदिदं विश्वं कल्पान्तेऽन्यन्न किञ्चन॥ ९/१/८॥**

अर्थात् हे राजन् ! सब भूतों से परे यह जो परम-पुरुष है, यही सारा विश्व कल्प के अन्त में था, पुरुष के अतिरिक्त अन्य कुछ नहीं था।

भगवान् कृष्ण स्वयं श्रीमुख से कह रहे हैं कि -

**यदा भजति मां भक्त्या निरपेक्षः स्वकर्मभिः।**

**तं सत्त्वप्रकृतिं विद्यात् पुरुषं स्त्रियमेव वा॥ ११/२५/१०॥**

जब कोई निरपेक्षभाव से भक्तिपूर्वक मेरा भजन करता है, वह पुरुष हो या स्त्री; उसे सत्त्वगुण सम्पन्न जानना चाहिए।

श्रीमद्भागवत के अन्तिम स्कन्ध में कृष्णभक्ति का निरन्तर चिन्तन करते हुए कहा गया है कि -

**अविस्मृतिः कृष्णपदारविन्दयोः क्षिणोत्यभद्राणि शमं तनोति च।**

**सत्त्वस्य शुद्धिं परमात्मभक्तिं ज्ञानं च विज्ञानविरागयुक्तम्॥ १२/१२/५४॥**

अर्थात् भगवान् कृष्ण के चरण-कमलों का स्मरण अमङ्गल का नाश, मङ्गल का विधान, अन्तःकरण की शुद्धि, परमेश्वर के प्रति भक्ति तथा विज्ञान-वैराग्य के साथ ज्ञान प्रदान करता है।

अन्तिम श्लोक में भगवान् के नामसङ्कीर्तन को सब पापों का प्रणाशक तथा प्रणाम को सब दुःखों का शमन करने वाला बताया गया है -

**नामसङ्कीर्तनं यस्य सर्वपापप्रणाशनम्।**
**प्रणामो दुःखशमनस्तं नमामि हरिं परम्॥ १२/१३/२३॥**

**(ग) सामान्यधर्मप्रधान -**

नीतिवचनों में उन नैतिक वाक्यों का सङ्ग्रह है जो किसी जाति-वर्ण-वर्ग-सम्प्रदाय से सम्बद्ध होकर नहीं अपितु जनसामान्य का मार्गदर्शन करने वाले हैं। उदाहरणार्थ सूतजी ऋषियों को बता रहे हैं कि -

**धर्मस्य ह्यापवर्ग्यस्य नार्थोऽर्थायोपकल्पते।**
**नार्थस्य धर्मैकान्तस्य कामो लाभाय हि स्मृतः॥**
**कामस्य नेन्द्रियप्रीतिर्लाभो जीवेत यावता।**
**जीवस्य तत्त्वजिज्ञासा नार्थो यश्चेह कर्मभिः॥ १/२/९ -१०॥**

अर्थात् (अ) धर्मपालन का उद्देश्य मोक्षप्राप्ति है, अर्थप्राप्ति नहीं।
(आ) अर्थोपार्जन का लक्ष्य धर्मसाधन है, कामपूर्ति नहीं।
(इ) कामपूर्ति का लक्ष्य जीवन-यापन है, इन्द्रियतृप्ति नहीं।
(ई) जीवन का लक्ष्य तत्त्वज्ञान है, स्वार्थपूर्ति नहीं।

उक्त नियम सबके लिए समान हैं। देवर्षि नारद कह रहे हैं कि -

**अर्थे ह्यविद्यमानेऽपि संसृतिर्न निवर्तते।**
**ध्यायतो विषयानस्य स्वप्नेऽनर्थागमो यथा॥४/२८/७३॥**

अर्थात् विषयों का चिन्तन करने वाले के पास धन न होने पर सांसारिक राग समाप्त नहीं होता। जैसे स्वप्न में अप्रिय प्रसङ्ग देखने को मिलते हैं, ऐसे ही काल्पनिक संसार धन न होने पर भी बना रहता है। भगवान् ऋषभदेव कह रहे हैं कि -

**लोकः स्वयं श्रेयसि नष्टदृष्टिर्योऽर्थान्समीहेत निकामकामः।**
**अन्योऽन्यवैरः सुखलेशहेतोरनन्तदुःखं न च वेद मूढः॥५/५/१६॥**

अर्थात् जनता कैसी मूढ है ? जो स्वार्थसाधन में रत रहकर साधारण से सुख के लिए आपस में वैर-विरोध करती है और भविष्य में मिलने वाले अनन्त दुःख को नहीं देखती। देव-दैत्यों के जनक महामुनि कश्यप कह रहे हैं कि -

**न हिंस्याद् भूतजातानि न शपेन्नानृतं वदेत्।**
**न छिन्द्यान्नखरोमाणि न स्पृशेद् यदमङ्गलम् ॥ ६/१८/४८ ॥**

अर्थात् प्राणियों की हिंसा न करे, किसीको शाप न दे, असत्य न बोले। नाखून और बाल न उखाडे, अपवित्र वस्त्र का स्पर्श न करे, इत्यादि। जीवन के सुचारु सञ्चालन के लिए कहीं-कहीं असत्य भी बोलना पड जाता है। श्रीशुकदेवजी कहते हैं राजन् ! स्त्रीवर्ग के साथ व्यवहार में, विवाहकार्य में, जीविका हेतु, प्राणों पर सङ्कट के समय, गौ और ब्राह्मण के प्राणों की रक्षा के प्रसङ्ग में असत्य बोलना घृणास्पद नहीं है।

**स्त्रीषु नर्मविवाहे च वृत्त्यर्थे प्राणसङ्कटे।**
**गोब्राह्मणार्थे हिंसायां नानृतं स्याज्जुगुप्सितम्॥८/१८/४३॥**

भगवती गङ्गा की पावनता का प्रतिपादन करते हुए राजर्षि भगीरथ कह रहे हैं कि -

**भस्मीभूताङ्गसङ्गेन स्वर्याताः सगरात्मजाः।**
**किं पुनः श्रद्धया देवीं ये सेवन्ते धृतव्रताः॥९/९/१३॥**

अर्थात् जब सगर के पुत्र ऋषिशापवश भस्मीभूत अङ्ग का स्पर्शमात्र पाने से स्वर्ग को चले गये तो श्रद्धापूर्वक गङ्गामाता की उपासना करने वालों का क्या कहना ? वे तो सुनिश्चित ही स्वर्ग प्राप्त कर लेंगे। मिथिलाधिपति महाराज जनक का कहना है कि मनुष्य की निधि धन दौलत नहीं, सत्सङ्ग है।

**संसारेऽस्मिन् क्षणार्धोऽपि सत्सङ्गः शेवधिर्नृणाम्॥ ११/२/३०॥**

जीवन के अनुभवों को लेकर समाज को दिशानिर्देश करने वाला ब्राह्मण मनुष्यमात्र के लिए उपदेश करता हुआ कहता है कि मनुष्यों को प्रिय लगने वाला अधिक सङ्ग्रह भी दुःखदायी होता है। जो अकिञ्चन है वह अनन्त सुख प्राप्त करता है। सङ्ग्रही दुःख भोगता है।

देशकालधर्मज्ञ महामुनि शुकदेवजी परीक्षित से कह रहे हैं कि - राजन् ! कलियुग बहुत-सी बुराइयों के रहते हुए भी बहुत गुण वाला भी है। मनुष्य को जो सिद्धि सत्ययुग में भगवान् का निरन्तर ध्यान करने से, त्रेतायुग में यज्ञयागादि अनुष्ठान करने से तथा द्वापर में सेवा-शुश्रूषा करने से प्राप्त होती थी, वह सिद्धि कलियुग में भगवान् का नामस्मरण मात्र करने से प्राप्त हो जायेगी। इस युग के इस महान् गुण का स्मरण रखो।

**कृते यद् ध्यायतो विष्णुं त्रेतायां यजतो मखैः।**
**द्वापरे परिचर्यायां कलौ तद्धरिकीर्तनात्॥ १२.३.५२॥**

मनुष्य को ही नहीं स्वयं परीक्षित को मृत्यु के भय से मुक्त करते हुए शुकदेवजी कहते हैं - हे राजन् ! मनुष्य स्वप्न में अपना शिरश्छेद तथा मृत्यु स्वयं देख लेता है। उन घटनाओं का साक्षी

आत्मा न बूढ़ा होता, न मरता। अतः मृत्यु तो शरीर की होती है, आत्मा की नहीं; इसलिए निराश होने की आवश्यकता नहीं। इस प्रकार सामान्य जीव के लिए श्रीमद्भागवत में नीतिवचनों का प्रचुरमात्रा में प्रयोग हुआ है।

**(घ) विशेषधर्मप्रधान -**

विशेषधर्मविषयक नीति के अन्तर्गत श्रीमद्भागवत में स्त्री-जाति को छोड़कर मनुष्यमात्र के लिए, वर्णव्यवस्था के आधार पर ब्राह्मण के लिए, राजा के लिए, स्वाभिमानसम्पन्न व्यक्ति के लिए, पिता के लिए, पुत्र के लिए, पतिव्रता के लिए, स्वामी के लिए, सेवक के लिए, यति के लिए तथा विभिन्न सम्बन्धों से सम्बद्ध प्राणी के लिए विविध नीतिवचनों के दर्शन होते हैं। कुछ वचन यहाँ उद्धृत किये जा रहे हैं। सारे समाज को स्त्री और पुरुष दो भागों में वर्गीकृत कर ग्रन्थ-प्रणेता ने पुरुष से कहा है कि -

**नन्वग्निः प्रमदा नाम घृतकुम्भसमः पुमान्।**
**सुतामपि रहो जह्याद् अन्यदा यावदर्थकृत् ॥७/१२/९ ॥**

अर्थात् युवती स्त्री अग्नि के समान और पुरुष घृतकुम्भ के समान है। अतः पुत्री यदि एकान्त में बैठी हो तो उसके समीप भी न जावे। देवर्षि नारद का यह कथन उनके अनुभव पर आधारित है। ऐसा ही प्रसङ्ग उर्वशी-पुरूरवा संवाद में है। उर्वशी कहती है -

**स्त्रियो ह्यकरुणाः क्रूरा दुर्मर्षाः प्रियसाहसाः।**
**घ्नन्त्यल्पार्थेऽपि विस्रब्धं पतिं भ्रातरमप्युत॥९/१४/३७॥**

अर्थात् स्त्रियाँ बहुत निर्दय, असहनशील तथा साहसिक होती हैं। ये थोड़े से स्वार्थ के लिए पति तथा भाई को भी मार या मरवा देती हैं। इन पर विश्वास नहीं करना चाहिए। उर्वशी का यह कथन वाराङ्गना वेश्या के लिए सटीक बैठता है; पतिव्रता के लिए नहीं।

वर्णव्यवस्था की प्रतिष्ठा को स्वीकार करने वाले भागवतकार की दृष्टि में ब्राह्मण सारे समाज का मार्गदर्शक है। उसके लिए अप्रवृत्ति कदापि ग्राह्य नहीं। देवर्षि नारद कहते हैं कि -

**सर्ववेदमयो विप्रः सर्वदेवमयो नृपः॥७.११.२०॥**

इतना ही नहीं -

**शमो दमस्तपः शौचं क्षान्तिरार्जवमेव च।**
**ज्ञानं दयाच्युतात्मत्वं सत्यं च ब्रह्मलक्षणम्॥७/११/२१॥**

कहकर सभी सात्त्विक भावों का समावेश ब्राह्मण के जीवन में यहाँ किया गया है -

**ब्राह्मणस्य च देहोऽयं क्षुद्रकामाय नेष्यते।**

**कृच्छ्राय तपसे चेह प्रेत्यानन्तसुखाय च॥ ११/१७/४२॥**

श्लोक में स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण उद्धव जी को ब्राह्मण की तपोनिष्ठा तथा अक्षुद्र वृत्ति का परिचय दे रहे हैं। इतना ही क्यों भगवान् कहते हैं कि -

**नाहं तथाद्मि यजमानहविर्विताने श्च्योतद्घृतप्लुतमदन् हुतभुङ्मुखेन।**

**यद् ब्राह्मणस्य मुखतश्चरतोऽनुघासं तुष्टस्य मय्यवहितैर्निजकर्मपाकैः॥ ३/१६/८ ॥**

अर्थात् हे ब्रह्मन् ! मैं यजमान द्वारा दी गई घृतमिश्रित आहुति को इतने चाव के साथ ग्रहण नहीं करता हूँ जितना उस ब्राह्मण के मुख में दिये गये ग्रास को जो अपना प्रत्येक कर्मफल मुझे अर्पित करके प्रसन्न होता रहता है। यही कारण है कि ब्राह्मणों को प्रणाम करने में भगवान् को भी प्रसन्नता होती है और ब्राह्मण की वृत्ति का उच्छेद करने वाले को विष्ठा का कीडा बनने का भी वे स्पष्ट निर्देश करते हैं।

**यः स्वदत्तां परैर्दत्तां हरेत सुरविप्रयोः।**

**वृत्तिं स जायते विड्भुग् वर्षाणामयुतायुतम्॥ ११/२७/५४॥**

ब्राह्मण के पश्चात् प्रजा की सुख समृद्धि की सुरक्षा का दायित्व क्षत्रिय अथवा राजन्य का है। वही राष्ट्र का रक्षक होता है। तभी तो राजा परीक्षित् धर्मराज से कह रहे हैं कि -

**यस्य राष्ट्रे प्रजाः सर्वास्त्रस्यन्ते साध्व्यसाधुभिः।**

**तस्य मत्तस्य नश्यन्ति कीर्तिरायुर्भगो गतिः॥ १/१७/१०॥**

अर्थात् जिस राजा के राज्य में साधु, प्रजा, असाधुजनों से पीडित होती है उस प्रमादी की कीर्ति, ऐश्वर्य, आयु तथा सद्गति नष्ट हो जाती है। स्वाभिमान को जीवन का अलङ्कार समझने वाले कवियों को जहाँ नाराज, रुष्ट करना नहीं चाहिए; वहीं कवियों को धनलोलुपवृत्ति से सर्वथा दूर रहना चाहिए।

**चीराणि किं पथि न सन्ति दिशन्ति भिक्षां नैवाङ्घ्रिपाः परभृतः सरितोऽप्यशुष्यन्।**

**रुद्धा गुहाः किमजितोऽवति नोपसन्नान् कस्माद् भजन्ति कवयो धनदुर्मदान्धान्॥ २.२.५॥**

श्रीशुकदेव जी कह रहे हैं कि क्या सामान्यवस्त्र मिलने बन्द हो गये हैं ? वृक्षों ने फल देना बन्द कर दिया है ? क्या नदियाँ सूख गई हैं ? क्या गुफाओं के द्वार रुद्ध हो गये हैं ? क्या भगवान् ने शरणागत की रक्षा करना बन्द कर दिया है ? क्या कारण है कि कवि लोग स्वाभिमान को छोड़कर धन से मदोन्मत्त पुरुषों के चाटुकार बन रहे हैं ? समाज को स्वाभिमानी बनाये रखना साहित्य का दायित्व है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता।

पिता की सेवा-शुश्रूषा तथा आज्ञापालन जैसे श्रेष्ठ कर्म का निर्देश भी श्रीमद्भागवत में यत्र-तत्र हुआ है। पुत्र की उत्तम, मध्यम, अधम तथा निकृष्ट कोटि का वर्गीकरण करते हुए महाराज पुरु कह रहे हैं कि उत्तम पुत्र पिता के चिन्तितमात्र विषय की पूर्ति करता है। पिता के आदेश का पालन करने वाला मध्यमकोटि का पुत्र है। श्रद्धा का त्यागकर पालन करने वाला अधम तथा पालन न करने वाला पिता का मलमूत्र मात्र है।

मार्यादापुरुषोत्तम भगवान् राम का आज भी सश्रद्धा स्मरण इसीलिए होता है कि वे -

**गुर्वर्थे त्यक्तराज्यो व्यचरदनुवनम् ......॥९/१०/४॥**

पिता की आज्ञामानकर बन में नंगे पैरों घूमते फिरे थे। गृहस्थाश्रम की आधारशिला गृहलक्ष्मी पत्नी होती है। उसके चरित्र की पवित्रता का सनातनधर्म में विशेषरूप से ध्यान रखा गया है। देवर्षि नारद विरक्त होकर भी नारी के पातिव्रत धर्म का निर्देश करते हुए कहते हैं कि -

**स्त्रीणां च पतिदेवानां तच्छुश्रूषानुकूलता।**
**तद्बन्धुष्वनुवृत्तिश्च नित्यं तद्व्रतधारणम्॥७/११/२५॥**

अर्थात् पति की सेवा करके उसे अनुकूल बनाये रखना, पति के बन्धु-बान्धवों की सेवा करना तथा निरन्तर पतिव्रत धारण करना नारी का कर्त्तव्य-धर्म है। नारदजी कहते हैं कि जो नारी लक्ष्मी की भाँति पति को परमेश्वर मानकर उसकी सेवा करती है, वह विष्णुलोक में लक्ष्मी की ही भाँति सदा प्रसन्न रहती है।

**या पतिं हरिभावेन भजेच्छ्रीरिव तत्परा।**
**हर्यात्मना हरेर्लोके पत्या श्रीरिव मोदते॥७/११/२९॥**

समाज में स्वामी सेवकभाव की प्रतिष्ठा अनादिकाल से चली आ रही है। इस भाव के आदर्श नीतिवचन भी श्रीमद्भागवत में यत्र-तत्र विद्यमान हैं। भगवान् नृसिंह और भक्त प्रह्लाद में भगवद्भक्तभाव तो है ही; स्वामि-सेवकभाव भी निरवच्छिन्न है। भगवान् के यह कहने पर कि प्रह्लाद मैं मनुष्यों की कामनाओं को पूर्ण करने वाला हूँ। मैं तुमसे बहुत प्रसन्न हूँ, मुझसे वर माँगो। प्रह्लाद कहता है, प्रभो -

**आशासानो न वै भृत्यः स्वामिन्याशिष आत्मनः।**
**न स्वामी भृत्यतः स्वाम्यमिच्छन् यो राति चाशिषः॥७/१०/५॥**

अर्थात् वह नौकर नौकर नहीं जो स्वामी से आशीर्वाद की कामना करे। साथ ही वह स्वामी स्वामी नहीं जो सेवक से सेवा कराने पर ही आशीर्वाद प्रदान करे। दैत्याधिराज का बालक प्रह्लाद कह रहा है कि -

**विमुञ्चति यदा कामान् मानवो मनसि स्थितान्।**
**तर्ह्येव पुण्डरीकाक्ष भगवत्त्वाय कल्पते॥७/१०/९॥**

अर्थात् मनुष्य जब मन में रह रही सभी कामनाओं का त्याग कर देता है; तभी उसे भगवत्ता की पात्रता प्राप्त होती है, अन्यथा नहीं।

संसार के सभी सुख-दुःख, लाभालाभों तथा जय-पराजयादि द्वन्द्वों से सर्वथा दूर रहने वाले संन्यासी के लिए भी श्रीमद्भागवत में प्रभावी नीति वाक्य विद्यमान हैं, जिनकी आज के भोगप्रधान समय में बहुत उपयोगिता है। यतिधर्म हेतु यहाँ कहा गया है कि -

**शोकमोहभयक्रोधरागक्लैव्यश्रमादयः।**
**यन्मूलाः स्युर्नृणां जह्यात् स्पृहां प्राणार्थयोर्बुधः॥७/१३/३३॥**

अर्थात् जिन प्राणों तथा धन की इच्छा से शोक-मोहादि भाव मनुष्य को प्रभावी करते हैं; उन प्राणों तथा सम्पत्ति की भी इच्छा समझदार को त्याग देनी चाहिए। इस प्रकार से सामान्य से लेकर सम्बन्धविशिष्ट भावों के सम्बन्ध में यहाँ नीतिवचनों का यथास्थान प्रयोग हुआ है।

**(ङ) विश्वधर्मप्रधान नीतितत्त्व -**

विश्वात्मा परमेश्वर की उपासना का सन्देश - निर्देश देने वाले ग्रन्थ में विश्वधर्मविषयक मङ्गलमय नीतिवचनों का होना नितान्त आवश्यक है।

**सर्वं पुरुष एवेदं भूतं भव्यं भवच्च यत्।**
**तेनेदमावृतं विश्वं वितस्तिमधितिष्ठति॥२/६/१५॥**

इस श्लोक में सम्पूर्ण विश्व को उसी परम पुरुष से आवृत बताया है। यही कारण है कि दैत्यराज प्रह्लाद भी यही कामना करता है कि -

**स्वस्त्यस्तु विश्वस्य खलः प्रसीदतां ध्यायन्तु भूतानि शिवं मिथो धिया।**
**मनश्च भद्रं भजतादधोक्षज आवेश्यतां नो मतिरप्यहैतुकी॥५/१८/९॥**

अर्थात् विश्व का कल्याण हो, दूषित मनोवृत्ति वाले भी प्रसन्न रहें, प्राणी परस्पर मङ्गलभावों का चिन्तन करें, मन परमेश्वर की उपासना करता रहे और हमारी बुद्धि परमेश्वर के चिन्तन में लगी रहे। महामुनि शुकदेव भी जिनकी कथा कहने में गौरव का अनुभव करते हों वे राजर्षि रन्तिदेव भी विश्व भर में निवास करने वाले प्राणियों की पीड़ा को ही हर लेना चाहते हैं जिससे उन्हें कभी दुःख की अनुभूति न हो -

**न कामयेऽहं गतिमीश्वरात्परामष्टर्धियुक्तामपुनर्भवं वा।**
**आर्तिं प्रपद्येऽखिलदेहभाजामन्तःस्थितो येन भवन्त्यदुःखाः॥९/२१/१२॥**

विश्वकल्याण की कामना करने वाले भागवतकार को पुण्यभूमि और मोक्षमार्ग-भूमि भारत की विशिष्टता का निरन्तर ध्यान बना रहता है। भागवतकार कहते हैं कि -

**अहो भुवः सप्तसमुद्रवत्या द्वीपेषु वर्षेष्वधिपुण्यमेतत्।**
**गायन्ति यत्रत्यजना मुरारेः कर्माणि भद्राण्यवतारवन्ति॥५/६/१३॥**

अर्थात् इस सप्तद्वीपा धरित्री के सभी द्वीपों के सभी वर्णों में यह भारतवर्ष बहुत पुण्यशाली है, जहाँ के रहने वाले लोग भगवान् के अवतारीय चरित्रकर्मों का गान करते रहते हैं। इतना ही नहीं देवता लोग तो आश्चर्य के साथ कह रहे हैं कि इन प्राणियों ने कोई बहुत शुभ कर्म किये हैं अथवा स्वयं भगवान् इनसे प्रसन्न हैं जो इन्हें भारतवर्ष में जन्म लेने का सौभाग्य मिल गया; जहाँ रहकर इन्हें भगवान् की सेवा का अवसर मिल रहा है। हमारी भी उत्कट अभिलाषा है कि हमें भी भारतवर्ष में जन्म लेने का सौभाग्य प्राप्त हो। अन्य स्थान पर कल्प भर की आयु प्राप्त करने की अपेक्षा भारतवर्ष में क्षण भर की आयु प्राप्त होना कहीं श्रेयस्कर है; जहाँ रहने पर मनस्वी पुरुषों को क्षणभर में ही शरीर त्यागकर परमेश्वर का अभयधाम मिल जाता है।

**कल्पायुषां स्थानजयात्पुनर्भवात् क्षणायुषां भारतभूजयो वरम्।**
**क्षणेन मर्त्येन कृतं मनस्विनः संन्यस्य संयान्त्यभयं पदं हरेः॥५/१९/२३॥**

इस प्रकार परमाणु से लेकर परम महान् तथा काल की सूक्ष्म कला से लेकर महाकाल तक की कल्याणक्षेम-कामना को करने वाले किन्तु तथापि भारतीय-संस्कृति का यशोगान करके कृतार्थता का अनुभव करने वाले बादरायण द्वैपायन महामुनि वेदव्यास ने श्रीमद्भागवतमहापुराण में जीवन के हर क्षेत्र में नीतिवचनों का प्रयोग करके इस समाज का महान् उपकार किया है।

**डॉ. वागीश शर्मा 'दिनकर'**
'सुप्रवाल' सर्वोदयनगर,
पिलखुवा 245304; हापुड, (उ.प्र.)

अङ्क-२९
जनवरी-जून २०१७

**वेदविद्या**
ISSN-2230-8962

# वैदिकव्यवस्था में शिक्षा

**डॉ. पूनम घई**

वेद हमारे धर्म एवं संस्कृति के प्राण हैं। इन्हें ज्ञान का अक्षय एवम् आदिम स्रोत कहा गया है। सर्वाङ्गपूर्ण विकास के परिप्रेक्ष्य में शिक्षा का स्वरूप धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष था। वैदिक-शिक्षा का लक्ष्य मनुष्य को व्यवहार कुशलता के साथ-साथ अपनी धार्मिक सीमाओं का अभ्यस्त बनाना भी था। चरम लक्ष्य मोक्ष प्राप्ति था 'सा विद्या या विमुक्तये' । स्पष्ट है कि वेद का उपदेश है कि शिक्षा का कार्यक्रम ऐसा होना चाहिए जिससे संसार और मोक्ष दोनों का ही शिक्षण हो। जिस प्रकार से पक्षी दोनों पंखों से आकाशगमन में समर्थ होता है, उसी प्रकार से मनुष्यों के लिए विद्या और अविद्यारूपी शिक्षा के दोनों अङ्गों की आवश्यकता है। इसलिए हमारे जीवन की शिक्षा के पाठ्यक्रम में दोनों का समावेश होना चाहिए। दोनों की ही साधना करनी चाहिए। अतः वेद ने स्पष्ट कहा है -

**अन्धन्तमः प्रविशन्ति येऽविद्यामुपासते ।**
**ततो भूय इव ते तमो य उ विद्यायां रताः ॥**[1]

वैदिकशिक्षा का प्रथम पाठ था कि इस समस्त संसार के अन्दर, उसकी छोटी से छोटी गति एवं स्थिति के अन्दर और इस विशाल संसार के भी बाहर, सब ओर परमात्मा है, इस शिक्षा को जानों और इस कारण, इस संसार का त्यागभाव से भोग करो -

**ईशा वास्यमिदं सर्वं यत्किं च जगत्यां जगत् ।**
**तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम् ॥**[2]

भारतीयसभ्यता में शिक्षा का बहुत अधिक महत्त्व है, क्योंकि उच्चशिक्षा ही हमारे सामाजिक जीवन के मूल्यों का निर्धारण करती है। ज्ञान को भारतीय-परम्परा में सबसे ऊँचा स्थान दिया गया है। उसे परम पवित्र माना गया है।

---

[1] यजुर्वेद ४०/१२
[2] यजुर्वेद ४०/१

हमारे देश में प्राचीन समय में वैदिककाल में विद्यार्थी को गुरु के पास जाकर ब्रह्मचर्य के पालन के साथ शिष्य बनकर रहना पड़ता था । जैसा कि -

**आचार्यो ब्रह्मचर्येण ब्रह्मचारिणमिच्छते ।**[१]

ब्रह्मचर्य के द्वारा आचार्य ब्रह्मचारी की प्राप्ति की कामना करता है । तथा -

**आचार्यऽ उपनयमानो ब्रह्मचारिणं कृणुते गर्भमन्तः ।**[२]

आचार्य उपनयन-संस्कार करके ब्रह्मचारी को अपनी रक्षा में लेता है। यह कार्य गुरुकुल, ऋषिकुल, विद्यापीठ आदि के रूप में, शिक्षण-स्थलों के रूप में चलता था। इनमें ब्रह्मचारी को लोक की शिक्षा तथा ब्रह्म की शिक्षा दोनों दी जाती थीं -

**आचार्यस्ततक्ष नभसी उभे इमे उर्वी गम्भीरे पृथिवीं दिवं च ।**
**ते रक्षति तपसा ब्रह्मचारी तस्मिन् देवाः संमनसो भवन्ति ॥**[३]

अर्थात् आचार्य ब्रह्मचारी को पृथ्वी की और द्युलोक की विद्याएँ भी पढ़ाता है । वह ब्रह्मचारी उन विद्याओं से पृथ्वी और द्युलोक की रक्षा करता है । इस पृथ्वी और द्युलोक में रहने वाले देव, विद्वान् आदि तथा सृष्टि के तत्त्व उस ब्रह्मचारी के साथ एकमन हो जाते हैं । अर्थात् आचार्य की शरण में विद्याध्ययन के लिए आने वाले ब्रह्मचारी को समस्त विद्याओं का अभ्यास कराया जाता था जिससे वह पृथ्वी एवं द्युलोक की रक्षा करने में समर्थ होता था, जिसका प्रमुख कारण सृष्टि के तत्त्वों पर उसका अधिकार विद्या एवं विज्ञान के आश्रय से होता था -

**आचार्यो मृत्युर्वरुणः सोम ओषधयः पयः ।**
**जीमूता आसन्त्सत्वानस्तैरिदं स्व१राभृतम् ॥**[४]

अर्थात् उस ब्रह्मचारी के आचार्य, मृत्यु, वरुण, सोम, ओषधियाँ, मेघ आदि सब सहयोगी होते हैं और वह मोक्ष-सुख का अधिकारी बनता है। इस प्रकार ब्रह्मचारी को आचार्य शिक्षा से दीक्षित करता है। आचार्यरूपी विद्या के तप्यमान एवं तेजस्वी समुद्र में विद्यारूपी जल के ऊपर ब्रह्मचारी तप का अनुष्ठान करते हुए आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक शक्तियों का निर्माण करता है। इस प्रकार तप के जल से निर्मल होकर ब्रह्मज्ञान एवं तेज को धारण करता हुआ, निरभिमानी होकर पृथ्वी पर बहुत प्रकार से सबका आदरणीय होता है एवं शोभित होता है -

---

१ अथर्ववेद ११/५/१७
२ अथर्ववेद ११/५/३
३ अथर्ववेद ११/५/८
४ अथर्ववेद ११/५/१४

**तानि कल्पद् ब्रह्मचारी सलिलस्य पृष्ठे तपोऽतिष्ठत् तप्यमानः समुद्रे ।**
**स स्नातो बभ्रुः पिङ्गलः पृथिव्यां बहु रोचते ॥**[1]

इस शिक्षा के क्रम में गुरु से साक्षात् समस्त विद्याओं एवम् अविद्याओं के अध्ययन का क्रम चलता था। इस शिक्षा- क्रम में आचार्य भी ब्रह्मचारी बनकर जीवन व्यतीत करता था अर्थात् सांसारिक वासनाओं पर विजय प्राप्त करके अपनी शक्ति एवं समय का विद्या-दान में उपभोग करता था। इसी प्रकार विद्यार्थी भी ब्रह्मचारी नाम को ग्रहण कर पूर्ण तपस्वी, सांसारिक वृत्तियों का दमन कर ब्रह्मतेज को धारण करते हुए सृष्टि के छोटे से छोटे पदार्थ से लेकर ब्रह्मपर्यन्त सब लौकिक विद्या और ब्रह्मविद्या के अध्ययन में अपनी शक्ति एवं समय का उपयोग करता था। दोनों का प्रीतिपूर्वक व्यवहार माता और पुत्र के व्यवहार के जैसा होता था -

**तं रात्रीस्तिस्र उदरे बिभर्ति**[2]

अर्थात् उस ब्रह्मचारी को तीन रात्रि आचार्य अपने उदर में धारण करता है। सर्वात्मना वह ब्रह्मचारी आचार्य के अधीन ही रहता है। विद्यार्थियों को वैदिक-ग्रन्थ तथा शास्त्रीय-ग्रन्थ पढ़ाये जाते थे। पठन-पाठन की पद्धति मौखिक थी। आचार्य द्वारा पढ़ाए गए शब्दों को शिष्य दोहराते थे।

**यदेषामन्यो अन्यस्य वाचं शाक्तस्येव वदति शिक्षमाणः ।**
**सर्वं तदेषां समृधेव पर्व यत्सुवाचो वदथनाध्यप्सु ॥**[3]

उच्चारण के तरीकों पर बहुत सूक्ष्म ध्यान दिया जाता था।

**इमं रथमधि ये सप्त तस्थुः सप्तचक्रं सप्त वहन्त्यश्वाः ।**
**सप्त स्वसारो अभि सं नवन्ते यत्र गवां निहिता सप्त नाम ॥**
**को ददर्श प्रथमं जायमानमस्थन्वन्तं यदनस्था बिभर्ति ।**
**भूम्या असुरसृगात्मा क्व स्वित्को विद्वांसमुप गात्प्रष्टुमेतत् ॥**
**पाकः पृच्छामि मनसाविजानन्देवानामेना निहिता पदानि ।**
**वत्से बष्कयेऽधि सप्त तन्तून्वि तत्निरे कवय ओतवा उ ॥**[4]

[1] अथर्ववेद ११/५/२६
[2] अथर्ववेद ११/५/३
[3] ऋग्वेद ७/१०३/५
[4] ऋग्वेद १/१६४/३-५

अर्थात् ऋषि का कथन है कि आत्मानुभूति से ही रहस्य जाने जा सकते हैं। वेदकाल में अध्ययन में तप का स्थान सर्वोपरि था ।[1] तप से ही आत्मदर्शन होता था ।[2] अथवा मुनि या विप्र या मनीषी बनना सम्भव था । ध्यान के द्वारा ज्ञान पूर्ण होता था जिसके फलस्वरूप शिष्य आचार्य बन जाता था जैसे संवत्सर तक चुपचाप पड़े हुए मण्डूक पर्जन्य आने पर बोलने लगते हैं -

**संवत्सरं शशयाना ब्राह्मणा व्रतचारिणः ।**
**वाचं पर्जन्यजिन्वितां प्रमण्डूका अवादिषुः ॥**[3]

ब्रह्मचारी अपने उस शिक्षण काल में औषधि, वृक्ष, वनस्पति, दिन-रात, ऋतु, वर्ष, बैल, घोड़ा, ग्रामीण तथा वन्य पशु एवं पक्षी सबमें ब्रह्मचारी की ही दिव्य भावना देखता है। उसको समस्त सृष्टि से ब्रह्मचर्य की प्रेरणा प्राप्त होती है।

वैदिकसाहित्य का जन्म और प्रचार-प्रसार चरणसञ्ज्ञक वैदिक-संस्थाओं में हुआ। इन संस्थाओं का विस्तृत उल्लेख कहीं नहीं प्राप्त होता। यत्र-तत्र उल्लेख उदाहरण तथा प्रसङ्गों से इन संस्थाओं का ज्ञान होता है। इन संस्थाओं के माध्यम से ही वैदिक-व्याख्या और वेदाध्ययन का कार्य समस्त देश में फैला हुआ था। वेदाध्ययन का प्रारम्भ मूल-रूप से कुल एवं गोत्र में हुआ। कालान्तर में गुरु के रक्त-सम्बन्ध के अतिरिक्त विद्या सम्बन्ध के आधार पर भी शिष्य-सङ्गत होने लगे । ऐसी संस्थाओं को चरण (विद्यालय) कहा गया जिसमें वेद की एक शाखा का अध्ययन-अध्यापन होता था । प्रत्येक चरण में मन्त्रपाठ, कर्मकाण्ड में मन्त्रों के विनियोग, अध्यापक एवं ब्रह्मचारी के आचार एवम् अनुशासन-सम्बन्धी नियम निजी होते थे ।

घर में चलने वाली इन शिक्षण-संस्थाओं के अतिरिक्त भी शिक्षा के प्रकार थे। तैत्तिरीय-उपनिषद् में एक प्रसङ्ग है जिसमें शिक्षा-समाप्ति के बाद गुरु से विदा लेते हुए शिष्य को गुरु आदेश देते हैं कि वह स्वाध्याय और प्रवचन में प्रमाद न करे। अर्थात् ऐसे शिक्षित आचार्य थे जो गृहस्थ होते हुए भी घूम-घूमकर शास्त्रीय विचार-विमर्श करते थे और ज्ञान का प्रचार-प्रसार करते थे। बृहदारण्यक-उपनिषद् में इन विद्वानों का नाम चरक बताया गया है ।[4] ज्ञान-प्रचार में इनकी महती

[1] ऋग्वेद १०/१३६/२, ४, ५
[2] ऋग्वेद १/१२९/२, ११
[3] ऋग्वेद ७/१०३/१
[4] बृहदारण्यक-उपनिषद् ३/३/१

भूमिका थी ।[१] उद्दालक आरुणि जो कुरु-पाञ्चाल देश के थे, उनको हम उत्तर के विद्वानों के साथ शास्त्रार्थ करते हुए पाते हैं जो बाद में उनके प्रमुख शौनक का शिष्यत्व स्वीकार करते हैं ।[२]

वेदों का अनुशीलन करने से हमें ज्ञात होता है कि वहाँ संस्कार-प्रणाली से जन्म से पूर्व शिक्षण विद्यमान था। इन संस्कारों के क्रम पर ध्यान देने से प्रतीत होता है कि जब-जब, जिस-जिस स्थिति में दूसरी स्थिति में सङ्क्रमण है, उस समय एवम् उस-उस स्थिति में संस्कार है। इन संस्कारों के अवसर पर अन्य इष्ट मित्र एवं कुटुम्बीजन भी एकत्र होते हैं और उन सबकी मनोभावना एवं वातावरण का प्रभाव पड़ता है। इन संस्करों की शिक्षा-पद्धति बालक की उत्पत्ति से भी पूर्व प्रारम्भ होती है और जीवन भर चलती है। क्या वर्तमान शिक्षा-शास्त्रियों के पास संस्कार-पद्धति की शिक्षा के समान कोई तेजस्वी शिक्षा की योजना है ? वेद ही इस दिशा में शिक्षा देते हैं। अतः वेद मानव-जाति के सदा पथ-प्रदर्शक हैं तथा रहेंगे।

शिक्षा का एक उद्देश्य धार्मिक-ग्रन्थों की रक्षा था। ब्रह्मचारी पक्षियों के बोलने से भी पूर्व वेदपाठ प्रारम्भ कर देते थे -

**पुरा वयोभ्यः पक्ष्यादीनां वाग्वदनारम्भात्प्रागित्यर्थः ।**[३]

पाठ की शुद्धता पर अधिक बल देने के कारण शिक्षाशास्त्र का उदय हुआ। ऐतरेय तथा शतपथ-आरण्यकों में उच्चारण के स्थानों का उल्लेख है । उपनिषदों में इसका और अधिक विकास हुआ ।[४]

उच्चारण के साथ ही वैदिक मन्त्रों के अर्थ का बोध आवश्यक माना जाता था -

**उत त्वं सख्ये स्थिरपीतमाहुर्नैनं हिन्वन्त्यपि वाजिनेषु ।**
**अधेन्वा चरति माययैष वाचं शुश्रुवाँ अफलामपुष्पाम् ॥**[५]

फलतः निरुक्त, व्याकरण जैसे वेदाङ्गों का उदय हुआ । वेदों पर आधारित व्याख्या-ग्रन्थों की आवश्यकता के कारण आयुर्वेद, धनुर्वेद, गान्धर्ववेद, स्थापत्यवेद इन शास्त्रों का उदय हुआ। छान्दोग्य उपनिषद् में उस काल के अध्ययन के अन्य विषयों का उल्लेख किया गया है जैसे- ऋक् , यजु, साम और अथर्वसंहिता के अतिरिक्त इतिहास और पुराण जिसे पञ्चम वेद कहा गया है,

---

१ शतपथब्राह्मण ४/२/४/१
२ शतपथब्राह्मण ११/४/१/२४
३ तैत्तिरीयसंहिता ६/४/३-१
४ तैत्तिरीयउपनिषद् १/१/२
५ ऋग्वेद १०/७१/५

व्याकरण पितृश्राद्ध तथा और्ध्वदैहिक क्रियाओं से सम्बन्धित, राशि (अङ्कविद्या) दैव या निमित्त-शास्त्र, खनिजविद्या, वाकोवाक्य (तर्कशास्त्र), एकायन (नीतिशास्त्र), देवविद्या, निरुक्त, ब्रह्मविद्या, भूतविद्या (प्राणिशास्त्र), क्षत्रविद्या (सैनिकशास्त्र), नक्षत्रविद्या (ज्योतिष), सर्पविद्या, देवजनविद्या (देवों से सम्बन्धित) नृत्य, गीत, वाद्य और अन्य शिल्पादि विज्ञान आदि।

वेद ने शिक्षा के लिए दर्शन एवं श्रवण शक्ति को बहुत अधिक महत्त्व दिया है। जो कुछ भी ज्ञान है वह सृष्टि के तत्त्वों के आश्रित है। उसका नेत्रों के साथ ज्ञानपूर्वक दर्शन करना चाहिए। मनन एवं चिन्तन करना चाहिए और शब्द के माध्यम से शब्द का पदार्थ में जो अर्थ घटित होता है उसका नेत्रों के साथ ज्ञानपूर्वक दर्शन करना चाहिए। दर्शन, श्रवण, प्रश्न, मनन आदि के साथ शिक्षा से ज्ञान की पूर्णता, परिपक्वता होती है।

शिष्य के लिए कठोर अनुशासन का पालन करना आवश्यक था। नियम से बँधा हुआ वह दीक्षित कहलाता था। गुरुकुल में निवास करने के कारण शिष्य को अन्तेवासी[१] या आचार्यकुलवासी[२] कहा जाता था। गुरुकुल में प्रवेश और उससे निर्गत होने का समय सबके लिए एक ही नहीं होता था।

उच्चशिक्षा की व्यवस्था के लिए कुछ संस्थाओं का उल्लेख प्राप्त होता है। पाञ्चालनरेश प्रवाहण जैवलि द्वारा संरक्षण प्राप्त पाञ्चाल-परिषद् थी। परिषद् की सभी बैठकों में नरेश उपस्थित रहते थे।

तत्कालीन राजाओं द्वारा विद्वत्-सभाओं का आयोजन होता था। इनके द्वारा भी ज्ञान का व्यापक प्रचार हुआ। विदेह राजा जनक ने एक विशाल विद्वत्सभा बुलाई थी जिसके विजेता को स्वर्ण-मण्डित सींगों वाली एक सहस्र गायों का पुरस्कार दिया जाना था । उस सभा में कुरु और पाञ्चाल देश के अनेक विद्वान् तथा उद्दालक, आरुणि, जनक के होता अश्वल, आर्तभाग, ज्येष्ठ, आरुणि के सहपाठी भुज्यु, उशस्त, कहोड, शाकल्य और वचक्नु की विदुषी दुहिता गार्गी इन आठों ने याज्ञवल्क्य के सामने कठिन प्रश्न रखे। याज्ञवल्क्य की श्रेष्ठता प्रमाणित हुई और वह पुरस्कार के भागी बने। बृहदारण्यक उपनिषद् में उसका उल्लेख आता है।

इस प्रकार वेद में शिक्षण के अनेक प्रकारों में एक प्रश्नोत्तर-शैली भी है। इस विषय में वेद ने हमें बताया है -

---

१ बृहदारण्यकउपनिषद् ६/३/१५

२ छान्दोग्योपनिषद् २/२३/१

**आ शिक्षायै प्रश्निनम्-उपशिक्षाया अभिप्रश्निनम् ।**[1]

प्रश्नोत्तरों से अज्ञात गूढ़ तत्त्वों का ज्ञान होता है। इसीलिए प्रश्न या संवाद-शैली से अगोचर, सर्वव्यापक, जगद्रचयिता का ज्ञान प्राप्त करने के लिए वेद ने कहा है -

**यो नः पिता जनिता यो विधाता धामानि वेद भुवनानि विश्वा ।**

**यो देवानां नामधा एक एव तं सम्प्रश्नं भुवना यन्त्यन्या ॥**[2]

अर्थात् जो हम सबका पिता है, समस्त विश्व का उत्पादक है, जो इस समस्त संसार का विविध प्रकार से धारण-पोषण कर रहा है और समस्त स्थानों का ज्ञाता है, जो सब विद्वानों में एकमात्र पूजनीय एवम् उपास्य है उसको अच्छे प्रकार से प्रश्नों के द्वारा समाधान प्राप्त होते हैं।

जब गूढ़ से गूढ़ परमात्म-तत्त्व का भी ज्ञान प्रश्नोत्तरों से प्राप्त हो सकता है, तब प्रश्नोत्तर-प्रकार शिक्षा का एक श्रेष्ठ प्रकार है; यह सिद्ध हो जाता है । प्रश्नों के रूप में वेद में अनेक स्थानों पर मन्त्र आये हैं और उनके द्वारा अद्भुत एवं रहस्यपूर्ण तथा गूढ़ प्रश्नों से जिज्ञासा का प्रकार या शिक्षा की शैली का दर्शन कराया है और हमारी ज्ञान-जिज्ञासा को बढ़ाने का सूत्र दिया है ।

उत्तरवैदिक-काल की शिक्षा की दो प्रमुख विशेषताएँ थीं - स्त्रियों तथा क्षत्रियों की सशक्त सहभागिता। गार्गी ने जनक की विद्वत्-सभा में अपने समय के ख्यातिलब्ध विद्वानों के साथ शास्त्रार्थ किया। याज्ञवल्क्य की पत्नी मैत्रेयी ने ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया। अपाला, घोषा, विश्ववारा, गोधा, लोपामुद्रा, शाश्वती, रोमशा, अगस्त की बहन, वसुक्रा की पत्नी आदि मन्त्रद्रष्टी ऋषिकाएँ बनीं। ज्ञान-विज्ञान के प्रसार में क्षत्रिय राजाओं ने भी अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी। इन ब्रह्मवेत्ता राजाओं ने ब्राह्मणों को भी उपदेश दिया। इनमें विदेहराज जनक का नाम सबसे पहले आता है। पाञ्चाल के राजा प्रवाहण जैवलि ने शिलक, दाल्भ्य, श्वेतकेतु और उसके पिता उद्दालक इन ब्राह्मणों को उपदेश दिया।[3] केकय देश के विद्वान् राजा अश्वपति[4], राजा प्रतर्दन[5] तथा राजा जानश्रुति[6] भी ख्यातिलब्ध ज्ञानी थे और इन सबने ब्राह्मण-शिष्यों को उपदेश दिया। ब्राह्मण-विद्वान् नारद ने सनत्कुमार से ज्ञान प्राप्त किया। उद्दालक आरुणि तथा इनके पुत्र श्वेतकेतु ने राजा

---

[1] यजुर्वेद ३०/१०
[2] यजुर्वेद १७/२७
[3] छान्दोग्योपनिषद् ८/७/३, ५
[4] छान्दोग्योपनिषद् ५/११
[5] कौषीतकि ब्राह्मणोपनिषद् २६/५
[6] छान्दोग्योपनिषद् ४/१ - ३

चित्र गाङ्ग्यायनि से उपदेश लिया।[१] जानश्रुति पौत्रायण तथा राजा बृहद्रथ भी ज्ञानी राजा के रूप में विख्यात थे।[२] काशिराज अजातशत्रु ने भी ब्राह्मण दार्शनिक दृप्त बलाकि गार्ग्य को शिष्य बनाया।[३]

वैदिककाल में आत्मज्ञान सर्वोच्च शिक्षा मानी जाती थी जिसे पराविद्या भी कहा गया है। मनुष्य संसार में रहकर सांसारिक पदार्थों के गुण-धर्म का अध्ययन करके सांसारिक कार्यों की उन्नति कर लेता है परन्तु विद्या की प्राप्ति एवम् उन्नति का मार्ग क्या है जिससे वह आत्मा एवं परमात्मा का भी साक्षात्कार कर सके ? संसार का दर्शन तो वह करता ही है परन्तु मानव-जीवन में उसे परमपद की प्राप्ति के लिए भी प्रयत्न करना चाहिए ।[४]

आत्मज्ञान जिसे पराविद्या कहा गया है, उसके समक्ष चारों वेद, छः वेदाङ्ग इनको अपराविद्या कहा गया है। इस प्रकार आत्मज्ञान को इनके ऊपर स्थान दिया गया है। इसे वैदिक ज्ञान का अन्तिम पद कहा गया है।[५] कठोपनिषद् में कहा गया है कि आत्मा वेद-ज्ञान, मेधा या बहुत ग्रन्थों के पढने से नहीं मिलती है। मुण्डकोपनिषद् में कहा गया है कि यज्ञीय कर्मकाण्ड को श्रेष्ठ मानने वाले लोग मूढ हैं।[६]

आत्मज्ञान की प्राप्ति के मार्ग का वर्णन भी उपनिषदों में आया है। शिक्षा का चरम आत्मज्ञान की प्राप्ति ही था । बृहदारण्यक-उपनिषद् में कहा गया है कि ब्राह्मण वेदाध्ययन से, यज्ञ से, दान से, तप से तथा उपवास से उसे जानने का प्रयत्न करता है।[७] कठोपनिषद् में उल्लेख है कि वेद, तप और ब्रह्मचर्य आत्मा को जानने के साधन हैं।[८] मुण्डकोपनिषद् में तप, श्रद्धा, सत्य, ब्रह्मचर्य और यज्ञ-विधि को उस एक ब्रह्म से उत्पन्न माना गया है।[९] मैत्रायणी-उपनिषद् में वर्णन है कि विद्या, चिन्ता और तप के फलस्वरूप ज्ञान का उदय होता है।[१०] तैत्तिरीय-उपनिषद् में स्पष्ट लिखा है कि ब्रह्म को

---

१ कौषीतकि उपनिषद् १/१
२ छान्दोग्योपनिषद् ४/२/३
३ बृहदारण्यक उपनिषद् २/१/१
४ यजुर्वेद ४०/४
५ मुण्डकोपनिषद् १/१/२, ३; ३/२/६
६ मुण्डकोपनिषद १/२/७
७ बृहदारण्यक उपनिषद् ४/४/२२
८ कठोपनिषद २/१५
९ मुण्डकोपनिषद २/७
१० मैत्रायणी उपनिषद् ४/३/४

तप से जानो । इस परमतत्त्व को जानना ही विद्या का अन्तिम ध्येय था किन्तु इसकी प्राप्ति सहज नहीं थी । उसके लिए भी सांसारिक भोगों का वास्तविक मानसिक त्याग आवश्यक था ।

इस प्रकार हम देखते हैं कि वैदिककाल में सर्वाङ्गपूर्ण विकास के परिप्रेक्ष्य में शिक्षा का स्वरूप धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष-प्राप्ति था। वैदिक-शिक्षा का लक्ष्य मनुष्य को व्यवहार-कुशलता के साथ-साथ अपनी धार्मिक सीमाओं का अभ्यस्त बनाना भी था । मोक्ष का सम्बन्ध आत्मा से है तथा धर्म का सम्बन्ध बुद्धि से है । तत्कालीन शिक्षा मनुष्य की सम्पूर्ण उन्नित का मार्ग प्रशस्त करती थी ।

**डॉ. पूनम घई**
एसोशिएट प्रोफेसर एवम् अध्यक्ष, संस्कृत-विभाग
आर. एस. एम. (पी. जी.) कॉलेज, धामपुर (बिजनौर)

अङ्क-२९ वेदविद्या
जनवरी-जून २०१७ ISSN-२२३०-८९६२

# शिक्षावेदाङ्ग और उसकी उपादेयता

डॉ.कृपाशङ्कर शर्मा

वेद हमारी भारतीयपरम्परा और सभ्यता के आदिस्रोत के रूप में प्रतिष्ठित हैं। ज्ञान-विज्ञान का आकर वेद को ही स्वीकार किया गया है। वेद अविनश्वर शाश्वत सत्य का मूर्तस्वरूप है। यह ब्रह्माण्ड के साक्षात्कार का प्रमाण है जिसे सनातनपरम्परा के ऋषियों ने अनुभूत किया । इसीलिए कहा गया है कि **'ऋषयो मन्त्रद्रष्टार:'** वेदमन्त्रों का दर्शन अपनी क्रान्तदृष्टि द्वारा ऋषियों ने किया जो जीवमात्र तथा सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के संरक्षक कहलाए। वेदत्रयी या वेदचतुष्टयी रूप में प्रख्यात भगवान् वेद अपौरुषेयत्व के विग्रह- ऋग्-यजु-साम-अथर्व हैं।वेदों के पठन-पाठन की परम्परा प्राचीनकाल से ही आश्रमस्थचर्या के अन्तर्गत होता रहा है। वेदाध्ययन के साथ ही वेदाङ्ग का ज्ञानार्जन भी आवश्यक होता है । गुरुशिष्यपरम्परा के माध्यम से शिष्य वेदवेदाङ्गशिक्षा ग्रहण कर गुरु-आज्ञा से स्वगोत्र-विद्या का प्रचार-प्रसार करता था। वेदाङ्ग को वेद का अङ्ग मान्य किया गया है। इनकी सङ्ख्या छह मानी गई है। ये वेद संरक्षण परम्परा की एक महत्त्वपूर्ण कडी हैं - शिक्षा-कल्प-व्याकरण-निरुक्त-छन्द तथा ज्योतिष।

**छन्द: पादौ तु वेदस्य हस्तौ कल्पोऽथ पठ्यते ।**
**ज्योतिषामयनं चक्षुर्निरुक्तं श्रोत्रमुच्यते ॥**
**शिक्षाघ्राणं तु वेदस्य मुखं व्याकरणं स्मृतम् ।**
**तस्मात् साङ्गमधीत्यैव ब्रह्मलोके महीयते ॥**[१]

वेदाङ्गों में, शिक्षा में सर्वप्रथम शिक्षा को ही अङ्गीकार किया गया है। वेदमन्त्रों के उच्चारण की उचित परिपाटी का परिज्ञान कराना ही शिक्षा का तात्पर्यार्थ है। **'शिक्ष विद्योपादाने'** से शिक्षा शब्द निष्पन्न होता है जो परिष्कृत है। शिक्षा वह तत्त्व है जो सामान्य को परिष्कृत करती है। शिक्षा के व्दारा ही प्राणी को अच्छे बुरे का बोध होता है।

शिक्षा के बिना मनुष्य पशुवत् व्यवहार करने वाला होता है।अतएव शिक्षा जीवन का अनिवार्य तथा महत्त्वपूर्ण तत्त्व है, जो वेदमन्त्रों के उच्चारणविधा का व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ पर विचार करते हैं- आचार्य सायण ने ऋग्वेदभाष्यभूमिका में लिखा है कि-

**स्वरवर्णाद्युच्चारणप्रकारो यत्र शिक्ष्यते उपदिश्यते सा शिक्षा ।**[२]

---

१ पा.शि.४१-४२
२ ऋ.भा.भू., पृ. ६९

अर्थात् स्वर, वर्ण आदि के उच्चारण प्रकारों की शिक्षा जिसमें प्राप्त होती है उस विद्या को शिक्षा कहते हैं। **'शिक्षा घ्राणं तु वेदस्य'** कहकर शास्त्रकारों ने शिक्षा को वेदपुरुष की घ्राण (नासिका) के रूप में स्वीकार किया है। नासिका के अभाव में जिस प्रकार देहसौन्दर्य कुरूप, अपरूप प्रतीत होता है ठीक उसी प्रकार शिक्षा के बिना वेदमन्त्रों में सौष्ठवत्त्व का अभाव परिलक्षित होता है। वेदमन्त्रों के उच्चारण एवं मन्त्रार्थ के बिना नियमन के लिए आचार्यों ने स्वर ज्ञान को अनिवार्य बतलाया है। स्वर उदात्त-अनुदात्त-स्वरित भेद से त्रिविध प्रकार का कहा गया है -

महर्षिपाणिनि ने इन त्रिविध भेदों के लक्षण इस प्रकार बतलाया है-

**उच्चैरुदात्तः, नीचैरनुदात्तः, समाहारः स्वरितश्च।**[१]

अर्थात् ऊँचे स्वर से उच्चरित को उदात्त, मन्द स्वर से उच्चरित को अनुदात्त तथा उदात्त और अनुदात्त इन दोनों के समाहार अर्थात् मध्यावस्था को स्वरित कहते हैं। प्रत्येक शब्द में कब, कौन वर्ण, किस स्वर से उच्चरित होता है ? उसको अत्यन्त सूक्ष्मदृष्टि से शास्त्रकारों ने प्रतिपादित किया है। पाणिनि का कहना है कि वेद का प्रत्येक शब्द उदात्त स्वर विशिष्ट अवश्य रहता है, शेष स्वर अनुदात्त रहते हैं। यही अनुदात्त स्वरविशेष परिस्थितिवश स्वरित के रूप में परिवर्धित हो जाते हैं। स्वर-प्रक्रिया का जितना विस्तृत साङ्गोपाङ्ग एवं सूक्ष्म वर्णन वैदिकवाङ्मय में उपलब्ध होता है, उतना इतर साहित्य में नहीं प्राप्त होता है। इसी कारण से वेद का स्वरूप इसी स्वरविज्ञान की आधारभित्ति पर आज तक परिशुद्ध एवं अविकृत-रूप में प्रतिष्ठित है। वेदों के अर्थज्ञान के लिये स्वरज्ञान-प्रक्रिया को नितान्त आवश्यक बतलाते हुए महर्षिपाणिनि ने फलश्रुति का हेतु कहा है। इसके अभाव में वेदमन्त्रों का अशुद्ध उच्चारण वज्ररूप होकर अनिष्ट का कारक होता है -

**दुष्टः शब्दः स्वरतो वर्णतो वा मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह।**
**स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात् ॥**[२]

वेदमन्त्र के उच्चारण-विधान को प्राचीनकाल में अत्यन्त सावधानीपूर्वक परीक्षण किया गया है। प्राचीन आचार्य लोग अपने शिष्यों को उच्चारणविधान व्याख्यायित करते हुए बहुत सजगता के साथ समझाते थे। कहीं ऐसा न हो कि अशुद्ध-उच्चारण हो जाये। वे तटस्थ रहकर उच्चारण प्रक्रिया सिखाते थे। शिष्य कहीं अशुद्ध उच्चारण कर देते थे तो उन्हें दण्डित करते थे, इसका भी सन्दर्भ महाभाष्य में प्राप्त होता है -

**य उदात्ते कर्तव्येऽनुदात्तं करोति चेत् खण्डिकोपाध्यायः तस्मै शिष्याय चपेटिकां ददाति।**[३]

---

[१] ल. सि. कौ. १/२/२९, ३०, ३१

[२] व्या. महाभाष्य प्रथमाह्निक ३५-३६

[३] महाभाष्य पृ. १७८

शिक्षा के नियमोपनियमों के उल्लेख उपनिषदों में भी प्राप्त होते हैं। तैत्तिरीयोपनिषद् में शिक्षा के छह अङ्गों का नामोल्लेख हुआ है -

**शिक्षां व्याख्यास्याम:, वर्ण:, स्वर:, मात्रा, बलम्, सामसन्तान: इत्युक्त: शिक्षाध्याय:।**[1]

**वर्ण** - वेदों के परिज्ञान का प्रथम सोपान।

**स्वर** - उदात्त-अनुदात्त-स्वरित द्वितीय सोपान।

**मात्रा** - स्वर के उच्चारण में लगने वाला काल। ह्रस्व-दीर्घ-प्लुत भेद से त्रिविध मात्रा है।

**बल** - स्थान और प्रयत्न को ही बल कहा जाता है । प्रत्येक स्वर व व्यञ्जन के उच्चारण के समय वायु मुख के विभिन्न स्थान-विशेषों से स्पर्श होकर बाहर निकलता है। जिस स्थान पर सङ्घात करता है उस स्वर-व्यञ्जन का वही स्थान कहा जाता है। यथा कण्ठ, तालु, दन्त,ओष्ठ, मूर्धा, नासिका आदि। ये अष्ट प्रकार के स्थान हैं।प्रयत्न द्विविधा कहा गया है-बाह्य – आभ्यन्तर।

अभ्यन्तर चार प्रकार का होता है- १ प्रयत्नस्पृष्ट २ ईषत्स्पृष्ट ३ विवृत ४ संवृत । बाह्य ग्यारह प्रकार का है । १. विवार २. संवार ३. श्वास ४. नाद ५. घोष ६. अघोष ७. अल्पप्राण ८.महाप्राण ९. उदात्त १०. अनुदात्त ११. स्वरित ।

**साम** - दोषरहित और गुणयुक्त उच्चारण को साम कहते हैं। वर्ण-उच्चारण में होने वाले गुण दोषों की चर्चा आचार्यों ने पर्याप्त रूप से की है। पाणिनीयशिक्षा में उत्तम-मध्यम-अधम पाठक के गुणों का वर्णन किया गया है; वहीं पर निन्दनीय पाठकों का भी निर्देश प्राप्त है-

**शङ्कितं गीतमुत्कृष्टमव्यक्तमनुनासिकम्।**
**काकस्वरं शिरसिगतं तथा स्थानविवर्जितम्॥**
**उपांशुदष्टं त्वरितं निरस्तं विलम्बितं गदगदितं प्रणीतम्।**
**निष्पीडितं ग्रस्तपदाक्षरं च वदेन्न दीनं ननु सानुनास्यम्॥**[2]

अर्थात् शङ्कित, गीत, उत्कृष्ट, अव्यक्त, सानुनासिक, काक, स्वरयुक्त, अधिक खींचकर उच्चरित, स्थान रहित बुदबुदाते हुए दन्तपङ्क्ति द्वारा शब्दों का चर्वण करते हुए त्वरित, निरस्त, विलम्बित, गदगद, प्रगीत, निष्पीडित अक्षरों का त्यागकर तथा दैन्यतायुक्त कदापि प्रयोग नहीं करना चाहिए। इस प्रकार से पाठ करने पर अभीष्टार्थ का विनाश होता है; अत: इसका परित्याग करना चाहिए।

**सन्तान** - यद्यपि पदों का परस्पर स्वतन्त्र अस्तित्व है तथापि उच्चारण के समय यथावकाश दो शब्दों का परस्पर सम्बन्ध कल्पित करके एक के बाद दूसरे को शीघ्रता से बोला जाता है। पदों की इस

---

[1] तै.उ. १/२
[2] पा. शि.

अतिशय सन्निधि को ही सन्तान सञ्ज्ञा से अभिहित किया गया है। प्राय: वेदों के अपने आम्नाय के अनुसार भिन्न-भिन्न उच्चारण होते हैं। इसीलिए ऋषियों ने प्रत्येक वेदशाखा का विधान किया है।

इस प्रकार शिक्षा वेदाङ्ग की विशेषताओं के साथ शिक्षा का महत्त्व भारतीय परम्परा और संस्कृति के मेरुदण्ड संस्कृतभाषा के उच्चारण-विधान को परिपुष्ट करता है । जब तक इस उच्चारण-विधान का सम्यक् रीतिनीति से व्यवहार नहीं होगा, तब तक संस्कृत में लिखित अभीष्टफल प्रदायक ज्ञान की उपयोगिता सिद्ध नहीं होगी । इसीलिए परम्परा के संरक्षण की दृष्टि से शिक्षाग्रन्थों की रचना का विधान किया गया है। कतिपय शिक्षाग्रन्थ इस प्रकार हैं -

१. याज्ञवल्क्यशिक्षा २. वाशिष्ठशिक्षा ३. कात्यायनीशिक्षा ४. पाराशरीशिक्षा ५. माण्डव्यशिक्षा
६. अमोघशिक्षा ७. लघ्वमोघानन्दिनीशिक्षा ८. माध्यन्दिनीयशिक्षा ९. लघुमाध्यन्दिनीशिक्षा
१० वर्णरत्नप्रदायिकाशिक्षा ११. केशवीशिक्षा १२. पद्यात्मिकाकेशवीशिक्षा १३. स्वराङ्कुशशिक्षा
१४. षोडशश्लोकीशिक्षा १५. अवसाननिर्णयशिक्षा १६. स्वरभक्तिलक्षणपरिशिष्टशिक्षा
१७. क्रमसन्धानशिक्षा गलदृक्शिक्षा १८. मन:स्वारशिक्षा १९. प्रातिशाख्यप्रदीपशिक्षा
२०. विसर्गाङ्कुलिप्रदर्शनप्रकारशिक्षा २१. यजुर्विधानशिक्षा २२. स्वराष्टकशिक्षा
२३. क्रमकारिकाशिक्षा २४. पाणिनीयशिक्षा २५. नारदीयशिक्षा २६. गौतमीशिक्षा
२७. लौमशीशिक्षा २८. माण्डूकीशिक्षा इत्यादि।

इन शिक्षा-ग्रन्थों के द्वारा ही तत्सम्बद्ध वेदशाखाओं का शाखास्वाध्याय विधिवत् होता है। इनके अध्ययन के अभाव में संस्कृत तथा वैदिकशाखास्वाध्याय स्खलित होता है। अतएव संस्कृतविद्या के व्यवस्थित उच्चारण के संरक्षण में शिक्षा-वेदाङ्ग की महती उपादेयता है। इति शम्॥

**डॉ.कृपाशङ्कर शर्मा**
सहायक-आचार्य,
राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थान (मानितविश्वविद्यालय)
एकलव्यपरिसर, अगरतला

अङ्क-२९
जनवरी-जून २०१७

**वेदविद्या**
ISSN-2230-8962

# तैत्तिरीयसंहितोक्त रुद्रतत्त्वविमर्श

**डॉ. सदानन्द त्रिपाठी**

**अवन्तिकापुरीशाय निःशेषक्लेशनाशिने ।**
**ज्योतिर्लिङ्गस्वरूपाय महाकालाय ते नमः॥**

- 'दयालू' पाह्वस्य सदानन्दत्रिपाठिनः

सनातन-पौराणिक परम्परा तथा पातञ्जलमहाभाष्य के उल्लेखानुसार यजुर्वेद की १०१ शाखाएँ थीं जिनमें ८६ छियासी कृष्णयजुर्वेद से सम्बन्धित तथा १५ पन्द्रह शाखाएँ शुक्लयजुर्वेद से सम्बन्धित कही गयी हैं। 'चरणव्यूह' के अनुसार कृष्णयजुर्वेद की कुल ८५ पचासी शाखाएँ ही बतलायी गयी हैं; जिनमें से आज केवल ४ चार ही शाखाएँ उपलब्ध होती हैं जिनके अभिधान इस प्रकार हैं - (१) तैत्तिरीयसंहिता (२) मैत्रायणीसंहिता (३) काठकसंहिता और (४) कपिष्ठल - कठसंहिता शाखा।

आचार्य तित्तिर द्वारा प्रणीत संहिता का नाम 'तैत्तिरीयसंहिता' है। सम्प्रति समुपलब्ध तैत्तिरीयसंहिता में कुल सात काण्ड हैं। प्रथमकाण्ड में प्रपाठकों की सङ्ख्या ८; द्वितीय में ६; तृतीय में ५; चतुर्थ में ७; पञ्चम में ७; षष्ठ में ६; सप्तम में ५ प्रपाठक हैं। इस प्रकार सम्पूर्ण तैत्तिरीयसंहिता ४४ चौंवालीस प्रपाठकों में गुम्फित है। प्रथमकाण्ड में १४६ अनुवाक, द्वितीय में ७५, तृतीय में ५५, चतुर्थ में ८२, पञ्चम में १२०, षष्ठ में ६६ तथा सप्तम में १०७ अनुवाक हैं। इन सभी अनुवाकों की कुल मिलाकर सङ्ख्या ६५१ है। चरणव्यूह के भाष्य में ४४ प्रपाठक के स्थान पर ४४ प्रश्न का उल्लेख किया गया है। प्रपाठक और प्रश्न - इन दोनों को एक ही जानना चाहिये -

**काण्डास्तु सप्त विज्ञेयाः प्रश्नाश्चाधिकाश्चतुः।**
**चत्वारिंशत्तु विज्ञेया अनुवाका शतानि षट्॥**
**एकपञ्चाशदधिका .................... ।**[१]

अनुवाकों के भी उपभेद करते हुए खण्ड नाम से अभिहित किया गया है। इस तैत्तिरीयसंहिता का प्रचलन प्रमुख-रूप से भारतवर्ष के महाराष्ट्र, आन्ध्रप्रदेश तथा दक्षिणभारत में है। वैदिकवाङ्मय के प्रथित भाष्यकार आचार्यसायण की अपनी शाखा थी अतएव इन्होंने सर्वप्रथम इसी तैत्तिरीयसंहिता

[१] चरणव्यूहभाष्यम् ; १

का यज्ञ के मुख्य स्वरूप की निष्पादिका होने के कारण विद्वत्तापूर्ण सुविस्तृत भाष्य किया। ज्ञातव्य है कि इनसे भी प्राचीन वेदभाष्यकार आचार्यश्री भट्टभास्करमिश्र महाभाग (ग्यारहवीं शताब्दी) हैं जिन्होंने तैत्तिरीयसंहिता पर नितान्त प्रामाणिकता तथा अप्रतिम वैदुष्यपूर्ण 'ज्ञानयज्ञभाष्य' लिखा है। इसका संसूचन हमें वेदाचार्य (अपरनाम 'लक्ष्मण'; समय विक्रमसंवत् १३००) द्वारा सन्दब्ध 'सुदर्शनमीमांसा' नामक ग्रन्थरत्न के पृष्ठ क्रमाङ्क ४ के अधोलिखितानुसार प्राप्त होता है -

**तत्र भाष्यकृता भट्टभास्करमिश्रेण ज्ञानयज्ञाख्ये भाष्ये एतत्प्रमाणव्याख्यानसमये चरणमिति देवताविशेष इति तदनुगुणमेव व्याख्यातम्।**[२]

वैदिकजगत् के लिये परमसौभाग्य का विषय है कि तैत्तिरीयसंहिता पर भट्टभास्करमिश्र द्वारा प्रणीत सम्पूर्ण 'ज्ञानयज्ञभाष्य' मैसूर संस्कृत ग्रन्थमाला में कई भागों में प्रकाशित है।[३] बृहत्काय इस भाष्य में प्रमाण-स्वरूप विविध वैदिक ग्रन्थों के सन्दर्भ उद्धृत किये गये हैं। लुप्तप्राय वैदिक निघण्टुओं से भी नानाविध प्रमाण सङ्कलित किये गये हैं। भाष्यकार ने वैदिक मन्त्रों के अर्थप्रस्फुटीकरण में पृथक्-पृथग् आचार्यों द्वारा व्यवहृत, उदाहृत अर्थों का भी सन्निवेश किया है। इस भाष्य का वैशिष्ट्य यह है कि इसमें अधियज्ञ-परक अर्थ के साथ ही साथ अधिदैव तथा अध्यात्मपरक अर्थ का विशद विवेचन प्रस्तुत किया गया है। आङ्ग्लभाषा में इसका प्रामाणिक अनुवाद डॉ. कीथ ने किया है तथा प्रकाशन "हारवर्ड ओरियण्टल सीरीज" क्रमाङ्क १७ एवं १८ में सन् १९१४-१९१५ ई में हुआ है।

वैदिकवाङ्मय के रसरहस्यजिज्ञासु तथा सनातनी वेदविद्या के सुधी अनुरागी महानुभावों के समक्ष, ज्योतिर्लिङ्ग भगवान् श्रीमहाकालेश्वर के पावन सान्निध्य में उन्हीं के स्वरूपभूत 'रुद्रतत्त्व' के सम्बन्ध में किञ्चित् विमर्श-विवेचन उपस्थापित करने के लिये **"तैत्तिरीयसंहितोक्त रुद्रतत्त्वविमर्श"** शीर्षक प्रकृत-शोधपत्र में यथामति सविनय उपक्रम कर रहे हैं। सामान्य-रूप से साम्बसदाशिव-भक्त भारतीय, भारतेतर प्रवासी भारतीय व अन्यान्य जन प्रायः शुक्लयजुर्वेदीय रुद्राष्टाध्यायी (शतरुद्रीय) में सङ्कलित पञ्चम रुद्राऽध्यायगत वैदिक मन्त्रों से परम्परागत-रूप में चिर परिचित हैं किन्तु उन्हें तैत्तिरीयसंहिता (कृष्णयजुर्वेदीया) गत रुद्राध्याय तथा उसमें संवलित रुद्रानुवाकगत ऋचाओं में निगूढ रुद्रतत्त्व से सुपरिचित कराने के लिये यह लघुतम प्रयास है जिसमें आचार्य भट्ट भास्करकृत 'ज्ञानयज्ञभाष्य' की महती भूमिका है। हस्तलिखित पाण्डुग्रन्थों के सर्वथा संरक्षण-प्रकाशन में अत्यधिक सचेष्ट रहने की आवश्यकता है। जो वेदमूर्ति-वैदिक सुधीजन वैदिकवाङ्मय

---

[२] वेदाचार्य लक्ष्मणकृत सुदर्शनमीमांसा, पृष्ठ ४

[३] वैदिकसाहित्य और संस्कृति, पृष्ठ ६० तथा १३१, आचार्य बलदेव उपाध्याय, वाराणसी

के इन सनातन-ग्रन्थों के संरक्षण-संवर्द्धन तथा प्रकाशनार्थ प्राणपण से सन्नद्ध हैं, वे सादर स्तुत्य हैं; प्रणम्य हैं। प्राच्यग्रन्थों का परिचय कराने की दृष्टि से हमने भट्टभास्करकृत रुद्राध्यायभाष्य के सम्प्राप्त दो पाण्डुग्रन्थों - (१) बड़ौदा (गुजरात) के पं. श्रीबाप्पा साहेब मैराल तथा (२) वाई (महाराष्ट्र) क्षेत्र निवासी पं. श्रीगङ्गाधरअनन्तनित्सुरेजी द्वारा पं. वामनशास्त्रिशर्माजी को आनन्दाश्रमसंस्कृत ग्रन्थावलिः, पुण्यपत्तन (सम्प्रति पूना) से प्रकाशनार्थ उपलब्ध कराये गये हस्तलिखित ग्रन्थों का आश्रयण लिया है जिनका प्रकाशन आज से लगभग १२८ एक सौ अट्ठाइस वर्ष पूर्व ईस्वीय वर्ष १८८८ ई. में तदनुसार शालिवाहन शकाब्द १८१० में हुआ था।

**ॐ नमस्ते रुद्र मन्यव उतो त इषवे नमः।**
**नमस्ते अस्तु धन्वने बाहुभ्यामुत ते नमः ॥**[४]

प्रकृत ऋचा का भाष्य करते हुए प्रख्यात वेदभाष्यकार भट्टभास्कर महाभाग अपने 'ज्ञानयज्ञभाष्य' में सर्वप्रथम **'ॐ नमस्ते रुद्र मन्यव.' इत्यस्य कश्यप ऋषिः। रुद्रो देवता। अनुष्टुप् छन्दः'** लिखकर उस आर्षपरम्परा का निर्वहण करते हैं जिसमें यह निर्दिष्ट किया जाता है कि प्रत्येक मन्त्र (ऋचा) के विनियोग-क्रम में उसके ऋषि, देवता तथा छन्दोबोध के साथ तद्गत अर्थ का भी अवबोध परमावश्यक है। **'प्रत्यक्षकृता एतदादयः पञ्चमन्त्राः'** के द्वारा इस रुद्रानुवाक के आदि से लेकर पञ्चम ऋचा पर्यन्त सभी पाँचों मन्त्र 'प्रत्यक्षकृत' कोटिगत हैं। क्योंकि आचार्य यास्क ने प्रत्यक्षकृत ऋचा का लक्षण निर्धारित करते हुए कहा है - **'अथ प्रत्यक्षकृता मध्यमपुरुषयोगास्त्वमिति चैतेन सर्वनाम्ना।'**[५] अर्थात् प्रत्यक्षकृत ऋचाएँ मध्यमपुरुष के योग और 'त्वम्' इस सर्वनाम से युक्त होती हैं। प्रत्यक्षकृत ऋचा के स्वरूप-लक्षण का अपवाद उपस्थापित करते हुए यास्क कहते हैं - **'अथापि प्रत्यक्षकृताः स्तोतारो भवन्ति, परोक्षकृतानि स्तोतव्यानि।'**[६] अर्थात् इसके अतिरिक्त कहीं पर स्तोता प्रत्यक्षकृत होते हैं तथा स्तुति के योग्य देवता परोक्षकृत होते हैं। भाष्यकार ने ऋचा के प्रारम्भ में ओङ्कार (प्रणव) का सन्निवेश किया है अतः उसका सप्रयोजन विमर्श प्रस्तुत करते हुए कहते हैं - **'ॐ स्वाहा स्वधा वषणम इति पञ्च ब्रह्मणो नामानि।'** अर्थात् ओङ्कार, स्वाहा, स्वधा, वषट् और नमः - ये पाँचों पद परब्रह्म के वाचक नाम हैं। ऋचा में समागत 'नमः' शब्द के सम्बन्ध में

---

[४] कृष्णयजुर्वेदीया तैत्तिरीयसंहिता काण्ड ४ प्रपाठकः ५, अनुवाकः १, ऋचा १; भट्टभास्करप्रणीतं 'ज्ञानयज्ञभाष्यम्'। रुद्राध्यायः (सायणाचार्यभट्टभास्करभाष्यसहितः) आनन्दाश्रम संस्कृतग्रन्थावलिः, पुण्यपत्तनम्, संस्करणम् , १८८८ ख्रिस्ताब्दः

[५] निरुक्तम् ; ७.२

[६] निरुक्तम् ; ७.२

सङ्केत किया है - **'वाङ्मनःकायैराराध्याधीनात्मत्वसम्पादनं ब्रह्मत्वापरनामधेयं नमःशब्दार्थः।'** वचसा-मनसा-वपुषा (मन-वचन-शरीर से) अपने आराध्य-इष्टदेवता के समक्ष अपने को सर्वथा अधीन, शरणापन्नभाव से साधना-उपासना में निरत होना तथा विराड्पुरुष परमात्मा का अपर पर्याय नाम पूर्वोक्तानुसार 'नमः' शब्द है। इस ऋचा के पूर्वार्द्ध के मूल केन्द्रीयभाव को निरूपित करते हुए भट्टभास्करमहोदय ने कहा है - **हे रुद्र ! तव स्वभूताय मन्यवे क्रोधाय नमोऽस्तु।** भावार्थ इसका यह है कि हे रुद्र ! आपके श्रीविग्रह में स्वयं में उत्पन्न विश्वकल्याणकारक जो मन्यु-क्रोध है, उसे नमस्कार है।

'रुद्र' शब्द की निष्पत्ति के सम्बन्ध में **'रोदेर्णिलुक्केति रक् प्रत्ययः'** का उद्धरण दिया गया है। इससे सुस्पष्ट होता है कि **'रुदिर अश्रुविमोचने'** धातु में रक् प्रत्यय लगाने पर णिः और लुक् के सहकार से रुद्र शब्द निष्पन्न होता है।[७] आचार्य पाणिनि ने - रुत् (रोगम्) द्रुगतौ धातु में डः प्रत्यय लगाने पर रुद्र शब्द की निष्पत्ति माना है।[८] अन्यान्य स्वरूप में 'रु' शब्दे धातु में क्विप् प्रत्ययपूर्वक तुगागम होने पर तथा >रुत् = √रा दाने धातु में कः प्रत्यय का प्रयोग करने पर 'रुद्र' शब्द निष्पन्न होता है।[९]

आचार्यभट्टभास्कर ने 'रुद्र' पद की व्युत्पत्ति करते हुए कहा है - **'रोदयति सर्वमन्तकाले इति रुद्रः'** अर्थात् जो अन्त समय में सबको रुलाता है, वह रुद्र पदवाच्य है। पौराणिकादिकों द्वारा की गयी रुद्र शब्द की बहुविध अर्थगाम्भीर्य व्युत्पत्तियों का सङ्केतमात्र किया गया है। भाष्यकार बहुज्ञ होने से अपने पूर्ववर्त्ती वेदभाष्यकारों द्वारा की गई सुष्ठु व्युत्पत्तियों का ज्ञान रखते हुए इन सबके प्रति अधमर्णता-समादर व्यक्त करने के लिए बिना नाम लिए केचित् , इतरे, अन्ये, अपरे, पदों का प्रयोग करते हुए निदर्शनार्थ व्युत्पत्ति उल्लेख करते हैं। यथा -

**(अ) रुतौ नादान्ते द्रवति द्रावयतीति वा रुद्र इति केचित्।**

कतिपय आचार्यों का कथन है कि जो रुति-नाद अर्थात् साधक-भक्त द्वारा अमृतवाचक 'वं, वम्' अथवा 'वबयोरभेदः' के अनुसार अभेद होने पर आर्द्रहृदय से प्रपत्तिभावपूर्वक 'बं बम्' ऐसा उच्चारण करने मात्र से वरप्रदानार्थ द्रवित हो जाता है अथवा सङ्कल्पानुरूप तत्सम्बन्धित अन्यान्य

---

[७] रौदेर्णिलुक्क उणादिकोशः २/२२

[८] महर्षिपाणिनिकृत अष्टाध्यायी ३/२/१०१

[९] उणादिनिरुक्तिव्युत्पत्तिकोषः - पृष्ठ ३७९-३८०। सम्पादकः डॉ. देवानन्दः शुक्लः, प्रकाशकः महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठानम् , उज्जयिनी। संस्करणम् २०१४ ईस्वीयः

अधिष्ठातृदेवताओं को भी मनोरथपूर्त्यर्थ द्रवित करा देता है; वह 'रुद्र' तत्त्व है। शिवभक्त तो विगलित अन्तःकरण से भावमयी स्तुति करते हुए कहता है; -

**निरावलम्बस्य ममावलम्बं विपाटिताशेषविपत्कदम्बम्।**
**मदीयपापाचल पात शम्बं प्रवर्त्ततां वाचि सदैव वं वम्॥**

रुद्रस्वरूप भगवान् शिव का सहज, सरल स्वभाव ही ऐसा है कि उनकी सपर्या-स्तुति में जो भक्त रव अर्थात् 'वं वम्' ऐसा नाद करता है उसे वे रव शब्द का विपरीत शब्द 'वर' प्रदान करते हैं। जो मूर्ख आपके सम्मुख मद करता है उसे आप मद का विपर्यय शब्द 'दम' दण्ड प्रदान करते हैं। इस प्रकार अक्षरद्वय को उलट-फेर करने का खेल आपको विशेष प्रिय है; तो फिर मेरे 'नमः' कहने पर (मेरी ओर नमः का विपर्यय) अपना कृपापूर्ण मन क्यों नहीं फेरते ?

**यस्ते ददाति रवमस्य वरं ददासि यो वा मदं वहति तस्य दमं विधत्से।**
**इत्यक्षरद्वयविपर्ययकेलिशील किं नाम कुर्वति नमो न मनः करोषि ?॥**[१०]

**(आ) रुत्या वेदरूपया धर्मादीनवलोकयति प्रापयतीति वा रुद्र इत्यन्ये।**

जो वेदरूपा रुति अर्थात् सविधि वेदोच्चारण के माध्यम से साधक, याजक के प्रति धर्मादि पुरुषार्थचतुष्टय का कल्याणदृष्टि से सदा अवलोकन करता है अथवा इनकी उपलब्धि कराता है, वह 'रुद्र' है। ऐसा अन्य आचार्यों का अभिमत है।

**(इ) रुत्या वाग्रूपया वाच्यं प्रापयतीति केचित्।**

वाग् (वाणी)-स्वरूपा रुति अर्थात् घोष के साहाय्य से जो वाच्य (अर्थ) = शब्दार्थ की प्रयोजनमूलक अभीष्ट सिद्धि तक पहुँचाता है; वह 'रुद्र' सञ्ज्ञक है; यह किन्हीं-किन्हीं आचार्यों की अवधारणा है।

**(ई) रुत्या प्रणवरूपया स्वात्मानं प्रापयतीति इतरे।**

प्रणव (ओङ्कार)-स्वरूपा रुति के भक्तिपूर्वक नादानुसन्धान से जो स्वयं को आत्मस्वरूप से भक्त के समक्ष उपस्थापित कर देता है, वह परम तत्त्व 'रुद्र' है; ऐसा दूसरे आचार्यों का कथन है।

**(उ) रुद्रो रौतीति सत्ये रोरूयमाणो द्रवति प्रविशति मर्त्यानिति रुद्र इत्यन्ये।** यथा - **"त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महोदेवो मर्त्यां आविवेशे"ति अन्ये ब्रुवते।**

---

[१०] श्रीजगद्धरभट्टकृता स्तुतिकुसुमाञ्जलिः; श्रीशिवस्तुतिः, सूक्तिसुधाकरः पृष्ठ १४, प्रकाशक गीताप्रेस, गोरखपुर (उ.प्र.) संस्करण २०४४ विक्रमाब्दः।

पाणिनीय धातुपाठ के अनुसार 'रु शब्दे' अदादिगणपठित परस्मैपदी सेट् धातु में क्विप् प्रत्यय तथा तुगागम होने पर शब्दकारक 'रुद्र' शब्द सिद्ध होता है।[11] जो शब्द करता है, वह 'रुद्र' है। अथवा, जो शब्द (वाणी) के रूप में मर्त्य (मरणधर्मा मनुष्य) आदि समस्त जीवनिकाय में शब्दायमान होता हुआ द्रवित होता है, सम्प्रविष्ट होता है; वह 'रुद्र' है। जैसा कि ऋङ्मन्त्र (ऋक्संहिता ४.५८.३), शुक्लयजुर्वेदीया वाजसनेयीसंहिता १७.९१, तैत्तिरीय आरण्यकम् १०.१०.२, निरुक्तम् १३.१.७ में वर्णित उदाहृत मन्त्रभाष्य में निर्दिष्ट किया गया है कि वह रुद्र मन्त्र-ब्राह्मण-कल्पसूत्रों से - तीन प्रकार से आबद्ध, मनोऽभिलषित फलों का प्रदाता सवनक्रम से ऋग्यजुःसामवेदोक्त शस्त्र-याग तथा स्तुतिरूप में होता आदि द्वारा ब्रह्मघोष की उच्चरित पावन ध्वनि से शब्दायमान होता हुआ यज्ञात्मा वह महादेव यजन के लिये मनुष्यों में आविष्ट होता है। विश्वकल्याणकारक यज्ञ मर्त्य (मनुष्य), यजमानों के द्वारा निष्पादित होने के कारण प्रवेश उपचरित होता है।[12] ऐसा अन्य भाष्यकार आचार्यगण कहते हैं।

'रुक्' का अर्थ तेज है, लुब् अकार में इकार और रेफ 'र्' के संयोग से रुद्र शब्द निष्पन्न होता है। 'भूमन्' शब्द के नित्ययोग में र प्रत्यय की प्राप्ति होती है। वर्णव्यावृत्ति से 'रुद्र' शब्द की सिद्धि होती है जिसका पर्याय शब्द तेजस्वी है।

**(ऊ) यद्वा, रोधिका बन्धिका मोहिका शक्तिस्तद्वांस्तस्या द्रावयिता वा भक्तेभ्यो रुद्रः। रुदं संसारदुःखं द्रावयतीति रुद्र इति केचित्।**

अथवा, जिसके पास अवरोध उत्पन्न करने वाली, बन्धन में डालने वाली तथा सम्मोहित करने वाली - ये तीन शक्तियाँ सदा विद्यमान हैं। भक्तों को जो इनसे सर्वथा सुरक्षित रखता है, वह दिव्य तत्त्व 'रुद्र' है।

सांसारिक दुःख का नाम रुद है, इससे जो सतत बचाता है, वह 'रुद्र' है, ऐसी कतिपय वेदविद् आचार्यों की मान्यता है। यथा -

**अशुभद्रावको रुद्रो यज्जहार पुनर्भवम्।**
**तस्माच्छिवस्ततो रुद्रशब्देनात्राभिधीयत" इति॥**

**(ऋ) रुतिं शब्दं राति ददातीति प्राणो रुद्र इत्यन्ये।**

जो रुति (नाद, घोष का अपर पर्याय) अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम शब्द प्रदान करता है, वह प्राणस्वरूप रुद्र है; ऐसी अन्य सुविज्ञ आचार्यों की अवधारणा है।

---

[11] पाणिनीयधातुपाठः, पृष्ठं ४६, धातुक्रमाङ्क सङ्ख्या ११०६, सम्पादकः डॉ. नरेश झाः, सं. २०१२ ई.

[12] ऋक्संहिता ४.५८.३ सायणभाष्यम् ; निरुक्तम् १३.१.७ निघण्टुभाष्यम्

**(ऌ) रुतिं शब्दं वेदात्मानं ब्रह्मणे ददाति कल्पादाविति रुद्र इत्यपरे। यथा - 'यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मा'[१३] इति।**

ऐसा कल्पादि में जिसके द्वारा जगत्स्रष्टा ब्रह्मा को रुति अर्थात् ब्रह्मघोष के रूप में शब्दराशि-स्वरूप आत्मकल्प वेद प्रदान किया जाता है; वह 'रुद्र' तत्त्व है। ऐसा ब्रह्मविद्वरिष्ठ अन्य वेदभाष्यकारों का वचन है। जिस प्रकार से इस अभ्युक्ति का समर्थन करते हुए भगवती श्रुति कहती है कि 'सर्वप्रथम जिसने सृष्टि के आरम्भ में हिरण्यगर्भ ब्रह्मा की सर्जना की है और जो उसके लिये वेदों को प्रवृत्त करता है' - वह 'रुद्र' तत्त्व है। यहाँ प्रकृत-प्रसङ्ग में अध्याहार से घटित होता है।

आचार्य भट्टभास्कर उपर्युक्त व्युत्पत्तियों के वैविध्य तथा तारतम्य में निराकरण प्रस्तुत करते हुए लिखते हैं - **'एवं तीर्थकारैः स्वस्वसमयानुगुणं रुद्रपदं व्युत्पाद्यते'** अर्थात् इस प्रकार से श्रौतज्ञानविदग्ध वेदभाष्यकारों ने अपने-अपने समय (देश-काल-परिस्थिति अथवा साम्प्रदायिक प्रस्थान-प्रतिज्ञा) के अनुसार रुद्र पद की व्युत्पत्ति की है। मन्त्रगत 'मन्यु' शब्द की निष्पत्ति के लिए सङ्केतित किया है - **'मन्यतेर्दीप्तिकर्मणो यजिमनिशुन्धिदसिजनिभ्यो युरिति युप्रत्ययः'**। मन्यु का अपर पर्याय क्रोध है। हे रुद्र ! आपकी जो क्रोधात्मिका शक्ति है, वह चराचर जगत् के कल्याणार्थ समष्टि-रूप से शान्ति-स्वरूपा हो। **'मा वधिष्ट भक्तानिति'** प्रपत्तिभाव से शरणागत शिवभक्तों का वध मत करो। भक्त के पक्ष में उसके त्राण के लिए प्रार्थना की जा रही है। इसी प्रकार की सविनय प्रार्थना-भावना इषु = रुद्रधनुष में सन्निहित बाण आदि के सम्बन्ध में भी जानना चाहिये। यह ऋचागत 'उतो' पद उत, उ का निपातसमाहार है जो कि अपि, चेत् के अर्थ में प्रयुक्त है। हे रुद्र ! आपके उस इषु = बाण अथवा शर को बारम्बार नमस्कार है। भाष्यकार वैदिकी-परम्परा में प्राप्त इषु विषयक श्रुतिप्रमाण को उद्धृत करते हैं -

**"त इषु ॅ स ॅ स्कुर्वताग्निमनीक ॅ सोम ॅ शल्यं विष्णु तेजनम्।"**

भट्टभास्कर द्वारा प्रमाण-रूप में उद्धृत प्रकृत ऋचा उनकी श्रुतिविज्ञता की द्योतक है, साथ ही वेदाचार्यों द्वारा सन्दर्भस्वरूप में अनुसन्धेय भी है। इसी प्रकार अन्य वैदिक शाखागत ऋचा का प्रमाण सन्दर्भ उपस्थापित किया गया है -

**"तस्या अग्निरनीकमासीत् सोमः शल्यो विष्णुस्तेजनं वरुणः पर्णानी"ति।**

अतः हे रुद्र ! आपके उस इषु (बाणयुक्त) धनुष को नमस्कार है। पुराणाचार्यों ने रुद्रदेवता के धनुष को 'कनकशैल' अभिधान से महिमामण्डन करते हुए अभिहित किया है - **"कनकशैलो देवस्य**

---

[१३] श्वेताश्वतरोपनिषद् अध्यायः ६, मन्त्रः १८, शाङ्करभाष्यम्। पृष्ठं ३०१। प्रकाशकः गीताप्रेस, गोरखपुर (उ.प्र.), संस्करणम् २०४७ विक्रमाब्दः

**धनुरिति पौराणिकाः"।** भारतीय सनातनसंस्कृति के आकरग्रन्थ के रूप में विश्वविश्रुत, कृष्णद्वैपायन भगवान् वेदव्यास ने महाभारत में रुद्र-धनुष की रथ के स्वरूप में अवतारणा निर्दिष्ट की है -

**स कृत्वा धनुरोङ्कारं सावित्रीं ज्यां महेश्वरः।**
**हयांश्च चतुरो वेदान् सर्वदेवमयं रथम् ॥** इति[१४]

उन रुद्र-स्वरूप देवाधिदेव महेश्वर महादेव ने प्रणव-ओङ्कार को धनुष बनाकर सावित्री-गायत्री को ज्या (प्रत्यञ्चा = डोरी) बनाकर, चारों वेदों (ऋग्यजुस्सामाथर्व) को अश्वों (घोड़ों) के रूप में लेकर सम्पूर्ण देवतासमुदाय से युक्त दिव्य रथ को लेकर लक्ष्यानुसन्धान किया।

कोशग्रन्थों में धनुष शब्द का पर्याय 'धन्वन्' शब्द है -

................................. **अथास्त्रियौ ॥ ८२ ॥**
**धनुश्चापौ धन्वशरासनकोदण्डकार्मुकम् ।**
**इष्वासोऽपि** ................................ **॥ ८३ ॥**[१५]

**'दधातेर्वावनिपिनुम् ह्रस्वः'** करने पर उक्त धन्वन् शब्द सिद्ध होता है। 'ज्ञानयज्ञभाष्य' करते हुए आचार्य भट्टभास्कर ने द्विवचनात्मक बाहु शब्द को **'प्रसिद्धौ बाहू द्विवचनमतन्त्रम्'** कहकर उपलक्षणात्मक प्रतीक स्वीकार करते हुए **'बहवो हि देवस्य बाहवः'** के द्वारा रुद्रदेवता की बहुत-सी बाहुओं का उल्लेख किया है। प्रकृत-सन्दर्भ में विकल्पात्मक-रूप से भाष्यकार ने रुद्र देवता के एक बाहु (हस्त) में शर (बाण) तथा दूसरे बाहु में शरासन (धनुष) स्थित होने से बाहुद्वय का अभिप्राय व्यक्त किया है। इस मन्त्र में समागत मन्यु शब्द **'सर्वेषां व्यसनानां मन्युर्मूलमिति'** के अनुसार मन्यु समस्त प्रकार की विपत्तियों, विनाशों, कामज-कोपज दुर्गुणों आदि का मूल है अतएव उसे सर्वप्रथम प्रणाम किया गया है। तदनन्तर रुद्र के इषु (बाण) को नमस्कार किया गया है। पुनः इषु के अपादानभूत धनुष को नमन समर्पित किया गया है। अतः परम् इन दोनों इषु और धनुष से व्यापृत रुद्र देवता की दोनों बाहुओं को प्रणति-निवेदन किया गया है; ऐसा किन्हीं-किन्हीं वेदज्ञजनों का स्वीकृत मत है।

**एते मन्युप्रभृतयो देवस्य बोधविशेषाः क्रोधादिकार्यकारित्वात्तत्तद्भावेन रूप्यन्त इति। इत्थमनेन मन्त्रेण देवस्य घोरा तनूर्जगदुपसंहारप्रवृत्ता प्रसाद्यते ॥**[१६]

---

[१४] महर्षिवेदव्यासप्रणीतं महाभारतम्

[१५] अमरकोशः, द्वितीयकाण्डम्, अष्टमः क्षत्रियवर्गः, पद्ये ८२-८३; श्रीभानुजीदाक्षितकृता सुधा रामाश्रमी" संस्कृतव्याख्या

[१६] कृष्णयजुर्वेदीया तैत्तिरीयसंहिता ४.५.१.१ श्रीभट्टभास्करकृतं 'ज्ञानयज्ञभाष्यम्'

रुद्र देवता के मन्यु आदि उनके स्वरूपलक्षण के द्योतक हैं जो उनकी क्रोधादिकार्यकारिता के भाव से निरूपित किये जाते हैं। इस प्रकार इस **'नमस्ते रुद्र मन्यव'** के प्रथम मन्त्र के द्वारा विज्ञापित रुद्र भगवान् की **'घोरा तनूः'** (प्रचण्ड विग्रहता) क्षणभङ्गुर, नश्वर जगत् के उपसंहार (महाविनाश) में प्रवृत्त होने से चरितार्थ होती है; क्रियाकारिता के अनुरूप सर्वथा सिद्ध होती है।

वेदभाष्यकार भट्टभास्कर महाभाग मन्त्र में सन्निहित अपार दिव्य शक्ति से सम्पन्न लोकोपकारार्थ पुरश्चरणादिक का विधान-वर्णन करते हुए कहते हैं - द्वादशरात्र (बारह रात्रि) पर्यन्त कृच्छ्व्रत का आचरण करके इन कहे हुए दिनों में एकादश (ग्यारह) हजार सङ्ख्या में यह निर्दिष्ट मन्त्र निरन्तर जपते हुये पुरश्चरणकर्त्ता साधक होता है। इसके बाद इसी मन्त्र से अर्द्ध प्रदक्षिणा **'शिवस्यार्द्ध प्रदक्षिणा'** विधानसूत्रानुसार करके इतने ही बार नमस्कार करे। तत्पश्चात् शिव-रुद्रस्वरूप भगवान् दक्षिणामूर्त्ति के सान्निध्य में ग्यारह हजार बार सविधि यह मन्त्र जपने से अशेष (सम्पूर्ण) पाप नष्ट हो जाते हैं। एतदनन्तर इस मन्त्र का एक लाख बार जप करने से विगत सात जन्मों में किया गया पूर्वकृत पाप नष्ट हो जाता है। उन्हीं दक्षिणामूर्त्ति शिव के समीप ही विधिवत् अग्नि-संस्थापन करके पायस (खीर) में गोघृत मिलाकर अपनी इसी अग्नि में हवन करने से साक्षात् रुद्रदेवता (शिव) के दर्शन साधक को प्राप्त होते हैं। अपने द्वारा विध्यनुसार प्रज्वालित अग्नि में सभी ओर से अरत्नि मात्र नाप के बनाये गये अग्निकुण्ड में कपिला गौ के घृत से 'शतसहस्र' (सौ हजार = एक लाख) बार आहुति देने से भगवान् श्रीगणेश देवता की सिद्धि प्राप्त हो जाती है। अधुना, यही पूजा-अर्चाक्रम राजा के लिये कहा जाता है। राजा पुरश्चरणसम्पन्न सिद्धब्राह्मण के द्वारा शिवलिङ्ग-पूजा करवाये। उसकी प्रकार-विधि का वर्णन किया जा रहा है। लिङ्ग (शिवलिङ्ग) के दाहिनी ओर अग्निकुण्ड का निर्माण करके अरणिमन्थन-विधि से अग्निस्थापन करके नित्यक्रमानुसार आज्य (गोघृत), दूर्वा (दूब), सफेद चावल, शमी वृक्ष की समिधाओं से प्रत्येक दिन अष्टसहस्र (आठ हजार) बार होम करे। रुद्र (शिव) देवता के सान्निध्य में नित्यशः प्रकृतमन्त्र का आठ हजार सङ्ख्या में जप सम्पन्न करे। देवालय (शिवालय) के चारों ओर आठ हजार बार परिक्रमा करे। रुद्र देवता की सन्निधि में शिव को परम प्रिय ताण्डव (लास्य) नृत्य प्रस्तुत करे। इसी प्रकार आठ-आठ हजार बार साष्टाङ्ग दण्डवत् प्रणाम और नमस्कार करे। इन कृत्यों को सविधि सम्पादित कर लेने से भगवान् रुद्रदेव अतिप्रसन्न होते हैं। मन्त्रभाष्य के अन्त में भगवान् रुद्र देवता के श्रीविग्रह के ध्यान का निरूपण किया जा रहा है -

**आकर्णकृष्टे धनुषि ज्वलन्तीं**
**देवीमिषुं भास्वति सन्दधानम् ।**
**ध्यायेन्महेशं महनीयवेषं**
**देव्यायुतं योधतनुं युवानम् ॥**

जो शिवस्वरूप भगवान् रुद्र कान तक खिंचे हुए अजगव (पिनाक) नामक धनुष में दैवीशक्ति के प्रतीक इषु (बाण) को जाज्वल्यमान स्थिति में धारण किये हुए सुशोभित हो रहे हैं। जो महनीय, कमनीय वेष धारण किये हुए जगज्जननी भगवती उमा (पार्वती) के साथ एक युवा, धनुर्धारी के रूप में समुद्भासित हो रहे हैं। उन ऐसे देवाधिदेव भगवान् श्रीमहेश्वर का ध्यान करना चाहिये। (अथवा 'ध्याये' संस्कृत-क्रिया पद का प्रयोग करने से मैं उन ऐसे देवाधिदेव भगवान् श्रीमहेश्वर का ध्यान करता हूँ।)

तैत्तिरीय-रुद्रानुवाक की इस प्रथम ऋचा का भाष्य यद्यपि आचार्यसायण ने भी किया है किन्तु उन्होंने मात्र साढे चार पङ्क्तियों में यह कहकर मुक्ति पा ली है कि - हे रुद्र ! आपका जो यह मन्यु (कोप) है, उसे नमस्कार है, वह मन्यु हमारे बैरियों पर व्याप्त हो, हम सभी पर कथमपि नहीं। आपके इषु (बाण) के लिये नमस्कार है। उसी प्रकार, आपके धनुष के लिये नमस्कार है। साथ ही धनुष और बाण से पृथक्-पृथक् सुशोभित आपकी दोनों बाहुओं (भुजाओं, हाथों) को नमस्कार है। **"एतत्सर्वं वैरिष्वेव प्रवर्त्तताम्, न तु मयीत्यभिप्रायः"**[१७] अर्थात् यह सब निश्चयपूर्वक वैरीजनों पर ही घटित हो; मुझ पर नहीं - यह अभिप्राय है।

भगवान् रुद्र सर्वविध अमङ्गलहारी, विश्वमङ्गलकारी, उदारमना, परम दयालु, शिव-स्वरूप, द्युलोक में वर्षा के जल के रूप में, अन्तरिक्ष में वायु के रूप में तथा भूतल पर अन्न के रूप में व्याप्त रहने वाले देवता के रूप में सर्वत्र त्रिभुवन में अवस्थित रहकर चराचर जगत् का कल्याण करते हैं। एतदर्थ देवाधिदेव महामृत्युञ्जय, श्रीमहाकालेश्वर महादेव के श्रीचरणों में प्रणिपातपूर्वक सश्रद्ध प्रार्थना है -

**सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।**
**सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत् ॥** इत्योम् शम् ॥'

**डॉ. सदानन्द त्रिपाठी**
शासकीयः संस्कृत महाविद्यालयः
उज्जयिनी (म.प्र.) ४५६००१

---

[१७] कृष्णयजुर्वेदीया तैत्तिरीयासंहिता ४.५.१.१ सायणभाष्यम्

अङ्क-२९
जनवरी-जून २०१७

वेदविद्या
ISSN-२२३०-८९६२

# वैदिक ज्ञान की सर्वग्राह्यता

प्रो. (डॉ.) ब्रह्मदेव

आर्षपरम्परा का मन्तव्य है कि पृथिवी, जल, वायु, सूर्य, चन्द्र आदि पदार्थ जैसे परमेश्वर ने समस्त चराचर के लिए विना किसी भेदभाव के उपभोगार्थ बनाये हैं; वैसे ही मानवमात्र के अभ्युदय एवं निःश्रेयस की सिद्धि अर्थात् सांसारिक समस्त क्रियाकलापों यथा- व्यावहारिक, पारिवारिक, सामाजिक, शैक्षिक, राजनैतिक, आर्थिक, धार्मिक, आध्यात्मिक आदि को सुचारु सम्पन्न करने के लिए नैमित्तिक ज्ञान का प्रकाश भी सृष्टि के आरम्भ में किया, जिससे मनुष्य का जीवन सर्वथा उन्नत और सफल हो सके। इसी ज्ञान को समस्त पुरातन साहित्य एवं ऋषि मुनियों की परम्परा ईश्वरीय ज्ञान वेद के नाम से परिभाषित करती है।

**मनुष्य के लिए आदिम ज्ञान की अनिवार्यता**

सृष्टि के आदि में परम कारुणिक ईश्वर का मानव मात्र का हित साधना ही इस ज्ञान को देने का प्रयोजन है, यदि यह नहीं दिया जाता तो मानव एक मननशील प्राणी होते हुए भी निपट मूर्ख से अतिरिक्त कुछ न होता, क्योंकि मानव एक ऐसा प्राणी है जो कृत्रिम ज्ञान से ही शिक्षित होता है अर्थात् जो कुछ सुनता, देखता है तदनुरूप आचरण करता है और अपने ज्ञान की श्रीवृद्धि करता है, स्वाभाविक ज्ञान उसे कुछ नहीं। उदाहरण से हम इसे समझ सकते हैं जैसे जो व्यक्ति जन्मना श्रवणशक्तिहीन होता है उसमें वाचिक-शक्ति नहीं देखी जाती, क्योंकि मानव अनुसरण से सीखता है और बोलने का अनुसरण या ज्ञान श्रवणहीनता के कारण हुआ नहीं, अतः ऐसे सुनने की शक्ति से हीन व्यक्ति मूक है, गूँगा है। इस आधार पर यह व्याप्ति बनाई जा सकती है **'यत्र यत्र जन्मना श्रवणशक्तिहीनत्वं तत्र तत्र मूकत्वम्'**, परन्तु अन्य सब क्रियाकलाप यथा उठना, बैठना, चलना, खाना इत्यादि वह करता होता है, क्योंकि देखकर इन क्रियाओं का उसे सब ज्ञान हो गया है। आज विकास की ऊँचाइयों को प्राप्त मानव में भी ऐसा ही होता है, इसके विपरीत पशुपक्षियों को ऐसे कार्यकलापों के लिए शिक्षित करने की आवश्यकता नहीं है। वे जन्म लेते ही अपने शारीरिक विकास के साथ स्वयमेव सब क्रियाकलापों को करने लगते हैं। खाना, पीना, खड़े होना, उड़ना, तैरना आदि उनके सब व्यवहारों में स्वाभाविकता होती है। यथा मरुस्थल की भैंस जिसने कभी जलापूरित तालाब नहीं देखा होता लेकिन कहीं पानी वाले स्थान पर जाने पर वह अनायास ही तैरने लगती है, परन्तु मानव में ऐसा नहीं होता। अत एव यह सिद्ध है कि यदि आरम्भ में मानव को ज्ञान न मिला होता तो वह हर प्रकार से पङ्गु होता। आज भी बच्चे को माता, पिता, गुरु और समाज जो अच्छा या बुरा सिखाता है वह उसी के अनुरूप कार्य करता है, जन्मना स्वाभाविक ज्ञान

उसके पास कुछ नहीं यह प्रत्यक्ष है। हाँ. पूर्वजन्मकृत संस्कारों की प्रबलता के कारण जन्म उसी प्रकार के कुल में मिलता है जिससे उपलब्ध परिवेश को प्राप्त कर इस जन्म में उन्नति शीघ्र अथवा शनैः शनैः कर पाता है। ततः उसका अपना विवेक पथप्रदर्शक होता है। उक्त विवरण से सिद्ध है कि माता पिता के समान किसी ज्ञान देने वाले पथप्रदर्शक की सृष्टि के आदि में भी मनुष्य को आवश्यकता थी, और यह कार्य उस समय जिसने किया वह ईश्वर[१] तत्त्व था तथा उसके द्वारा दिया गया ज्ञान वेद। अतः स्वयं वेद के एवं अन्य शास्त्रों के प्रामाण्य से यह स्वीकार करना पड़ेगा कि सर्वज्ञ परमेश्वर से सबसे पहले नीरजस्तम अग्नि, वायु, आदित्य और अङ्गिरा ऋषियों के माध्यम से ज्ञान प्राप्त हुआ, उसी को भारतीय मनीषा चार वेद कहती है।[२]

**लौकिक समस्त प्रवृत्तियों का मूल वेद**

प्राप्त वेद ज्ञान किस स्वरूप वाला है, कैसे प्राप्त होता और उससे कैसे प्रवृत्ति होती है इत्यादि सङ्क्षेप में स्वयं वेद भगवान् वर्णित कर रहा है, यथा-

**बृहस्पते प्रथमं वाचो अग्रं यत् प्रैरत नामधेयं दधानाः।**
**यदेषां श्रेष्ठं यदरिप्रमासीत् प्रेणा तदेषां निहितं गुहाविः॥**[३]

अर्थात् हे वाणी के स्वामिन् ! विद्वन् ! (प्रथमं) सृष्टि के आदि में (वाचः अग्रम्) वाणियों का मूलरूप (नामधेयं यत् दधानाः प्रैरत) वस्तुजात के नामों को धारण करते हुए (ऋषि) प्रेरित करते हैं। (एषां) इन ऋषियों का (श्रेष्ठम्) सर्वोत्कृष्ट यह कार्य (अरिप्रम् आसीत्) विशुद्ध है (तदेषां गुहा निहितम्) वह वेद वाणी इन ऋषियों की बुद्धिरूप गुहा में स्थित हुई (प्रेणा आविः) ईश्वर की प्रेरणा से आविर्भूत, प्रकाशित

---

[१] योगदर्शन १.२४,२६, क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः, पूर्वेषामपि गुरुः कालेनानवच्छेदात्।

[२] ऋग्वेद १०.९०.९, यजुर्वेद ३१.७, तस्माद् यज्ञात् सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत॥
वही १०.७१.३, यज्ञेन वाचः पदवीयमायन् तामन्वविन्दन्नृषिषु प्रविष्टाम्।
अथर्ववेद १०.४.२०, यस्माहचो अपातक्षन् यजुर्यस्मादपाकषन्।
सामानि यस्य लोमानि अथर्वाङ्गिरसो मुखम्।
स्कम्भं तं ब्रूहि कतमः स्विदेव सः॥
शतपथ ब्राह्मण १४.५, एवं वा अरेऽस्य महतो भूतस्य निःश्वसितमेतद्।
ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथरवाङ्गिरसः॥
शतपथ ब्राह्मण ११.५.२.३, तेभ्यसतप्तेभ्यस्त्रयो वेदा अजायन्त, अग्नेर्ऋग्वेदो वायोर्यजुर्वेदः सूर्यात्सामवेदः।
श्वेताश्वतरोपनिषद् ६.१८, यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै।
तं ह देवमात्मबुद्धिप्रकाशं मुमुक्षुर्वै शरणमहं प्रपद्ये॥
मनुस्मृति १.२३, अग्निवायुरविभ्यस्तु त्रयं ब्रह्म सनातनम्।
दुदोह यज्ञसिद्ध्यर्थमृग्यजुःसामलक्षणम्॥

[३] ऋग्वेद १०.७१.१

होता है। इस प्रकार वेदज्ञान के अधिगम के साथ ही मानव के समस्त क्रियाकलाप सम्यक् प्रकारेण चलने लगे, जैसे कि यह श्लोक भी स्पष्टतः कहता है-

**अनादिनिधना नित्या वागुत्सृष्टा स्वयम्भुवा।**
**आदौ वेदमयी दिव्या यतः सर्वाः प्रवृत्तयः॥**[१]

इसी अभिप्राय को सुपुष्ट करने वाला मनुस्मृति का यह श्लोक है-

**सर्वेषां तु स नामानि कर्माणि च पृथक् पृथक्।**
**वेदशब्देभ्य एवादौ पृथक्संस्थाश्च निर्ममे॥**[२]

भारतीय परम्परा तो यहाँ तक स्वीकार करती है कि वेद ही समस्त ज्ञान-विज्ञान के उत्स हैं। महाभारत में महर्षि व्यास कहते हैं-

**यानीहागमशास्त्राणि याश्च काश्चित्प्रवृत्तयः।**
**तानि वेदं पुरस्कृत्य प्रवृत्तानि यथाक्रमम्॥**[३]
**तथा च चातुर्वर्ण्यं त्रयो लोकाश्चत्वारश्चाश्रमाः पृथक्।**
**भूतं भव्यं भविष्यं च सर्वं वेदात्प्रसिध्यति॥**[४]

महर्षि दयानन्द ने भी अपनी प्रातिभ शक्ति से डिण्डिमघोष के साथ वेदों को ही सर्वोत्कृष्ट स्थान पर स्थापित करवाया, वेदों को समस्त ज्ञानविज्ञान का उत्स भी पाया, इसीलिए आर्यसमाज के नियमों में लिख गए कि वेद सब सत्य विद्याओं की पुस्तक है।[५] मनु महाराज ने भी इसी तथ्य को **'सर्वज्ञानमयो हि सः'**[६] के द्वारा प्रस्तुत किया। कहने का तात्पर्य यह है कि वेदों के ज्ञान के आधार पर ही समस्त लौकिक व्यवहार गतिमान् हो पाया।

**वेदाध्ययन की परम्परा**

आदि काल से ही ज्ञानचक्षुओं को खोल देने वाला वैदिक ज्ञान अपनी महत्ता से उत्कृष्टतम था, अतः उसी से ज्ञान की समस्त पिपासा शान्त की जाती रही। यह परम्परा अविच्छिन्नरूपेण महाभारतकाल तक निरन्तर गतिमत्ता के साथ समाज में दिखाई देती है। पुराकालिक प्रत्येक मानव वेदगत ज्ञानविज्ञान के स्वाध्याय के लिए अध्यवसाय करता दिखाई देता है। प्रत्येक ब्राह्मण, क्षत्रिय,

---

[१] वेदान्तशाङ्करभाष्य १.३.२८ में उद्धृत।
[२] मनुस्मृति १.२१
[३] अनुशासनपर्व १२२.४ (गीता प्रैस संस्करण)
[४] मनुस्मृति १२.९७
[५] आर्य समाज, तृतीय नियम
[६] मनुस्मृति २.७

वैश्य और शूद्र वर्ण तक उसकी पहुँच रही, जिसका साक्ष्य पुरातन साहित्य प्रस्तुत करता है। स्वयं वेदभगवान् की वाणी इसे सशक्तरूपेण अभिव्यक्ति देती है-

**यथेमां वाचं कल्याणीमावदानि जनेभ्यः।**
**ब्रह्मराजन्याभ्या शूद्राय चार्याय च स्वाय चारणाय॥**[1]

यह मन्त्र सम्पूर्ण मानवजाति तक वेदज्ञान को पहुँचाने की प्रेरणा देता है। ऐसे दिशा निर्देशों के रहते प्राचीन भारतीय समाज की जो उन्नतावस्था एवं सुख समृद्धि देखी जाती है, वह वेद के प्रत्येक जन तक पहुँचे होने और व्यवहार में वेदानुप्राणित जीवन जीने की कला के फलस्वरूप ही दिखाई देती है, जिसके मूल में था ऋषि, मुनियों और श्रेष्ठ आचार्यों के संरक्षण में वेदोपदेशों की अजस्रधारा द्वारा समाज को निर्मलता प्रदान करने का कार्य। इसप्रकार वर्णाश्रम धर्म की परिपालना सर्वत्र श्रेष्ठ मानव-परम्पराओं को ऊर्जा प्रदान करने का कार्य करती है। जिनका दिग्दर्शन वाल्मीकिरामायण प्रभृति ग्रन्थों के माध्यम से अनायास ही किया जा सकता है, जहाँ वेदाध्ययन की परम्परा सर्वसाधारण में दृष्टिगोचर होती है। यथा वाल्मीकि अयोध्या की सामाजिक उच्चता का चित्र खींचते हुए लिखते हैं-

**स्वकर्मनिरता नित्यं ब्राह्मणा विजितेन्द्रियाः।**
**दानाध्ययनशीलाश्च संयताश्च प्रतिग्रहे॥**
**नास्तिको नानृती वापि न कश्चिदबहुश्रुतः।**
**नासूयको न चाशक्तो नाविद्वान् विद्यते क्वचित्॥**[2]
**सर्वे वेदविदः शूराः सर्वे लोकहिते रताः।**[3]

रावण को वेद-वेदाङ्ग-तत्त्वज्ञ सुना जाता है, लेकिन सीता की खोज में जब हनुमान् लङ्का में भ्रमण करते हैं, तो उन्हें वहाँ का राक्षससमुदाय भी स्वाध्यायनिरत और मन्त्रों का जप करते हुए दिखाई देता है।

**शुश्राव जपताम् तत्र मन्त्रान् रक्षोगृहेषु वै।**
**स्वाध्यायनिरतान् च एव यातुधानान् ददर्श सः॥५.४.१३॥**

वस्तुतः ब्राह्मणत्व के योग्य समस्त गुणों से ओतप्रोत और कर्त्तव्यपरायण ब्राह्मण के होने पर क्षत्रियादि वर्णों का स्वकर्त्तव्य से विमुख होना सम्भव ही नहीं। जैसे कि शरीर में प्रामुख्य रखने वाली इन्द्रियों के ठीक-ठीक कार्य करने पर हस्तपादादि का उचित कार्य करना सर्वथा सिद्ध है, वैसे ही समाजरूपी शरीर के पालनकर्त्ता ब्राह्मण के ठीक रहने पर क्षत्रियादि वर्णों का कर्त्तव्यपरायण होना सुनिश्चित है। इसीलिए वाल्मीकि निस्सङ्कोच कहते हैं -

---

[1] यजुर्वेद २६.२
[2] वाल्मीकिरामायण १.६.१३, १४
[3] वही १.१८.२४

**क्षत्रं ब्रह्ममुखं चासीद् वैश्याः क्षत्रमनुव्रताः।**
**शूद्राः स्वकर्मनिरतास्त्रीन् वर्णानुपचारिणः॥** [१]

अर्थात् श्रेष्ठ ब्राह्मणों के पदचिह्नों पर चलने वाले क्षत्रिय थे उनका अनुवर्त्तन कर्त्तव्यपालन में वैश्य कर रहे थे। शूद्र भी अपने धर्म में निरत थे। ऐसे उत्कृष्ट समाज के मूल में वैदिक मान्यताएँ थीं और उन्हीं की पालना होती थी। व्याकरणमहाभाष्य के पस्पशाह्निकस्थ वाक्य **'ब्राह्मणेन निष्कारणो धर्मः षडङ्गो वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्च'** के अनुसार ब्राह्मण वेदाध्ययन में सर्वदा निरत रहने को अपना धर्म समझता था, वहीं वर्णच्युत हुए मानवों को भी सन्मार्ग पर लाने का प्रयत्न किया करता था।[२] क्षत्रियादि भी वेदपारग थे[३] और तदनुरूप राज्यशासन चलाने का उत्तरदायित्व बिना किसी आलस्य प्रमाद के निर्वहण करते थे। राम[४], नल[५] आदि ऐसे ही वेदादि शास्त्रों में पारङ्गत बहुविद्य राजपुरुष थे, जिनके रहते सुशासन की उच्चपरम्पराएँ स्थापित हुईं तथा सभी प्रजाजन सुखी एवं आनन्दित थे।

यहाँ यह स्पष्ट करना भी उचित होगा कि सर्वसाधारण में स्त्रियाँ भी वेदाध्ययन करती थीं इसका परिचय वेदों के मन्त्रार्थ का दर्शन करने वाली ऋषिकाओं तथा वहाँ प्राप्त विवरण से होता है। वैदिकसाहित्य के अथर्ववेद में स्त्रियों का ब्रह्मचर्यव्रतपूर्वक युवा पति को प्राप्त करने का निर्देश[६] यही स्पष्ट करता है कि कन्याएँ शिक्षित होने के लिए वेदादि का अध्ययन करें। आश्वलायनश्रौतसूत्र के **समानं ब्रह्मचर्यम्** प्रामाण्य से भी स्त्रियों का ब्रह्मचर्य विधान पुरुषवत् सिद्ध है।[७] अतः वे पुरुषों के समान ही वेद

---

[१] वही १.६.१९

[२] भविष्यपुराण प्रतिसर्ग पर्व ३.४२०,
मिश्रदेशोद्भवा म्लेच्छाः काश्यपेनैव शासिताः।
संस्कृताः शूद्रवर्णेन ब्रह्मवर्णमुपागताः॥
शिखासूत्रं समाधाय पठित्वा वेदमुत्तमम्।
यज्ञैश्च पूजयामासुर्देवदेवं शचीपतिम्॥
विशेष विवरण के लिए द्र. - भारतीय समाजशास्त्र, लेखक - पं. धर्मदेव सिद्धान्तालङ्कार, पृ. ६४-६६

[३] मनुस्मृति १२.१००, सेनापत्यं च राज्यं च दण्डनेतृत्वमेव च।
सर्वलोकाधिपत्यं च वेदशास्त्रविदर्हति॥

[४] वाल्मीकिरामायण १.१.१४, १५ रक्षिता स्वस्य धर्मस्य स्वजनस्य च रक्षिता।
वेदवेदाङ्गतत्त्वज्ञो धनुर्वेदे च निष्ठितः॥
सर्वशास्त्रार्थतत्त्वज्ञः स्मृतिमान् प्रतिभानवान्।
सर्वलोकप्रियः साधुरदीनात्मा विचक्षणः॥

[५] नैषधचरित श्लोक संख्या १.५, अमुष्य विद्या रसनाग्रनर्तकी त्रयीव नीताङ्गगुणेन विस्तरम्।
अगाहताष्टादशतां जिगीषया नवद्वयद्वीपपृथग्जयश्रियाम्॥

[६] अथर्ववेद ११.५.१८, ब्रह्मचर्येण कन्या युवानं विन्दते पतिम्।

[७] आश्वलायन श्रौतसूत्र ४.१५.२४

की ऋषिकाओं के रूप में वैदिक-सूक्तों की अर्थद्रष्ट्री देखी जाती हैं। हों भी क्यों नहीं ? परमात्मा ने नारियों को भी बुद्धि आदि का वैभव पुरुष के समान ही तो दिया है। इसीलिए वैदिक सूक्तों के आरम्भ में श्रद्धा और कार्तज्ञ प्रकटन के लिए उन मन्त्रों का अर्थदर्शन करने वाली ऋषिकाओं के नाम उल्लिखित हैं। निदर्शनार्थ ऋग्वेद् की अपालात्रेयी (ऋ. ८.९१) घोषा काक्षिवती (ऋ. १०.३९, ४०) इत्यादि २१ ऋषिकाओं का विस्तृत वर्णन पं. शिवशङ्कर काव्यतीर्थ की कृति वैदिक-इतिहासार्थ-निर्णय के घोषा ब्रह्मचारिणी और ब्रह्मवादिनी प्रकरण में देखा जा सकता है। बृहदारण्यकोपनिषद् अध्याय ४, ब्राह्मण ५ में भी ब्रह्मवादिनी मैत्रेयी उच्चकोटि की विदुषी के रूप में उल्लिखित है। लौकिक साहित्य के अध्ययन से भी ऐसा ही ज्ञात होता है। वाल्मीकिरामायण में कौशल्या वेदमन्त्रों के साथ देवयज्ञ करती हुई निरूपित हुई है।[१] वहीं तारा भी वेदवित् रूप में वर्णित है।[२] कैकेयी[३] और सीता[४] का निरूपण भी उनके वैदुष्य को वर्णित करता है। महाभारत में द्रौपदी पण्डिता के रूप में निरूपित है।[५] तो शिवा उद्योगपर्व १०९.१८ में वेदपारगा के रूप में चित्रित है। सुलभा शान्तिपर्व के अध्याय ३२०.८२ में एक ब्रह्मवादिनी के रूप में उल्लिखित है।

लौकिक-साहित्य के महाकवि कालिदास की विभिन्न रचनाओं से इस प्रकार के अनेक प्रमाण दिये जा सकते हैं, जिनसे नारियों का वैदुष्य स्पष्टतः परिलक्षित होता है। कुमारसम्भव के पञ्चम सर्ग की पार्वती ऐसी ही है। वह नित्य यज्ञ करने वाली और स्वाध्यायशीला है।[६] रघुवंश में गृहिणी को पुरुष के समस्त क्षेत्रों की सहायिका के रूप में चित्रित किया गया है। वह पुरुष की सङ्गिनी, सचिवतुल्या,

---

[१] वाल्मीकिरामायण (गीताप्रेस), अयोध्याकाण्ड २०.१५, १६

सा क्षौमवसना हृष्टा नित्यं व्रतपरायणा।
अग्निं जुहोति स्म तदा मन्त्रवत् कृतमङ्गला ॥
प्रविश्य तु तदा रामो मातुरन्तःपुरं शुभम्।
ददर्श मातरं तत्र हावयन्तीं हुताशनम् ॥

[२] वही, किष्किन्धाकाण्ड १६.१२, ततः स्वस्त्ययनं कृत्वा मन्त्रविद् विजयैषिणी।
अन्तःपुरं सह स्त्रीभिः प्रविष्टा शोकमोहिता ॥

[३] वाल्मीकीरामायण, अयोध्याकाण्ड ७२.४७

एवमुक्ता तु कैकेयी भरतेन महात्मना।
उवाच वचनं हृष्टा वृथा पण्डितमानिनी ॥

[४] वही, अरण्यकाण्ड ४९.१४, कैर्गुणैरनुरक्तासि मूढे पण्डितमानिनि।
यः स्त्रियो वचनाद् राज्यं विहाय ससुहृज्जनम् ॥

[५] महाभारत, आरण्यकपर्व २८.२, प्रिया च दर्शनीया च पण्डिता च पतिव्रता।
ततः कृष्णा धर्मराजमिदं वचनमब्रवीत्॥

[६] कुमारसम्भव ५.१६, कृताभिषेकां हुतजातवेदसं त्वगुत्तरासङ्गवतीमधीतिनीम्।
दिदृक्षवस्तामृषयोऽभ्युपागमन् न धर्मवृद्धेषु वयः समीक्ष्यते।

वही ५.३३ अपि क्रियार्थं सुलभं समित्कुशम् ।

सर्वप्रकार की हितोपदेशिका, सखी, प्रियशिष्या सब कुछ है।[१] बाणभट्ट की कृति हर्षचरित के आरम्भ में ही चित्रित सरस्वती महान् विदुषी है। पुराण साहित्य में भी अनेकों विदुषियों का वर्णन यह सिद्ध करता है कि स्त्री भी वेदादि पढने का अधिकार प्राचीन समय में रखती थी।[२]

**वेदाध्ययन में ह्रास के कारण**

कालान्तर में महाभारत युद्ध के आस-पास सच्चे, सदाचारी ब्राह्मणों में प्रमाद एवं स्वार्थजन्य न्यूनताएँ आने लगीं जिससे निम्न कुल में उत्पन्न हुए एकलव्य जैसे प्रतिभावान् जनों को भी शिक्षा न देना और राजकुलों में मानवता के विरुद्ध हुए द्यूत, द्रौपदी के चीरहरणादि निकृष्ट कृत्यों को मौन रहकर सह लेना, आवाज न उठाना समाज की अधोगति का कारण बना। शनैः शनैः शूद्रकुल में उत्पन्न हुओं में शिक्षा का, वेदोपदेश का नितान्त अभाव हो गया और वैदिक वर्णव्यवस्था चरमरा गई, साथ ही स्त्री जाति पर उसे अशुचि मानते हुए पवित्र वेद के अध्ययन अध्यापन के लिए प्रतिबन्ध लगे और यह प्रसिद्ध हुआ कि स्त्रीशूद्रौ नाधीयताम्। शूद्र के लिए तो वेदमन्त्र सुनने तक को कठोर शब्दों के द्वारा महान् मनीषी, उद्भट्ट विद्वान् आचार्य शङ्कर ने भी प्रतिबन्धित कर दिया।[३] परिणामस्वरूप जनसमुदाय का अर्धभाग अर्थात् ५० प्रतिशत नारी के रूप में अशिक्षित कर दिया गया। शेष बचे ५० प्रतिशत में शूद्र वर्ण की प्रतिभागिता लगभग १० प्रतिशत तो न्यूनातिन्यून माननी ही होगी। इसप्रकार ६० प्रतिशत संख्या से वेद ज्ञान छीन लिया गया। शनैः शनैः क्षत्रिय भी वेद से दूर हो गये और ब्राह्मण वर्ग ने अध्ययन अध्यापन में वेद को नहीं रखा तो साम्प्रतिक काल में वेद की चिन्त्य स्थिति हो गई। नारी के अशिक्षित होने से हर जन्म लेने वाले शिशु पर अशिक्षा का प्रभाव पडा।

कैसी विडम्बना है कि नारी शिक्षा का विरोध कुछ काल पूर्व तक होता रहा है। स्त्री के वेद पढने को तो कुछ तथाकथित धर्माचार्य अब भी उचित नहीं मानते। यह वृतान्त कई बार समाचार पत्रों की सुर्खियों में रहता है। संस्कृत साहित्य के मनीषी चिन्तक व्याख्याकारों की बुद्धि पर भी तरस आता है जब वे पुरातन कवियों की नारी के चित्रण में किए गए यज्ञोपवीत धारण अथवा वैदुष्य को नमन नहीं करते, अपितु ऐसे स्थलों की व्याख्या करते हुए नारी-विरोधी मानसिकता के शिकार दिखाई देते हैं। निदशनार्थ संस्कृत-गद्यकाव्य की उत्कृष्ट कृति कादम्बरी में चन्द्रापीड की दिग्विजय के प्रसङ्ग में कवि

---

१ रघुवंश ८.६७, गृहिणी सचिवः सखा मिथः प्रियशिष्या ललिते कलाविधौ।

२ वेदाध्ययन में स्त्रियों को अधिकार विषय में विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य- स्त्रियों का वेदाध्ययन और वैदिक कर्मकाण्ड में अधिकार नामक पुस्तक, लेखक- पं. धर्मदेव, प्रकाशन- सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, दिल्ली, प्रथम संस्करण वर्ष जनवरी १९४८

३ वेदान्तशाङ्करभाष्य १.३.३८, अथास्य वेदमुपशृण्वतस्त्रपुजतुभ्यां श्रोत्रपरिपूरणं, वेदोच्चारणे जिह्वाच्छेदः, धारणे शरीरभेद इति।

बाणभट्ट गन्धर्वकन्या महाश्वेता का वर्णन करते हुए उसे स्पष्टतः ब्रह्मसूत्र से पवित्र काया वाली[१] बताते हैं, परन्तु वहीं संस्कृत व्याख्याकार आचार्य शेषराजशर्मा रेग्मी पहले तो उत्कृष्ट परम्परा का उल्लेख करते हुए लिखते हैं- **पूर्वकाले स्त्रीणामुपनयनं ब्रह्मचर्यं चाभूत्, तथा हि स्मृतिः- पुराकाले तु नारीणां मौञ्जीबन्धनमिष्यते। अध्यापनं हि वेदानां सावित्रीवाचनं ततः॥इति।** और फिर मानसिक दुर्बलता का परिचय देते हुए लिख डालते हैं- **कलियुगे तु सकलस्य तस्य निषेधः।**[२] अहा ! कैसी विसङ्गति है। क्या कलियुग की समस्त नारियों ने कोई पाप कर दिया, जिससे धर्माचार्यों ने उन पर पाबन्दियाँ लगा दी हों? और क्या बाणभट्ट किसी अन्य युग में आविर्भूत हुए थे, जो इसप्रकार का वर्णन कर गये? ऐसी ही सङ्कीर्ण मनोवृत्ति को प्रदर्शित करने वाला प्रकरण महाकवि भवभूति के उत्तररामचरित नामक महान् नाटक के व्याख्याकार पं. तारिणीश झा की टिप्पणी में देखने को मिलता है। इस नाटक के द्वितीय अङ्क में आत्रेयी और वनदेवता नाम से चित्रित दो स्त्री पात्रों के सम्वाद में वनदेवता के आत्रेयी से यह पूछने पर कि इस दण्डकारण्य में परिभ्रमण का आपका क्या प्रयोजन है? उत्तर में आत्रेयी कहती हैं- **अस्मिन्नगस्त्यप्रमुखाः प्रदेशे भूयांस उद्गीथविदो वसन्ति। तेभ्योऽधिगन्तुं निगमान्तविद्यां वाल्मीकिपार्श्वादिह पर्यटामि॥**[३] इससे स्पष्ट है कि स्त्रियाँ भी वेदादि विद्याओं को पढती थीं। परन्तु तारिणीश झा महोदय व्याख्या भाग में टिप्पणी करते हुए लिखते हैं- यद्यपि न स्त्रीशूद्रौ वेदमधीयताम् इस वचन के अनुसार आत्रेयी का वेदाध्ययन असंगत प्रतीत होता है, किन्तु पूर्व कल्प में स्त्रियाँ दो प्रकार की होती थीं- एक ब्रह्मवादिनी और दूसरी गृहमेधिनी। उनमें ब्रह्मवादिनी स्त्रियों का उपनयनसंस्कार और वेदाध्ययन भी होता था। यथा- **पुराकल्पे तु नारीणां मौञ्जीबन्धनमिष्यते। अध्यापनञ्च वेदानां सावित्रीवाचनं तथा॥** अत एव उपर्युक्त वचन गृहस्थ स्त्रियों के लिए वेदाध्ययन का निषेधक है, ऐसा समझना चाहिए। यहाँ व्याख्याकार की नारीजाति के प्रति अनुदार और अनावश्यक टिप्पणी है। यहाँ प्रमाणरूप में उपन्यस्त श्लोक में कहाँ दोनों प्रकार की स्त्रियों का उल्लेख है? जिसका यह अभिप्राय निकाला गया और क्या ब्रह्मवादिनी माँ के उदर से ही ब्रह्मवादिनी बन के आती हैं? या उनके मस्तक पर ऐसा लिखा होता है? नहीं, तो सभी नारियाँ आचार्यकुल में गई होंगी और फिर कुछ ब्रह्मवादिनी बनती होंगी और कुछ गृहमेधिनी। तो क्या गृहस्थ में जाना कोई पाप है कि अचानक ही उन पर वेदाध्ययन का निषेध कर दिया जाये। जब कि वेद और उपनिषद् आदि ग्रन्थ गृहस्थ का अति उत्कृष्ट वर्णन करते हैं। **'प्रजातन्तुं मा व्यवच्छेत्सीः'**[४] यह भी

---

१ कादम्बरी महाकाव्य, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, द्वितीय संस्करण १९८२ ई., महाश्वेता वर्णन, पृ. ४०५, ब्रह्मसूत्रेण पवित्रीकायाम्

२ द्र. वहीं, व्याख्याभाग, पृ. ४०६

३ उत्तररामचरित २.३, रामनारायणलाल बेनीप्रसाद प्रकाशक तथा पुस्तक-विक्रेता, इलाहाबाद, चतुर्थ संस्करण १९७५ ई.

४ तैत्तिरीयोपनिषद्

उपनिषद् का आदेश है। यह भी सिद्ध है कि गृहस्थधर्मप्राप्त नारी को अधिक वेदाध्ययन करना चाहिए जिससे वह वेदानुकूल शिशुओं का निर्माण कर सके।[१] अन्यथा माता के मूर्ख होने पर बच्चों के भी मूर्ख होने की ही प्रबल सम्भावना है। पुनः इसप्रकार का अभिप्राय निकालना, दूषित मानसिकता को ही अभिव्यक्त करता है।

अस्तु, आधे से अधिक जनसमुदाय के वेदों से दूर होने के कारण समाज में स्वाध्याय नहीं रहा और वर्णव्यवस्था छिन्न भिन्न हो आजकल की जातियों में समाज विभक्त हो गया। आज स्थिति यह हो गई कि वेद पढ़ना पढ़ाना जिन ब्राह्मणों का निष्कारण धर्म कहा जाता था, वह अद्यतनीय जन्मना ब्राह्मणों से बहुत दूर हो गया है। द्विवेदी, त्रिवेदी, चतुर्वेदी कहे जाने वाले तथाकथित ब्राह्मण भी अधिकतर ऐसे हैं जो वेदद्दष्ट, श्रुत भी नहीं हैं, पठित तो कहाँ से होंगे और यदि किसी ने शुकवत् पाठ कर भी लिया हो तो अर्थ का परिज्ञान करने का किञ्चिन्मात्र भी प्रयत्न नहीं, जिससे कोई लाभ नहीं।[२] परन्तु स्वार्थसिद्धि के लिए धन कमाने के तरीके बुद्धिचातुर्य से निकाल लिए, कहीं भागवत्पुराण के पाठ से, तो कहीं रामायण के सुन्दरकाण्ड या रात्रीजागरण के नाम पर पूजा-पाठ से और मनुस्मृति जैसे ग्रन्थों में जहाँ सच्चे ब्राह्मण के तप, त्याग, जितेन्द्रियतादि उच्च आदर्शों का उल्लेख है वहाँ श्लोकों का प्रक्षेप कर विद्वान्, अविद्वान् सभी रूपों में ब्राह्मणाभिमानी को सर्वथा पूज्य घोषित कर दिया।[३] एक समय था जब ब्राह्मण उच्च आदर्शों की परम्परा से युक्त कर्मयोगी होकर सच्चे ब्राह्मण का जीवन व्यतीत करता था और राजा, महाराजा भी उसके इस चरित्र से अभिभूत हो चरणों में नत होते थे। आज वही नामधारी कर्महीन हुआ कहीं शूद्रत्व को प्राप्त किए है तो कहीं संस्कृत भी पढ़ा है तो व्याकरण, साहित्य, धर्मशास्त्र आदि मात्र लौकिक-साहित्य में फँसकर रह जाता है, वेद तक नहीं पहुँचता और नित अनपढ़ राजनेताओं के समक्ष नत होता लज्जित नहीं होता।

---

[१] तुलनीय- महाभारत (पुणे संस्करण), अनुशासन पर्व १०९.६२, नास्ति वेदात्परं शास्त्रं नास्ति मातृसमो गुरुः।

[२] तुलनीय- निरुक्त १.१८, स्थाणुरयं भारहारः किलाभूदधीत्य वेदं न विजानाति योऽर्थम्।
योऽर्थज्ञ इत्सकलं भद्रमश्नुते नाकमेति ज्ञानविधूतपाप्मा॥
यद्गृहीतमविज्ञातं निगदेनैव शब्द्यते।
अनग्नाविव शुष्कैधो न तज्ज्वलति कर्हिचित्॥
महाभाष्य पस्पशाह्निक में यह श्लोक यदधीतम् से आरम्भ है।

[३] मनुस्मृति ९.३१७, ३१९, अविद्वांश्चैव विद्वांश्च ब्राह्मणो दैवतं महत्।
प्रणीतश्चाप्रणीतश्च यथाऽग्निर्दैवतं महत्॥
एवं यद्यप्यनिष्टेषु वर्तन्ते सर्वकर्मसु।
सर्वथा ब्राह्मणाः पूज्याः परमं दैवतं हि तत्॥

**वेदों पर आरोप**

वेदों का कोई संरक्षक, पोषक नहीं रहा तो कुछ अपनों ने वेदार्थ को लौकिक शब्दों के अनुसार देखना आरम्भ किया या यज्ञीय कर्मकाण्ड तक सीमित कर वेदों में इससे अधिक कुछ नहीं, कह डाला। वैदेशिकों ने सम्पादन आदि के विशेष प्रशंसनीय कार्य किए, परन्तु उसकी आत्मा तक नहीं पहुँच सके तथा वेदों की गरिमा और अपौरुषेयता को नकारने के अनर्गल प्रलाप करते रहे। वेदों को गडरियों के गीत तक कहा गया। जादू टोने होने का उल्लेख होना बताया गया। समय विशेष में वेदों की संरचना के अविश्वसनीय आलेख प्रस्तुत किए गए। पुरातन राजा, महाराजा, ऋषि, मुनियों, पर्वतों, नदियों आदि के वेद में आगत समान नामों को देख वैदिक इतिहास को खोजने के प्रयास भी हुए। सायण आदि आचार्यों के भाष्य और पुराणों में आने वाले विशेष आख्यान इसके आधार बने। वेदों में इतिहास है ? इस पक्ष को परिपुष्ट करने के लिए वैदिक सञ्ज्ञाओं को वैदिक इण्डेक्स नामक ग्रन्थ में पाश्चात्त्य विद्वान् मेक्डानल ने एकत्रित कर वैदिकों के सामने प्रस्तुत किया। इस प्रकार वेदों को कुछ काल पूर्व की रचना मान कर ऐसे कार्य किए गये।

**वेदों के उद्धार का प्रयत्न**

महर्षि दयानन्द आधुनिक भारत के तलस्पर्शी वेदज्ञ हैं। इनका वेदों के प्रति श्रद्धाभाव अति उच्चकोटि का है। वेदों को ये समस्त सत्य विद्याओं की पुस्तक मानते हैं। यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं कि वेदों के पढ़ने पढ़ाने, अध्ययन करने कराने की जो परम्परा सृष्टि के आदि कालिक महर्षि ब्रह्मा से लेकर जैमिनि पर्यन्त नैरन्तर्येण चलती रही थी, उसी को ही आधुनिक काल में सर्वप्रथम महान् वेदमनीषी वेदोद्धारक ऋषिवर देव दयानन्द ने हृदयंगम कर वेदों को वेदों से ही जानने समझने और वैदिकपरम्पराओं की ओर लौटने पर बल दिया। मूल ऋग् आदि चार वेदों को अपौरुषेय मानते हुए परम प्रमाण माना और वेदेतर ग्रन्थों का वेद से विरुद्धता की स्थिति में अप्रामाण्य स्वीकार किया। शाखा-ग्रन्थों तथा ब्राह्मण-ग्रन्थों को ऋषियों की रचना होने के कारण वेदत्व नहीं माना। वेदसमस्त ज्ञान-विज्ञान के आदि स्रोत हैं, इसे सशक्त तरीके से प्रतिपादित किया। धातुओं के अनेकार्थत्व के सिद्धान्त को मानकर मन्त्रों के विविध अर्थ किये, समस्त शब्द यौगिक माने, सनातन-परम्परा को पुनरुज्जीवित करते हुए कहा कि वेदों में लौकिक देहधारी व्यक्ति-विशेष आदि के इतिहास नहीं हैं। सायणाचार्य आदि के द्वारा यत्र कुत्रचित् प्रदर्शित भाष्यों में इतिहासवर्णन भ्रममूलक ही है।[१] वेदों का ज्ञान मनुष्यमात्र के लिए है अतः वर्णधर्म पर बल देते हुए सभी वर्णों को **'कुर्वन्नेवेह कर्माणि**

[१] द्र. ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका, वेदसञ्ज्ञाविचार प्रकरण के आदि में नात्र मन्त्रभागे हीतिहासलेशोऽप्यस्तीत्यव-गन्तव्यम्। अतो यच्च सायणाचार्यादिभिर्वेदप्रकाशादिषु यत्र कुत्रेतिहासवर्णनं कृतं तद् भ्रममूलमस्तीति मन्तव्यम्।

**जिजीविषेच्छतं समाः'** के अनुसार कर्मयोगी होने की प्रेरणा देते हैं। स्त्री के पठन-पाठन की विशेष व्यवस्था पर बल देने का आग्रह पदे-पदे इनके साहित्य में दृष्टिगोचर होता है। शिक्षाशास्त्री के रूप में ये अप्रतिम स्थान रखते हैं। ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका, वेदभाष्य आदि ग्रन्थों को सामान्य जनता का कण्ठहार बनाने के लिए संस्कृत और हिन्दीभाषा में लिखना भी दयानन्द की अन्यतम विशेषता है। वैदिक शास्त्रार्थों की परम्परा को पुनः चलाने के लिए अपने काल में वेदाधृत सैकड़ों शास्त्रार्थ विरोधियों से किये। आर्यसमाज की स्थापना कर अपने बाद में भी वेदों पर कार्य करने वालों की एक लम्बी पंक्ति का निर्माण भी किया। आर्यसमाज के गुरुकुलों से निकले अनेक विद्वानों ने वैदिक परम्परा को गति देने के लिए अनेक ग्रन्थों का निर्माण कर वेदज्ञान की श्रीवृद्धि की, जिससे सर्वग्राह्यता सिद्ध हो सके।

**वैदिक ज्ञान की सर्वग्राह्यता हेतु सुझाव-**

वैदिक ज्ञान साम्प्रतिक काल में कैसे सर्वग्राह्य हो इस विषय में निम्न बिन्दुओं के अनुसार कार्य किया जाना अपेक्षित है-

- वैदिक ज्ञान मनुष्यमात्र के लिए है, यहाँ किसी प्रकार की आधुनिक काल में चल रही जाति आदि का भेदभाव स्वीकार्य नहीं है, इसको स्वीकार कर सभी को वेद के अनुसार चलने की प्रेरणाएँ दी जा सकती हैं।
- आधुनिक शिक्षाव्यवस्था में वेद के अनुसार परिवर्तन आवश्यक एवं अपरिहार्य है। जहाँ शिक्षा आवासीय और एकान्त में दी जाती है।[१]
- कर्तव्य कर्म को जीवन में महत्त्व देकर **'जन्मना जायते शूद्रः संस्काराद्विज उच्यते'** के अनुसार वर्णव्यवस्था की पुनः स्थापना का प्रयास हो, जिससे आधुनिक जन्म से जाति आदि का भेद मिट जाये।
- शिक्षक अर्थात् आचार्य जिसे ब्राह्मण भी कहा जा सकता है यदि वैदिक कर्तव्यबोध से अनुप्राणित, आचारवान्, धर्मनिष्ठ, आध्यात्मिक, स्वार्थ से परे, समर्पितभाव से युक्त, सभी छात्रों को समानदृष्टि से देखने वाला होगा तो समाज का कल्याण होना अवश्यम्भावी है।
- **'यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः'** के अनुसार आचार्य द्वारा ब्राह्मणेन निष्कारणो धर्मः षडङ्गो वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्च इस वाक्य की अनुपालना में जीवन अर्पित करते हुए वैदिकी संस्कृति की रक्षा करना सम्भव है। ऐसे आचार्य का अनुकरण करता हुआ शिष्य भी वैसा ही बन जायेगा इसमें कोई अत्युक्ति नहीं और कुछ वर्षों में समाज में भी तादृश अपेक्षित परिवर्तन निश्चयेन होगा।

---

[१] यजुर्वेद २६.१५, उपह्वरे गिरीणां सङ्गमे च नदीनाम्। धिया विप्रो ऽ अजायत॥
अथर्ववेद ११.५.३, आचार्य उपनयमानो ब्रह्मचारिणं कृणुते गर्भमन्तः।
तं रात्रीस्तिस्र उदरे बिभर्ति तं जातं द्रष्टुमभिसंयन्ति देवाः॥

- शिक्षार्थी को मुख्यतः मनुर्भव की शिक्षा दी जाये, न कि केवल अर्थार्जन की। अर्थशुचिता को सर्वोत्कृष्ट महत्त्व दिया जाये।
- अहम् की नहीं अपितु वयम् की भावना वैदिकी है। यथा- **'वयं स्याम पतयो रयीणाम्'** इसका स्वारस्य समाज में सुधार करेगा।
- आधुनिक शिक्षार्थी की कोई दिनचर्या नहीं है, अतः उसे वैदिकी जीवनचर्या, जिसमें आध्यात्मिकता का सर्वोत्कृष्ट महत्त्व है उसे बताते हुए तदनुरूप चलने की प्रेरणाएँ दी जायें तो वह वेद का सही मूल्याङ्कन कर पायेगा।
- वैदिक आर्षशास्त्र ही जीवन में सुख के आधार हैं, अतः आनुपूर्वी के साथ पठन-पाठन में लाने से उनका तात्त्विक अर्थ और महत्त्व स्पष्ट होगा, तो वेदों की ओर जनसामान्य की अभिरुचि बढेगी। जैसे योग और आयुर्वेद का महत्त्व अब दिखाई देने लगा है।
- यज्ञ-यागादि का कृषि कार्यों एवं सामान्य तथा विशेष रोग आदि के निवारण में वैज्ञानिक दृष्टि से अनुसन्धान वैदिक ज्ञान-विज्ञान के लिए नव छात्रों में अभिरुचि पैदा करेगा।
- अनावृष्टि, अतिवृष्टि में यज्ञों का महत्त्व वैदिक शास्त्रों में प्रतिपादित है, इस हेतु नवीन अनुसन्धानों की रूपरेखा बना प्रायोगिकरूप से सर्वसाधारण को जोडने से वैदिक ज्ञान का प्रचार-प्रसार होगा।

अन्त में पं. रघुनन्दन शर्मा के वैदिकसम्पत्ति में प्रतिपादित वचनों से लेख का समापन कर रहा हूँ जिसमें वे स्थायी सुख को प्राप्त करने का मूल बता रहे हैं, यही सर्वसाधारण को समझाने की आवश्यकता है। वे अपने ग्रन्थ की भूमिका में लिखते हैं- सृष्टि की वास्तविक रचना और उसके उपयोग करने की वास्तविक विधियों का ठीक ठीक पता लगाना मनुष्य-बुद्धि के बाहर है। उसका सच्चा ज्ञाता तो परमेश्वर ही है। वही आदि में मनुष्यों को सब भेद और विधियाँ बतलाता है। उसके बतलाये हुए रहस्यों और विधियों का ही सङ्ग्रह वेदों में है, इसलिये जब तक मनुष्य अपना धर्म, समाज और राष्ट्र वैदिक विधि के अनुसार निर्माण न करे तब तक वह स्थायी रूप से सुखी नहीं रह सकता।[१] सूक्ति वचन है **'ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः'**, अतः नित्य आनन्द की अनुभूति के लिए मनीषीबन्धु स्वयं **'स्वाध्यायप्रवनाभ्यां न प्रमदितव्यम्'** इस उपनिषद् वाक्य से प्रेरणा लेकर प्रतिदिन वेदों का मनन चिन्तन करें, उसके वास्तविक अर्थ को पहले समझें, स्व आचरण, व्यवहार में लायें और ततः सामान्य जनता को भी उससे अनुप्राणित करें, जिससे श्रोता भी यथासामर्थ्य उसका लाभ उठा पायें। क्योंकि किसी भी प्रकार का उत्कृष्ट ज्ञान सभी के लिए प्राप्य होता है तथा यह धन **'व्यये कृते वर्धत एव नित्यम्'** की भाँति है। व्यय न करने पर विनाश सम्भव है, जैसा कि अनुभव में है। यही वेदों की सर्वग्राह्यता है।

**प्रो. (डॉ.) ब्रह्मदेव**

गुरुकुल काङ्गड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

[१] पं. रघुनन्दन शर्मा, वैदिक सम्पत्ति, भूमिका, पृष्ठ २, प्रकाशक- माता कलावती धर्मार्थ न्यास, ५००/२ हलवाई हट्टा पानीपत (हरियाणा), सन् १९९०

अङ्क-२९ वेदविद्या
जनवरी-जून २०१७ ISSN-२२३०-८९६२

# वेदों और वेदाङ्गों के अध्ययन-अध्यापन में आंध्र प्रदेश के प्राचीन राजाओं का योगदान

**विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल्**

**आंध्र : नाम, शब्द और प्राचीनता**

आंध्र प्रदेश भारतीय उपमहाद्वीप के सर्वाधिक प्राचीन सांस्कृतिक-ऐतिहासिक क्षेत्रों में से एक है। वैदिक संस्कृति के मूल में ही यह प्रदेश दक्षिणापथ की एक सुदृढ इकाई के रूप में प्रतिष्ठित रहा है। आंध्रप्रदेश में वेदों का उच्च कोटि का सस्वर अध्ययन, श्रौत यज्ञ अनुष्ठान, शास्त्रों और विप्र परम्परा का प्रयोग निरन्तर प्रचीन काल से ही है। "आंध्र" शब्द की प्राचीनता वैदिक एवं पुराणीय साहित्य में स्पष्ट रूप से प्रमाणित है। "अंध्र" नाम से प्रसिद्ध प्राचीन लोग जहाँ अधिक निवास करते थे[१] वह जनपद अथवा प्रदेश आंध्र नाम से प्रसिद्ध हुआ।

ऐतरेयब्राह्मण[२] के शुनश्शेपाख्यान में दक्षिण दिशा के जनपदों के सन्दर्भ में आंध्रों का नामोल्लेख स्पष्ट मिलता है, जिससे यह सिद्ध होता है कि आंध्र के लोग वैदिक समाज में भी ज्ञात थे। महाभारत[३] भीष्मपर्व में "आंध्र" लोगों को पर्वतों के निवासी, विशिष्ट जनसमूह के रूप में उल्लेखित किया गया है।

---

१ संस्कृत व्याकरण की लम्बी परम्परा के अनुसार उन स्थानों पर निवास करने वाले मूल लोगों के कारण देश का नाम कर दिया गया। अष्टाध्यायी में तदस्मिन्नस्तीति देशे तन्नाम्नि (सि कौ ४.२.६७) तेन निर्वृत्तम् (सि कौ ४.२.६८) तस्य निवासः (सि कौ ४.२.६९) अदूरभवश्च ( सि. कौ. ४.२.७०) इन चारों अर्थ में देश वाचक शब्द की निष्पत्ति की जाती है। सूत्र भाग में से 'देशे तन्नाम्नि' अनुवृत्ति होने से देश के नाम रखे जाते थे। कम्बोजाल्लुक् ४.१.१७५, कम्बोजादिभ्य इति वक्तव्यम् (वार्तिकम्) सिन्धुतक्षशिलादिभ्योऽणञौ इन से भी देश वाचक शब्द की निष्पत्ति की जाती है ॥

२ त एते आन्ध्राः पुण्ड्राः शबराः पुलिन्दा मूतिबा इत्युदन्त्या बहवो भवन्ति। ऐतरेयब्राह्मणम्, 7.18

३ अन्ध्राश्च बहवो राजन्नर्गिर्यास्तथैव च।
बहिर्गिर्याङ्गमलदा मागधा मानवर्जकाः ॥ महा. भीष्मपर्व (6). 10.48. ॥

सभापर्व[४] में आंध्रों को दक्षिण भारत के निवासियों के रूप में उल्लिखित किया गया है। **मत्स्य पुराण**[५] स्पष्ट रूप से कहता है— "आन्ध्राः सप्तविंशतिः राजानो भविष्यन्ति…" जिससे यह प्रमाणित होता है कि आंध्र लोगों का प्रशासकों-राजाओं के रूप में अस्तित्व ईसा-पूर्व 1वीं शताब्दी से बहुत पहले स्थापित हो चुका था। पुराणीय साहित्य में आंध्रों का उल्लेख और भी स्पष्ट है। मत्स्य पुराण, वायु पुराण[६] तथा ब्रह्माण्ड पुराण में कहा गया है— "आन्ध्राः सप्तविंशतिः राजानो भविष्यन्ति…"। इन ग्रन्थों में सातवाहन शासकों को "आन्ध्रभृत्य" कहा गया है, जिससे यह प्रमाणित होता है कि ईसा-पूर्व 1वीं शताब्दी से ईसा की प्रारम्भिक शताब्दियों तक आंध्र देश एक सङ्गठित राजकीय और सांस्कृतिक क्षेत्र था।

इस प्रकार ब्राह्मण वाङ्मय, पुराण, महाकाव्य ग्रन्थों में "आंध्र" शब्द का निरन्तर प्रयोग यह सिद्ध करता है कि आंध्र देश केवल भौगोलिक संज्ञा नहीं, बल्कि प्राचीन भारत की वैदिक-संस्कृत परम्परा का एक सशक्त केन्द्र रहा है। राजराज चोळ के सिक्के आंध्रा में तेलेश्वर नामक स्थान पर गोदावरी नदी के तट पर प्राप्त हुए हैं। अतः राजराज चोळ, जो आज का तमिळनाडु तंजाऊरु से शासन कर रहा था, का व्यापार अथवा शासन आंध्र तक विस्तृत था, सच में राजराज चोळ सम्राट था, इंडोनेशिया, मलय तक उसका शासन फैला हुआ था।

## राजाओं का योगदान

प्राचीन भारतीय सभ्यता के अध्ययन प्रणाली में वेद और वेदाङ्गों का अत्यन्त महत्त्व था, भारत की संस्कृति का मूल आधार वेद हैं। वेद केवल धार्मिक ग्रन्थ नहीं, बल्कि जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रभावी ज्ञान का स्रोत है। वेदों का अध्ययन महत्त्वपूर्ण था, विशेष रूप से ज्ञानी के रूप में सम्मानित होने के लिए विप्रों में वेद अध्ययन की प्रधानता थी। भारतीय भूक्षेत्र के आंध्रा भाग में भी

---

[४] दिग्भ्यः सर्वे समापेतुः पार्थिवास्तत्र भारत।
.............
पौण्ड्रको वासुदेवश्च वङ्गः कलिङ्गकस्तथा॥
आकर्षः कुन्तलश्चैव वानवास्यान्ध्रकास्तथा॥ महा. सभापर्व (2). 31.11. ॥
द्रविडाः सिंहलाश्चैव राजा काश्मीरकस्तथा।
..........
एते चान्ये च बहवो राजानो मध्यदेशजाः।।
आजग्मुः पाण्डुपुत्रस्य राजसूयं महाक्रतुम्।। महा. सभापर्व (2). 31.17. ॥

[५] मत्स्यपुराण 114.5–6

[६] वायुपुराण 99.198

इन वेद वाङ्मय-ग्रन्थों का अध्ययन बड़े ही श्रद्धा और समर्पण के साथ प्राचीन काल से निरन्तर किया जाता था। यहाँ के राजाओं ने वेद और वेदाङ्गों के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था को न केवल स्थाई समर्थन दिया, बल्कि उसे पूर्ण प्रोत्साहित भी किया, भूमि दान से पुरस्कृत किया। वेद और वेदाङ्गों का अध्ययन आंध्रा में पूर्व काल से ही समाज में गहरा प्रभाव डाला, इससे समाज में नैतिक सिद्धान्त पर आधारित व्यवस्था विकसित हुई। राजाओं का वेद अध्ययन में रुचि होने से समाज में धार्मिक आस्था और संस्कारों का वातावरण बनता था, जिससे जनता में धार्मिकता और नैतिकता का प्रचार-प्रसार हुआ। आंध्र का इतिहास वैदिक परम्परा और सनातन धर्म की समृद्ध सांस्कृतिक धारा से गहराई से जुड़ा हुआ है। यहाँ के प्राचीन और मध्यकालीन राजाओं — पल्लव, सातवाहन, चालुक्य, रेड्डी, विजय नगर और काकतीय आदि — ने न केवल राजनीतिक और आर्थिक दृष्टि से राज्य को समृद्ध किया, बल्कि वेद, वेदाङ्ग, धर्मशास्त्र, संस्कृत विद्या और धर्मविद्या के संरक्षण तथा प्रसार में भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आंध्रा के राजाओं ने वेद अध्ययन के प्रति विशेष प्रोत्साहन दिये। उन्होंने अपने साम्राज्यों में अनेक शिक्षण केन्द्र और आश्रम स्थापित कराए। ये केन्द्र न केवल वेद की शिक्षा देते थे, बल्कि वेदाङ्गों जैसे कि शिक्षा, व्याकरण, छन्द, निरुक्त, ज्योतिष, कल्प, कृष्णयजुर्वेद, और ब्राह्मणवाङ्मय सहित अन्य ज्ञान की भी शिक्षा प्रदान करते थे। आंध्रा और कांची के पल्लव वंश के राजाओं ने अपनी शक्ति और धर्म दोनों को समान विश्वास के साथ बनाए रखने के लिये वेद अध्ययन को बढ़ावा दिया। उनके शासनकाल में वेद और वेदाङ्गों का गहन अध्ययन होता था। कांचीधाम जैसे प्रसिद्ध धार्मिक केन्द्र वेद और वेदाङ्गों से सम्बन्धित शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी स्थान था। वहाँ के विद्वान एवं आचार्य वेद और वेदाङ्गों का निरन्तर अध्यापन एवं आचार्यत्व करते थे।

**वैदिक शिक्षण संस्थान, उनका सामाजिक और धार्मिक प्रभाव**

आन्ध्र में विशेष कर मन्दिर परिसर में शिक्षण केन्द्र - घटिकास्थान - (दक्षिण भारत में शिलालेखों में, ताम्र शासनों में उल्लिखित प्राचीन काल से प्रसिद्ध वेद अध्ययन केन्द्र) स्थापित किए गए थे[७], जहाँ वेद और वेदाङ्गों का अध्ययन मुख्य विषय था। इन संस्थानों में गुरु और आचार्य विद्यार्थियों को वेदों, प्राचीन व्याकरण, छन्दश्शास्त्र, यजुर्वेद और अन्य सम्बन्धित शास्त्रों का अध्ययन कराते थे। ये वैदिक शिक्षण संस्थान न केवल अध्ययन स्थान थे, बल्कि वे विद्वानों का सम्मेलन स्थान भी थे। शिक्षण की व्यवस्था में विशेष ध्यान दिया जाता था कि छात्र वेद और

---

७ Administrative and Social Life under Pallavas, Prof. C Minakshi, pp186

वेदाङ्गों का गहराई से अध्ययन करें, कण्ठस्थ करें, पङ्क्तियों को यथावत् सुरक्षित रखें। इसके अलावा, इन संस्थानों में धार्मिक अनुष्ठान, संस्कार और पूजा का भी आयोजन होता था, जिससे छात्र धर्म एवं नैतिकता का पाठ भी सीखते थे। इन राजाश्रित वैदिक शिक्षण संस्थानों का सञ्चालन मुख्य रूप से ऋषि तुल्य विप्र विद्वानों द्वारा किया जाता था, जिन्होंने ज्ञान का संरक्षण और प्रचार किया।

**वेद एवं वेदाङ्ग**

वेद चार हैं — ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद — जो भारतीय ज्ञान का आधार माने जाते हैं। इनमें ऋग्वेद में ज्ञान आधारित ऋचाएँ हैं, यजुर्वेद में यज्ञ ज्ञान के सूत्र हैं तथा यज्ञविधि का वर्णन है, सामवेद में सङ्गीतात्मक ऋचाओं का दर्शन है और अथर्ववेद में मन्त्र-उपचार, औषधि, दर्शन तथा गृहस्थ-जीवन के नियम आदि विषयों का उल्लेख है। वेदों के अध्ययन को व्यवस्थित और पूर्ण करने हेतु छह वेदाङ्ग हैं। इनमें शिक्षा में वेद मन्त्र उच्चारण विधि और स्वर का ज्ञान कराया जाता है, व्याकरण से वेद शब्दों के प्रकृति प्रत्यय ज्ञान, भाषा की शुद्धि ज्ञात होती है, निरुक्त से शब्दों का निर्वचन, और अर्थ-निर्णय किया जाता है, कल्प में यज्ञ वेदी, यज्ञविधि और संस्कार का वर्णन है, छन्दस् में वेद मन्त्र के छन्द, अक्षरपरिमाण का अध्ययन कराया जाता है, और ज्योतिष में ग्रह, नक्षत्र, कालगणना तथा पञ्चाङ्ग-निर्माण का ज्ञान दिया जाता है। इन वेदाङ्गों के अध्ययन से वेदाध्ययन पूर्ण और अनुशासित बनता था। आंध्र के अनेक मन्दिरों और वेद गुरुकुलों में वेद के साथ वेदाङ्गों की पूर्ण शिक्षा दी जाती थी, जिस केलिए अनेक अग्रहार प्रसिद्ध थे ।

कुछ महत्त्वपूर्ण अग्रहारों का उल्लेख इस प्रकार है। गुन्नपल्ली अग्रहारम, श्री नरसिंह स्वामी मन्दिर, अमलापुरम्, आत्रेयपुरम् अग्रहारम, श्री शिव-केशव मन्दिर, पूर्वी गोदावरी, कोत्त अग्रहारम्, श्रीरामालयम्, विशाखापत्तनम्, राजूपेटा अग्रहारम्, नाथवरम्, विशाखापत्तनम्, थोपुगुंटाअग्रहारम् - श्रीराम देवस्थानम, नेल्लोर, कल्वापुडी अग्रहारम्, गुडिवाडा, कृष्णा जिला, कंदुरिवारी-अग्रहारम्, चिमाकुर्थी, प्रकाशम्, चेन्नुपल्ली अग्रहारम्, प्रकाशम्, पामिडिपाडु/मादिपाडु अग्रहारम, श्री वल्लभराय स्वामी मन्दिर, गुंटूर, मादिपाडु अग्रहारम्, श्री सोमेश्वर स्वामी मन्दिर, गुंटूर, रामनाम अग्रहारम् - श्री राम मन्दिर, गुंटूर नगरम्, लिङ्गमगुंटला अग्रहारम्, श्री हनुमान मन्दिर, नरसरावपेटा, मुथुपल्ली अग्रहारम् निज़ामपट्टनम, गुंटूर, सीना अग्रहारम्, श्री रामुलावरी राम मन्दिर, पिदुगुरल्ला, गुंटूर, हरिवनम अग्रहारम्, श्री गार्जिलिङ्गेश्वर-श्री अय्यामवारा मन्दिर, अदोनि, बोम्मावरम-अग्रहारम्, श्रीसीतारामअञ्जनेय देवस्थानम्, गोनेगंडला, मद्दिकेरा अग्रहारम्, श्री पक्कीरप्पा स्वामी मन्दिर, मद्दिकेरा पूर्व, कुरनूल, मद्दिकेरा अग्रहारम्, श्री कोडंडाराम स्वामी मन्दिर, मद्दिकेरा पूर्व, कुरनूल, चेरुकुगनुमा अग्रहारम्, श्री कनकदुर्गा- महाकाली मन्दिर, गणपवरम, अग्रहारा गोपावरम्, गणपवरम, पेन्नादा अग्रहारम, पालकोडेरु, वेंद्रा अग्रहारम्,

पलाकोडेरु, कनुरु अग्रहारम्, पेरावली, पश्चिम गोदावरी, कोथपल्ली अग्रहारम्, पेरावली, पश्चिम गोदावरी, चक्रपल्ली अग्रहारम्, श्री शिवालयम, बालाजीपेटा, विजयनगरम्, कलवराई अग्रहारम्, श्री वेंकटेश्वर-शिव मन्दिर, बोब्बिली, अग्रपति अग्रहारम्, बोंडापल्ले, गुलिविंददा अग्रहारम्, चीपुरुपल्ली, विजयनगरम्। इन के अतिरिक्त शतशः अग्रहार तेलङ्गाना में भी थे, वे सभी विविध कारणों से मलिक काफर के आक्रमण के साथ क्रमेण नष्ट किये गये। उन मन्दिरों का, वेदग्रामों का भूमि को भूमि के अपहारक लोग आत्मसात् कर लिये जिससे वेद का अश्रय, वेद पोषण तथा वेद अध्ययन समाप्त हो गया।

**सातवाहन राजवंश (आंध्र क्षेत्र एवं इन के अन्तर्गत अन्य स्थान)**

सातवाहन वंश (इसवीय पूर्व २री शताब्दी से इसवीय २री शताब्दी) दक्षिण भारत के आरंभिक वेद वेदाङ्ग विद्या-समर्थक राजवंशों में गिना जाता है। सिमुक (सिन्धुक अथवा श्रीमुख) सातवाहन (लगभग 230–207 ई.पू.) सातवाहन वंश के संस्थापक सिमुक को वेद वेदाङ्ग विद्या-समर्थक, धर्म-स्थापक माना गया है।नानेघाट अभिलेख परम्परा से यह सङ्केत मिलता है कि उसने शुंग-कालीन वेद अध्यायी विप्र परम्परा को दक्षिण में प्रतिष्ठित किया। श्री शातकर्णि प्रथम वैदिक यज्ञों का महान संरक्षक थे,वह इतिहास का पहला ऐसा राजा है जिसके श्रौत यज्ञों के विधिवत् आयोजन का स्पष्ट अभिलेखीय प्रमाण मिलता है। नानेघाट का रानी नागनिका शिलालेख में "अस्समेधो राजसूओ वाजपेओ अप्पधमं च" (उन्होंने अश्वमेध, राजसूय, वाजपेय तथा अन्य श्रौत यज्ञ सम्पन्न किए) उल्लेख के साथ श्री शातकर्णि द्वारा सम्पन्न यज्ञों की विस्तृत सूची दी गई है। नानेघाट पश्चिमी भारत के प्रमुख प्राचीन व्यापार मार्गों में से एक है, जो तटीय क्षेत्र को भीतरी इलाकों से जोड़ता है। नानेघाट जुन्नार से 34 किमी पश्चिम में स्थित है। जुन्नार आज का महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थित एक तालुका है, जो 2100 वर्ष पूर्व आन्ध्र राजाओं-सातवाहनों का समुद्र से जोडने हेतु व्यापार मार्ग था। इस शिलालेख का प्रारम्भ वैदिक देवता इन्द्र को प्रणाम अर्पित करने से होती है, इसके बाद सङ्कर्षण और वासुदेव को प्रणाम है। इसमें चार लोकपालों के नाम भी आते हैं, अर्थात् यम, वरुण, कुबेर और इन्द्र। नानेघाट शिलालेख का बहुत भाग नष्ट हो गया है। अथापि, उपलब्ध पाठ में अग्न्याधान, जैसे कई श्रौतप्रक्रिया का उल्लेख है, साथ ही राजाओं द्वारा किये गये श्रौत यज्ञ अनवरम्भनीय, अङ्गारिका, राजसूय, अश्वमेध (दो बार), सप्तदशातिरात्र, गर्गातिरात्र, गवामयन,

आप्तोर्याम, शतातिरात्र, अङ्गिरसामयन, वाजपेय आदि[८] का उल्लेख है। राजा शातकर्णि प्रथम ने वैदिक श्रौत परम्परा के अन्तर्गत अश्वमेध, राजसूय और वाजपेय यज्ञ सम्पन्न किए। नानाघाट शिलालेख में यह विषय अभिलेख रानी नागनिका द्वारा उत्कीर्ण कराया गया था, जैसे कि "सिरि-सातकण्णिस्स राजसूयं वाजपेयं अस्समेधं च कडइ"। सातवाहनों के शासन में वेद, यज्ञ, ज्योतिष और संस्कृत व्याकरण को आस्थान में बहुत महत्त्व मिला। नासिक और कार्ले के अभिलेखों से ज्ञात होता है कि राजाओं ने यज्ञ-यूप स्तंभ स्थापित कराए। विप्र विद्वानों को भूमि अनुदान और अन्नदान व्यवस्था की गई थी। गौतमीपुत्र शातकर्णि के समय में यजुर्वेदीय याज्ञिकों की प्रतिष्ठा बहुत उच्चतम थी[९]। गौतमीपुत्र शातकर्णि (लगभग 106–130 ई.) को सातवाहनों का सबसे शक्तिशाली एवं वैदिक-धर्मरक्षक सम्राट माना जाता है। नासिक प्रशस्ति (रानी गौतमी बलश्री द्वारा) वैदिक सामाजिक व्यवस्था और वेद अध्ययन एवं धर्म की रक्षा का सर्वाधिक प्रामाणिक अभिलेख है[१०]। यज्ञश्री शातकर्णी (लगभग 165–194 ई.) नाम ही यह सूचित करता है कि यज्ञ उनके शासन की केन्द्रीय अवधारणा थी। उनके सिक्कों पर यूप (यज्ञ स्तम्भ), अग्निकुण्ड, श्रौत प्रतीक अङ्कित हैं, जो राज्य द्वारा यज्ञ परम्परा के संरक्षण को दर्शाते हैं[११]।

## पल्लव राजाओं का विस्तार और वेद-परम्परा (लगभग 3री–9वीं शताब्दी ई.)

कांची के पल्लव केवल तमिळ प्रदेश[१२] तक सीमित नहीं थे, अपितु उनका राजनीतिक एवं सांस्कृतिक प्रभाव आज के आंध्र प्रदेश के विस्तृत भूभाग—विशेषतः वेंगी, नेल्लोर, प्रकाशम्, गुण्टूर

---

८ Naneghat Cave inscription of queen Naganika/Nayanika deciphered by Geoge Buhler. Bühler, G. 1883. A.S.W.I. Vol. 5: 60. 2. Gokhale, Shobhana. 2009. The Lord of Dakshinapatha. Mumbai: Reesha Books International. 3. Gokhale, Shobhana. 2019. Junnar Inscriptions. Pune: Bhandarkar Oriental Research Institute. 4. Mirashi, V. V. 1981. The History and Inscriptions of the Satavahanas and Western Kshatrapas. Mumbai: Maharashtra State Board for Literature and Culture. 5. Sircar, D. C. 1964. Select Inscriptions Bearing on Indian History and Civilization. Calcutta: University of Calcutta. 6. Shastri, A. M. 1998. The Satavahanas and the Western Kshatrapas: A Historical Framework. Nagpur: J. Dattsons.

९ Epigraphia Indica, Vol. I, VIII

१० Epigraphia Indica, VIII

११ P. L. Gupta, Coins of the Satavahanas.

१२ Pallavas of Kanchi, R Gopalan, Madras.

तथा कृष्णा घाटी—तक फैला हुआ था। प्रारम्भिक पल्लवों की सत्ता का केन्द्र आंध्र देश ही माना जाता है, जहाँ से आगे चलकर कांची उनकी राजधानी बनी। पल्लव शासक वैदिक परम्परा के संरक्षक तथा शिक्षा के प्रमुख पोषक थे। जयवर्मन् (लगभग 2री शताब्दी के उत्तरार्ध – 3री शताब्दी ई. का प्रारम्भ) को पल्लव वंश के आरम्भिक ज्ञात शासकों में गिना जाता है। आंध्र देश में उसका शासन क्षेत्र रहा। उसके काल में संस्कृत राजभाषा, ब्राह्मणिक अनुष्ठान तथा वैदिक परम्परा का प्रारम्भिक संस्थानीकरण दिखाई देता है। अभिलेखीय परम्परा उसे धर्मनिष्ठ एवं समर्थक शासक के रूप में प्रस्तुत करती है। अक्टिवर्मन् (अक्टिवर्मन् I) (लगभग 3री शताब्दी ई.) पल्लव वंश का एक महत्त्वपूर्ण प्रारम्भिक राजा था, जिसका शासन आंध्र देश में केन्द्रित था। गोरंट्ला ताम्र शासन में उल्लेख है कि वह कोटिशर्मन् नामक चतुर्वेदवित् विप्र को गोरंट्ला अग्रहार[१३] का दान वेद अध्ययन परम्परा को आगे बढाने के उद्देश्य से दान दिया था। वह श्रौत यज्ञों का अनुयायी था तथा ब्राह्मणों को भूमि-दान दिया। उसके नाम के साथ वैदिक आचार और राजधर्म की निरन्तरता जुडी हुई है। शिवस्कन्दवर्मन् (लगभग 3री शताब्दी ई.) प्रारम्भिक पल्लवों का सर्वाधिक प्रसिद्ध शासक था। उसके मयिदवोलु और हीरहडगली ताम्रपत्र आंध्र देश में प्राप्त हुए हैं। वह स्वयं को अग्निष्टोम, वाजपेय, अश्वमेध आदि यज्ञों का कर्ता बताता है और वेदपाठी ब्राह्मणों को अग्रहार दान देकर वेदाध्ययन का संस्थागत संरक्षण करता है। बुद्धवर्मन् (3री शताब्दी ई.) के काल में पल्लवों की वैदिक नीति निरन्तर बनी रही। आंध्र प्रदेश में ब्राह्मण अग्रहारों और यज्ञीय परम्पराओं की निरन्तरता के सङ्केत मिलते हैं। विष्णुगोप (लगभग 4थी शताब्दी ई.) का उल्लेख समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति में है। वह आंध्र–तमिळ सीमा क्षेत्र का शासक था और वैदिक राजधर्म का पालन करता था। सिंहवर्मन् I – स्कन्दवर्मन् II (4थी–5वीं शताब्दी ई.) इन शासकों के काल में पल्लव सत्ता कांची की ओर स्थानान्तरित होती है, परन्तु दक्षिण आंध्र पर उनका अधिकार बना रहता है। संस्कृत अभिलेख, ब्राह्मण दान और वेदाध्ययन की परम्परा जारी रहती है।

आंध्र प्रदेश में ही पल्लवों की वैदिक राजनीतिक चेतना विकसित हुई, जो आगे चलकर कांची से सम्पूर्ण दक्षिण भारत में प्रसारित हुई। पल्लवों ने वेदों के अध्ययन, यज्ञीय परम्परा और वैदिक संस्थाओं को राजाश्रय देकर दीर्घकाल तक सुरक्षित रखा।

---

१३ Gorantla Grant of Activarman, Indian Antiquary, Vol. No. IX.Pg. 109.

**विष्णुकुण्डिन् (क्रि. श.375-612) राजाओं का शासन काल**

बादामी चालुक्य (६ठी–८वीं शताब्दी) के शासन से पूर्व स्वल्प काल के लिए आंध्रा में विष्णुकुण्डिन् राजाओं का शासन राहा । विष्णुकुण्डिन् राजाओं ने वैदिक धर्म का पूर्ण रूप से पालन किया और इन की राज्य लेख भाषा संस्कृत थी। माधव वर्मा चतुर्थ (555-572) का पोलमूरू ताम्र पट्ट[१४] विष्णुकुण्डिन् राजाओं में से उत्कृष्ट ताम्र पट्ट शासन रहा है। माधव वर्मा ने अपने शासन काल में 11 अश्वमेध, 1000 अग्निष्टोम, सर्वमेध, पौण्डरीक, वाजपेय, 16 राजसूय यज्ञों का आयोजन किया। विक्रमेन्द्रवर्मा द्वितीय (555-572) का चिक्कुल ताम्र पट्ट में स्वयं राजा द्वारा स्थापित घटिका स्थान (उस समय के दक्षिण भारत के उच्च वैदिक शिक्षा केन्द्र) के विषय में उल्लेख है[१५]।

**वेंगी चालुक्य राजवंश (वेंगी-आंध्र तैलंग-क्षेत्र) (7वीं–12वीं शताब्दी ई.)**

वेंगी चालुक्य राजवंश, जिसे इतिहास में पूर्वी चालुक्य (Eastern Chalukyas) कहा जाता है, का शासन क्षेत्र वेंगी देश था—जो आज के आंध्र प्रदेश एवं तैलंग क्षेत्र (गोदावरी–कृष्णा दोआब) में फैला हुआ था। यह राजवंश बादामी के चालुक्यों की शाखा थी और आरम्भ से ही वैदिक-परम्परा का दृढ संरक्षक रहा।

बादामी चालुक्य (६ठी–८वीं शताब्दी) और काल्याणी चालुक्य (१०वीं–१२वीं शताब्दी) दोनों ने वेद परम्परा को सुदृढ किया। पुलकेशिन् द्वितीय (610–642 ई.) का आंध्र क्षेत्र पर नियंत्रण वेंगी–अलमपुर (आज का मेहबूब नगर) तक विस्तृत था। कुब्ज विष्णुवर्धन (लगभग 624–641 ई.) पुलकेशिन् II का भाई, वेंगी में पूर्वी चालुक्य सत्ता का संस्थापक था। **कुब्ज विष्णुवर्धन** (7वीं शताब्दी ई.) के चेदल्लूर (Chebrolu) **ताम्रपत्र** से यह प्रमाणित[१६] होता है कि वेंगी देश में ब्राह्मणों को अग्रहार दान देते समय उनकी पहचान **गोत्र, प्रवर और वेद-शाखा** के आधार पर की जाती थी, जिससे यह स्पष्ट है कि वेदाध्ययन राज्याश्रय में संस्थागत रूप से सञ्चालित था, वेंगी क्षेत्र में वेदपाठी ब्राह्मणों के निवास इसी काल से सुदृढ होते हैं[१७]। अलमपुर (नवब्रह्म) मन्दिर-समूह से

[१४] Polamuru Plates, JAHRS Vol.VI.17

[१५] Epigraphia Indica, Vol. IV, pg 196

[१६] Also see Chipuripalle Grant of Kubja Vishnu Vradhanan. Indian Antiquary Vol XX, pg 16.. इस में गौतम गोत्र के विष्णु शर्मा एवं माधव शर्मा नामक दो विप्रों को, जो तैत्तिरीय शाखा के वेदपाठी थे, उन को भूमि दान का उल्लेख है।

[१७] Epigraphia Indica, Vol. X

सम्बद्ध चालुक्य अभिलेखों[१८] में ब्राह्मणों को अग्रहार दान का उल्लेख मिलता है। यह स्पष्ट करता है कि दान का उद्देश्य वेदाध्ययन एवं श्रौत कर्म था। चालुक्य शिलालेखों में "अग्रहार ग्राम" का उल्लेख मिलता है, जहाँ ब्राह्मणों को भूमि देकर वेदाध्ययन कराया जाता था। ऐहोळे, अलमपुर और पट्टदकल के मन्दिरों में वेदपाठी गुरुकुलों के प्रमाण मिलते हैं। इन विद्यालयों में छन्दस्, कल्पसूत्र, व्याकरण और मीमांसा की शिक्षा दी जाती थी। विक्रमादित्य चालुक्य के दरबार में अनेक विद्वान आचार्य थे, जिन्होंने वेदान्त पर ग्रन्थों की रचना की। इन्द्रभट्टारक के विजयवाड़ा क्षेत्र से प्राप्त अभिलेख[१९] में राजा को "श्रौतस्मार्तधर्मपरायणः" कहा गया है, जो इस तथ्य का प्रमाण है कि वेंगी चालुक्य शासक न केवल स्मार्त धर्म बल्कि श्रौत वैदिक यज्ञ परम्परा के भी संरक्षक थे । जयसिंह प्रथम (७वीं शताब्दी) काल में राजमहेंद्रवरम् वैदिक अध्ययन[२०] का प्रमुख केन्द्र बना, निरन्तर आधुनिक समय तक यह विद्या केन्द्र बना रहा। राजराज नरेंद्र (1022–1061 ई.) पूर्वी चालुक्यों का महान् शासक तथा स्वयं वैदिक-धर्म संरक्षक था। उसने अपने ताम्रपत्र में "वेदमार्गप्रतिष्ठापनाय वेदवेदाङ्गाध्ययनार्थं बहवो ग्रामाः प्रदत्ताः" ऐसा उल्लेख[२१] किया है। विष्णुवर्धन द्वितीय के पिठापुरम् ताम्रपत्र (8वीं शताब्दी ई.) में दानग्राही ब्राह्मणों को स्पष्ट रूप से ऋग्वेदी, यजुर्वेदी और सामवेदी कहा गया है तथा उनके अध्ययन-अध्यापन हेतु भूमि दान का उल्लेख मिलता है, जिससे वेंगी क्षेत्र में पूर्ण वेद सस्वर वैदिक परम्परा के जीवित रहने की पुष्टि होती है। चालुक्य भीम के समय में जारी कोळवेण्णु ताम्र शासन उल्लेख करता है कि कोळवेण्णु अग्रहार में वेदक्रमपाठी कोमण्ण तथा उन के पूर्वज भी निरन्तर वेद क्रमपाठी रहे, यह भी उल्लेख[२२] है। गुणग विजयादित्य (9वीं शताब्दी ई.) के ताम्रपत्रों में उसके द्वारा सम्पन्न अग्निष्टोम एवं सोमयाग जैसे श्रौत यज्ञों का उल्लेख है तथा दान के उद्देश्य में "वेदाध्ययननिरतानां ब्राह्मणानां पालनार्थम्" वाक्य आता है, जो यह सिद्ध करता है कि दान का मुख्य प्रयोजन वेदाध्ययन का संरक्षण था। चालुक्य भीम प्रथम (10वीं शताब्दी ई.) के द्राक्षारामम् अभिलेख में मन्दिर से सम्बद्ध ब्राह्मणों को वेदपाठी कहा गया है और उनके भरण-

---

[१८] South Indian Inscriptions, Vol. IX (Alampur Inscriptions, अलमपुर शिलालेख (संस्कृत, अंश): "वेदविदां ब्राह्मणानां वेदाध्ययनयजनयाजनार्थम् अग्रहारग्रामः प्रदत्तः"

[१९] Epigraphia Indica, Vol. XII

[२०] राजमहेंद्रवरम् अभिलेख, "ऋग्यजुःसामवेदपारगैः ब्राह्मणैः अलंकृतं नगरम्", यह तीन वेदों के अध्ययनरत ब्राह्मणों की उपस्थिति का प्रमाण है। South Indian Inscriptions, Vol. X

[२१] Epigraphia Indica, Vol. XXV

[२२] South Indian Inscriptions, Vol. I, Pg. 45

पोषण की व्यवस्था का उल्लेख है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वेंगी क्षेत्र में मन्दिर केवल पूजा-स्थल नहीं, बल्कि वेदपाठशालाओं के केन्द्र भी थे। चालुक्य–चोल परम्परा के शासक कुलोत्तुंग-चोल प्रथम के वेंगी-सम्बद्ध अभिलेखों में वहाँ के ब्राह्मणों को "चतुर्वेदविदः" कहा गया है, जो यह प्रमाणित करता है कि 11वीं–12वीं शताब्दी तक वेंगी प्रदेश में चारों वेदों[२३] की परम्परा अक्षुण्ण बनी रही। कुलोत्तुंग-चालुक्य (११वीं–१२वीं शताब्दी) के काल का परिशीलन से पता चलता है कि चालुक्य–चोल सन्धि काल में भी आंध्र में पूर्ण शाखा वेदाध्ययन निर्बाध रहा, कृष्ण यजुर्वेद पर विशेष अध्ययन रहा। वेंगी अभिलेख में "अग्निहोत्रपरायणानां श्रौतयज्ञानुष्ठाननिरतानां द्विजानां भरणार्थम्" उल्लेख से यह श्रौत यज्ञों के सतत आयोजन का प्रमाण मिलता है[२४]। नीलकण्ठशास्त्री[२५] के उल्लेख अनुसार अलमपुर - अलमपुर के नवब्रह्म मन्दिर समूह चालुक्यकाल में केवल पूजा-स्थल नहीं, बल्कि वेदपाठी गुरुकुल, वेदाङ्ग शिक्षा तथा आंध्र का वैदिक शिक्षा-केन्द्र, श्रौत यज्ञ का प्रमुख केन्द्र थे।

**विजयनगर साम्राज्य (१३३६–१६४६ ई.)**

विजयनगर साम्राज्य ने वैदिक और दार्शनिक परम्परा को पुनर्जीवित किया। संस्थापक हरिहर और बुक्क राय ने अपने गुरु श्रीविद्यारण्य स्वामी के मार्गदर्शन में शासन किया। विद्यारण्य स्वामी ने "वेदाध्ययन को राष्ट्रधर्म" घोषित किया और यह सिद्धान्त स्थापित किया कि "वेद ही राज्य की आत्मा" है। विजयनगर राजा हरिहर प्रथम (1336–1356 ई.) ने आंध्र क्षेत्र में वैदिक परम्परा की नींव का बलवर्धन किया। तिरुपति (श्रीवेंकटेश्वर मन्दिर) प्रारम्भिक अभिलेख में "वेदमार्गप्रतिष्ठापनार्थं ब्राह्मणेभ्यः करमुक्तग्रामाः प्रदत्ताः" उत्कीर्ण है। इस से स्पष्ट है कि तिरुपति में एवं समीप में "वेदमार्ग की स्थापना हेतु ब्राह्मणों को कर-मुक्त ग्राम देकर वेद का प्रसार एवं प्रचार कराया गया।" हम्पी, तिरुपति, वेंकटगिरि, कालहस्ती, राजमहेन्द्रवरम्, सिंहाचलम् आदि स्थानों में वेदपाठी ब्राह्मणों को राजाश्रय मिला। बुक्क राय प्रथम (1356–1377 ई.) ने शृङ्गेरी परम्परा के साथ-साथ आंध्र के वैष्णव-वैदिक केन्द्रों को भी संरक्षण दिया। श्रीकालहस्ति अभिलेख (आंध्र) में "त्रिकालवेदपारायणनिरतानां द्विजानां भरणाय वेदवृत्तिः स्थापिता[२६]" उल्लिखित कर इन के योगदान को सराहा गया।

---

[२३] Epigraphia Indica, Vol. XXII

[२४] South Indian Inscriptions, Vol. XI

[२५] K. A. Nilakanta Sastri, History of South India

[२६] Epigraphia Indica, Vol. XII

यह "वेदवृत्ति" (नियमित भत्ता) की स्पष्ट राजा द्वारा प्रवर्तित योजना का प्रमाण है। विजयनगर के हम्पी, तिरुपति, काञ्चीपुरम्, श्रीरङ्गम् और माधवपुरम् आदि नगर वैदिक अध्ययन के महान केन्द्र बने। वेदवृत्ति योजना से वेद आचार्यों को नियमित भत्ता और करमुक्त भूमि दी जाती थी। शृङ्गेरी शारदा पीठ, कांची कामकोटि पीठ और अहोबिल मठ को विशेष संरक्षण प्राप्त था। यह काल दक्षिण भारत में वेद और वेदाङ्गों के अध्ययन का स्वर्णयुग कहा जा सकता है। कृष्णदेवराय (1509–1529 ई.) का समय आंध्र प्रदेश में विजयनगर वैदिक परम्परा का स्वर्णकाल था। तिरुपति ताम्रपत्र के अनुसार, "वेदवेदाङ्गाध्ययनार्थं ब्राह्मणानां बहवो ग्रामाः प्रदत्ताः[२७]" इस उक्ति से यह स्पष्ट है कि वेद, व्याकरण, मीमांसा, कल्प आदि का योजनाबद्ध रूप से अध्ययन कराया जाता था। अहोबिलम् (कुरनूल ज़िला) – वैदिक–श्रौत अध्ययन शाला घटिकास्थान विजयनगर शासकों द्वारा संरक्षित प्रमुख वैदिक स्थल था। अहोबिलम्[२८] शिलालेख (कृष्णदेवराय काल) में उल्लिखित है- "श्रौतयज्ञानुष्ठाननिरतानां अग्निहोत्रपरायणानां ब्राह्मणानां भरणार्थम्"। यह पङ्क्तियाँ श्रौत यज्ञ, अग्निहोत्र और सोमयाग परम्परा के संरक्षण का प्रमाण है। सिंहाचलम्[२९] (विशाखापत्तनम्) पूर्वी आंध्र का वैदिक–वैष्णव केन्द्र, जहाँ विजयनगर कालीन नरसिंह भगवान् विराजित है, वहाँ के सिंहाचलम् अभिलेख में "छन्दःकल्पव्याकरणमीमांसाशिक्षासहितं वेदाध्ययनं प्रवर्तते" ऐसे उल्लेख है- यह वाक्य वेदाङ्गों सहित वेद शिक्षा को स्पष्ट रूप से प्रमाणित करता है।

### विजयनगर साम्राज्य में सायणाचार्य, वेदभाष्य-रचना और वैदिक परम्परा

विजयनगर साम्राज्य (१४वीं–१६वीं शताब्दी) का काल दक्षिण भारत में वेदों के संरक्षण, व्याख्या और संस्थागत विस्तार का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण काल माना जाता है। इस युग में वैदिक परम्परा केवल अनुष्ठान तक सीमित न रहकर शास्त्रीय व्याख्या (भाष्य), लिप्यन्तरण और शैक्षिक सङ्गठन के रूप में विकसित हुई।

### सायणाचार्य और वेदभाष्य-परम्परा

सायणाचार्य (१४वीं शताब्दी) विजयनगर काल के सर्वाधिक प्रतिष्ठित वैदिक विद्वान थे। वे विद्यारण्य स्वामी के भ्राता तथा हरिहर–बुक्क राजाओं के आश्रित वेद आचार्य थे। सायणाचार्य द्वारा रचित भाष्य वाङ्मय - ऋग्वेद, यजुर्वेद (कृष्ण व शुक्ल), सामवेद और अथर्ववेद के भाष्य आज भी

---

[२७] Epigraphia Indica, Vol. XXII

[२८] South Indian Inscriptions, Vol. XIV

[२९] Epigraphia Indica, Vol. XXVIII

विश्व-स्तर पर वेदों की मानक व्याख्या माने जाते हैं। इन भाष्यों की रचना का कार्य विजयनगर के संरक्षण में, श्रृङ्गेरी परम्परा[३०] और तमिळ-आंध्र–कर्णाटक क्षेत्र के विद्वानों के विद्वत्सहयोग से सम्पन्न हुआ। इससे यह सिद्ध होता है कि विजयनगर साम्राज्य वेदों की रक्षा (संरक्षण) ही नहीं, बल्कि उनके व्यवस्थापन[३१] का भी केन्द्र था।

## वेदभाष्य-संरचना और वेद-रक्षा

विजयनगर शासन में वेदों के पाठ, भाष्य, प्रतिलिपि-निर्माण और शिक्षण की समन्वित व्यवस्था थी। वेदवाङ्मय को संरक्षण हेतु उन्हें मठों और मन्दिरों से सङ्ग्रह कर नित्य वेदपाठ से पाठशालाओं में संरक्षित किया गया। श्रृङ्गेरी शारदा पीठ, अहोबिलम्, तिरुपति, श्रीकालहस्ति और सिंहाचलम् जैसे केन्द्रों में वेदपाठ, भाष्य-अध्ययन और श्रौत यज्ञ निरन्तर रूप से चलते थे।

## आंध्र–कर्णाटक की समान लिपि और विद्या-परम्परा

विजयनगर काल में आंध्र और कर्णाटक क्षेत्रों में समान अथवा अत्यन्त सदृश लिपि-परम्परा[३२] (तेलुगु–कन्नड मिश्रित वर्तुलाकार लिपि शैली) का प्रयोग होता था। यही कारण है कि अनेक वैदिक पाण्डुलिपियाँ आंध्र और कर्णाटक — दोनों क्षेत्रों में समान पाठ-परम्परा के साथ सुरक्षित रहीं। इससे वैदिक विद्या का क्षेत्रीय एकीकरण सम्भव हुआ।

---

३० श्रृङ्गेरी शारदा पीठ अभिलेख (१४वीं शताब्दी), विजयनगर संस्थापक हरिहर–बुक्का द्वारा श्रृङ्गेरी मठ को दान सम्बन्धी अभिलेखों में विद्यारण्य और सायणाचार्य का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। "श्रीमद्विद्यारण्यतीर्थशिष्येण सायणाचार्येण समस्तवेदभाष्यप्रणयनार्थं एषा वृत्तिः स्थापिता" सायणाचार्य द्वारा समस्त वेदों के भाष्य-रचना हेतु यह वेदवृत्ति स्थापित की गई। Epigraphia Indica, Vol. XII; South Indian Inscriptions (SII), Shringeri Section

३१ वेद-रक्षा और वेदवृत्ति व्यवस्था : आंध्र क्षेत्र के शिलालेख श्रीकालहस्ती शिलालेख (बुक्क राय प्रथम, 14वीं शताब्दी), "त्रिकालवेदपारायणनिरतानां ब्राह्मणानां भरणार्थं वेदवृत्तिः स्थापिता" त्रिकाल वेदपाठ करने वाले ब्राह्मणों के भरण-पोषण हेतु वेदवृत्ति स्थापित की गई।SII, Vol. IV (Andhra Inscriptions).

३२ आंध्र–कर्णाटक समान लिपि एवं वैदिक परम्परा, हम्पी–तिरुपति अभिलेखों की लिपि विजयनगर कालीन अभिलेखों में तेलुगु–कन्नड मिश्रित ग्रंथलिपि प्रयुक्त हुई है, जिससे दोनों क्षेत्रों में वेद-पाठ की एकरूपता सिद्ध होती है। South Indian Inscriptions, Vols. I–X. K. A. Nilakanta Sastri, The Vijayanagar Empire. "The uniformity of script and Vedic terminology across Andhra–Karnataka indicates a shared śrauta culture."

**कृष्णयजुर्वेदियों का बाहुल्य और यज्ञ-परम्परा**

विजयनगर साम्राज्य, विशेषतः आंध्र प्रदेश में, कृष्णयजुर्वेद (तैत्तिरीय शाखा) के अनुयायियों का बाहुल्य था। श्रौत यज्ञों, सोमयाग, अग्निहोत्र, दर्श–पूर्णमास और राजसूय जैसे अनुष्ठानों में मुख्य रूप से कृष्णयजुर्वेद संहिता और कल्पसूत्रों का प्रयोग किया जाता था। यह परम्परा तिरुपति, अहोबिलम्, श्रीकालहस्ति और राजमंड्री जैसे केन्द्रों में स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होती है।

**काकतीय राजवंश के समय वेद-वेदाङ्ग अध्ययन व्यवस्था** (12**वीं**–13**वीं शताब्दी**)

काकतीय वंश की राजधानी प्रारम्भिक काल में **अनुमकोंडा (हनुमकोंडा)** रही, जो आगे चलकर **ओरुगल्लु अथवा एकशिलानगरी (आधुनिक वारंगल)** के रूप में उनकी स्थायी राजनीतिक और सांस्कृतिक राजधानी बनी। काकतीय वंश के प्रारम्भिक शासक **प्रोलराज प्रथम (लगभग** 1095–1110 **ई.**) के समय से ही वैदिक धर्म और वेद प्रधान शासन तन्त्र को संरक्षण दिया जाने लगा। हनुमकोंडा क्षेत्र से प्राप्त शिलालेखों में वेद पाठियों को भूमि-दान तथा यज्ञानुष्ठान के उल्लेख मिलते हैं, जो वेदाध्ययन की परम्परा के प्रारम्भिक स्वरूप को दर्शाते हैं। **रुद्रदेव (प्रोलराज द्वितीय, लगभग** 1158–1195 **ई.**) के शासनकाल में काकतीय शक्ति का विस्तार हुआ और वैदिक शिक्षा को सुदृढ़ राजाश्रय प्राप्त हुआ। ई. 1163 के प्रसिद्ध **हनुमकोंड स्तम्भ लेख** में चतुर्वेदविद् एवं षड्वेदाङ्गपारग विप्रों का उल्लेख है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उस काल में वेदों और वेदाङ्गों का सङ्गठित अध्ययन-अध्यापन प्रचलित था।

